रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 27 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-126 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### बिहार में छात्रों पर लाठी चार्ज नाकामयाबी छिपाने का प्रयास : राहुल-प्रियंका




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लीक हुए पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज की कड़ी निंदा करते हुए सरकार पर नाकामयाबी छिपाने के लिए छात्रों पर बल प्रयोग करने का आरोप लगाया है। गांधी ने कहा मैंने संसद में कहा था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटवाया गया था उसी तरह पेपर लीक करवाकर युवाओं का अंगूठा काटा जाता है।इसका ताज़ा उदाहरण बिहार है। बीपीएससी अभ्यार्थी पेपर लीक के ख़िलाफ़ आवाज़ उठा रहे हैं और एग्जाम को रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

### झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सम्मेलन के छठे संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत केंद्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याण के लिए उठाए गए उपायों पर प्रकाश डालना और इन प्रयासों के लिए वित्तीय सहायता जुटाना है। सिंह झंडा दिवस कोष में प्रमुख रूप से योगदान देने वाले दानदाताओं को सम्मानित भी करेंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सचिव ईएसडब्ल्यू डॉ. नितेन चंद्रा, दानदाता, पूर्व सैनिक, रक्षा सेवा कर्मी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

### लोक सभा चुनाव में नोटा को पड़े थे 0.99 प्रतिशत वोट, आयोग ने जारी किये आंकड़े




**नयी दिल्ली।** लोक सभा के पिछले चुनाव में ईवीएम पर कुल 63 लाख 71 हजार 839 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया जो कुल पड़े वोट का करीब एक प्रतिशत (0.99 प्रतिशत) रहा। वर्ष 2019 के आम चुनाव में नोटा का बटन दबा कर अपने क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों के प्रति अस्वीकृति दर्ज कराने वाले मतदाताओं का अनुपात 1.06 प्रतिशत था। इस बार लोक सभा चुनाव में पंजीकृत ट्रांसजेंडर मतदाताओं मतदाताओं से में एक चौथाई से कुछ अधिक (27.09 प्रतिशत )ही वोट देने आए। विश्व में लोकतंत्र सबसे बड़े महोत्सव से जुड़े ऐसे तमाम रोचक आंकड़े भारतीय चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी विस्तृत सांख्यिकी रिपोर्ट में दिये गये हैं।

# नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हां या ना की स्थिति बरकरार

## महापौर तथा अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया अब 7 जनवरी को

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

हाल ही में संपन्न हुए विधनसभा सत्र के दौरान पारित किए गए विधेयक के बाद से राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों को लेकर हां या ना की स्थिति बनी हुई है। इसी क्रम में महापौर तथा अध्यक्षों के लिए होने वाली प्रक्रिया फिलहाल टाल दी गई है। राज्य में नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया अब 7 जनवरी 2025 को संपादित की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पूर्व में इसके लिए 27 दिसम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से 27 दिसम्बर को होने वाली आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित करते हुए नई तारीख निर्धारित की गई है। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 7 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से आरक्षण की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने पुनः आदेश जारी किया है। आरक्षण की कार्यवाही के अवलोकन के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रह सकते हैं। आरक्षण के लिए निर्धारित की गई तिथि के परिवर्तन के बाद एक बार फिर निकाय चुनाव के कुछ दिन आगे टलने के दावों पर फिलहाल मुहर लगते दिख रहा है।



संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास
इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर

क्रमांक/शा–1/विविध/6753/2024/9201 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 26.12.24

सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 में होने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका (महापौर तथा अध्यक्ष के पद का आरक्षण) नियम 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों के पदों का आरक्षण दिनांक 27.12.2024 दिन शुक्रवार पूर्वान्ह (प्रातः 10:30 बजे से) पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साईंस कॉलेज परिसर रायपुर, जिला–रायपुर में सम्पादित किया जाना था, अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। उक्त कार्यवाही दिनांक 07.01.2025 दिन मंगलवार को पूर्व नियत स्थल एवं समय पर सम्पादित की जाएगी। अतः कार्यवाही के अवलोकन हेतु इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित रह सकते हैं।

संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर

पृ.क्र./शा–1/विविध/6753/2024/9202 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 26.12.24
प्रतिलिपि :–
1. आयुक्त, जनसंपर्क संचालनालय, छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर, उपरोक्त विज्ञप्ति को समाचार पत्र में प्रकाशित कराने हेतु।
2. समस्त आयुक्त, नगर पालिक निगम/समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को नोटिस बोर्ड में प्रकाशनार्थ एवं प्रकाशन उपरान्त प्रति उपलब्ध कराने हेतु।

संचालक
नगरीय प्रशासन एवं विकास
छ.ग. नवा रायपुर अटल नगर

### निकाय चुनाव और भ्रमित वोटर ?

राज्य में नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है, इस बीच यह चर्चा थी कि 31 दिसम्बर को चुनावों की तिथि घोषित कर दी जाएगी। लेकिन आरक्षण की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण फिलहाल चुनाव की तारीख आगे बढ़ते दिख रही है। वर्तमान में निकाय चुनाव को लेकर इतना भ्रम पैदा हो चुका है कि कई समाचार पत्रों की खबरें जनता के बीच झूठी साबित हो चुकी हैं। कुछ समाचार पत्रों ने निकाय चुनाव छः माह टल जाने की खबरें प्रकाशित कीं, तो कुछ ने 21 दिसम्बर से आचार संहिता लगने की खबरें भी प्रकाशित की। लेकिन निकाय चुनाव को लेकर अब तक की तमाम खबरों का दम निकल चुका है। अब नई तारीख को लेकर चारों ओर फिर चर्चाएं शुरु हो गई हैं। माना जा रहा है कि महापौरों और अध्यक्षों के आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न होते ही चुनाव की तिथि घोषित कर दी जाएगी। वहीं दूसरी ओर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव द्वारा पेश किए विधेयक की भी जमकर चर्चा हो रही है। आम वोटरों का मानना है कि जब चुनाव समय पर सम्पन्न होने जा रहे हैं, तो छः माह तक के लिए प्रशासक नियुक्त करने की आवाश्यकता क्यों महशूश की गई? इससे संबंधित विधेयक क्यों पारित किए गए? जबकि पंजाब और अन्य कुछ राज्यों में इसी तरह के विधेयक को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही नाराजगी जताई थी, तो फिर छत्तीसगढ़ को उसी रास्ते पर चलने की जरुरत क्यों आ पडी? ऐसे तमाम सवाल इन दिनों आम वोटरों के जेहन में घूम रहे हैं। बहरहाल इन सवालों का जवाब निकाय चुनाव के तिथियों के ऐलान होने के बाद ही मिल सकेगा।

### नेता प्रतिपक्ष ने राज्यपाल को लिखा पत्र



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका को पत्र में लिखा है जिसमें कहा गया है कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र दिसंबर 2024 द्वारा पारित विधेयक क्रमांक 11 तथा 12 वर्ष 2024 संविधान विरूद्ध होने के कारण उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र दिसंबर 2024 में 19 दिसंबर को दो विधेयक पारित किये गये हैं।

01. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 11 सन् 2024)

02. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 12 सन् 2024),चरणदास महंत ने कहा कि, उपरोक्त दोनो विधेयको पर विधानसभा द्वारा विचार प्रारंभ किये जाने के पूर्व ही विपक्ष के द्वारा दोनो विधेयको के संविधान के विरूद्ध होने के तथ्य की ओर ध्यान आकर्शित कराते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) के विरूद्ध होने का कथन किया गया था, और माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा राइट पेटीसन (सी) नं. 278 ऑफ 2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2022 का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया गया था कि दोनों विधेयकों के कतिपय प्रावधान संविधान के विरुद्ध होने के कारण इन पर प्रस्तुत रूप में विचार करने में सदन के समक्ष नहीं होने का भी कथन किया गया, परन्तु दोनों विधेयकों को पारित कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने अपने पत्र में उपरोक्त दोनों विधेयकों की प्रतिलिपि माननीय उच्चतम न्यायलय के उपरोक्त आदेश की प्रतिलिपि तथा भारत के सविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) की प्रति (अंग्रेजी तथा हिंदी में) सलंग्न की है। भारत का संविधान के अनुच्छेद 243-प (3) (क) में यह आदेशात्मक प्रावधान है कि नगरपालिका की पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के पूर्व नगरपालिका के गठन के लिए निर्वाचन किया जायेगा परन्तु उपरोक्त दोनों विधेयकों के पारित होने के पश्चात् अधिनियक बन जाने पर पांच वर्ष के अवधि के पूर्व नया निर्वाचन करने की बाध्यता समाप्त होकर 6 माह की अतिरिक्त अवधि अनुज्ञेय हो जाएगी। अतः यह संविधान के उक्त प्रावधान के प्रभाव को निष्प्रभावी करने वाला संशोधन होगा। जो पूरी तरह से असंवैधानिक है।

# आज से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत छत्तीसगढ़ प्रवास पर

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 27 से 31 दिसंबर तक रायपुर प्रवास पर रहेंगे। सरसंघचालक का यह संगठनात्मक प्रवास है। इस दौरान वह अलग-अलग सत्र में कार्यकताओं व वरीय अधिकारियों के साथ संगठन के दृढीकरण पर चर्चा करेंगे। 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025-26 में अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके निमित्त देश के अलग-अलग प्रांतों में सरसंघचालक का प्रवास हो रहा है। इस प्रवास में संबंधित प्रांत में संगठनात्मक कार्यों पर वह चर्चा करते हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठनात्मक विषयों व शताब्दी वर्ष पर चलने वाले कार्यक्रमों पर वह संगठन के अधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे।

### विभिन्न सत्र में लेंगे बैठक

डॉ मोहन भागवत अपने प्रवास के दौरान विषय आधारित विभिन्न बैठकों में संगठनात्मक कार्यों की चर्चा करेंगे। सरसंघचालक की इन बैठकों में कार्य विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों के गुणात्मक विकास पर विशेष रूप से चर्चा होगी। वह पंच परिवर्तन स्व का बोध, सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल विकास व नागरिक कर्तव्य पर चर्चा करेंगे। संघ ने शताब्दी वर्ष में प्रत्येक गांव व शहरी क्षेत्र तक शाखा के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सरसंघचालक का प्रवास छत्तीसगढ़ में संघ कार्य को सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के महिला मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को छलने और महिला सम्मान के नाम पर झूठी तसल्ली देने का आरोप लगाया। मोर्चा की अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह, मोर्चा की प्रभारी श्याम बाला, प्रदेश प्रवक्ता एवं निगम पार्षद शिखा राय, मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष शिखा माथुर, संगीता चौधरी, रेखा सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुयीं। प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को पार कर रही महिलाओं में मिश्रा सहित कई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और उन्हें मंदिर मार्ग थाने ले गई जहां उन्हें चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा किया है और फर्जी योजना की घोषणा की है।

# स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे मोदी

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरूवार को यहां बताया कि सर्वेक्षण की नवनीतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में घरों के मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की थी। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण को सक्षम करने, संपत्ति से संबंधित विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने और व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना को सक्षम करने में भी मदद करती है। अभी तक 3 लाख दस हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। अब तक लगभग डेढ लाख गांवों के लिए लगभग 2 करोड 20 लाख संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। यह योजना त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों तथा कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

### इतिहास से वर्तमान तक युवा ऊर्जा ने देश की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक युवा ऊर्जा ने हमेशा भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और बलिदान की याद में वीर बाल दिवस की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन गया है। इस दिन ने कई बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस के लिए प्रेरित किया है। मोदी ने वीरता, नवाचार, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी, खेल और कला के क्षेत्र में आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किए गए 17 बच्चों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के पुरस्कार विजेता भारत के बच्चों और युवाओं की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गुरुओं और वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुरस्कार विजेताओं और उनके परिवारों को बधाई भी दी। वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के लिए उनकी वीरता की गाथा को जानना जरूरी है और इसलिए उन घटनाओं को याद करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि तीन शताब्दी पहले आज ही के दिन वीर साहिबजादों ने कम उम्र में अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ प्रदर्शन करने पर अन्नाद्रमुक, भाजपा नेता गिरफ्तार

वार्ता चेन्नइ
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डी जयकुमार समेत कई नेताओं तथा भाजपा की तमिलनाडु इकाई की पूर्व अध्यक्ष तमिलिसाई सुंदरराजन समेत पार्टी के कई नेताओं को सरकारी अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में एक छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न की घटना के विरोध में प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा, 'दोनों पार्टियों के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बिना पूर्व अनुमति के आंदोलन किया, इसलिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जहां अन्नाद्रमुक ने मुख्य सरदार पटेल रोड पर अन्ना विश्वविद्यालय परिसर के सामने प्रदर्शन किया, जिससे सामान्य यातायात बाधित हो गया, वहीं भाजपा ने वल्लुवर कोट्टम के सामने प्रदर्शन किया और इसका नेतृत्व सुंदरराजन ने किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान अन्नाद्रमुक नेताओं ने सत्तारूढ़ द्रमुक की निंदा करते हुए नारे लगाए क्योंकि यह घटना विश्व प्रसिद्ध अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में हुई थी और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी है और अपराध का ग्राफबढ़ रहा है। पुलिस ने जब जयकुमार और कई अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, तो तीखी बहस हुई, जिसके बाद बड़ी संख्या में महिलाओं सहित अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं ने मुख्य सड़क पर 'रोड रोको' प्रदर्शन किया।

# छत्तीसगढ़ के कण कण में बसी हुई है भगवान श्रीराम की स्मृतियां : सीएम साय

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



हमारी सरकार लगातार लोगों की सुख-समृद्धि के लिए काम कर रही है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी से किसानों में समृद्धि आई है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से हर महीने 70 लाख माताओं-बहनों को एक हजार रुपए प्रति महीने की किश्त हम दे रहे हैं। देश के प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए हम लोग मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा योजना आरंभ करने जा रहे हैं। इस योजना के माध्यम से भी यात्रियों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्राम टिमरलगा में आयोजित पर्वतदान (अन्न) एवं अश्वमेध यज्ञ महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम टिमरलगा में पर्वतदान एवं अश्वमेध यज्ञ महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी बड़े धार्मिक आयोजन होते हैं, आसपास का पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर हो जाता है। छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। यह वो धरती है जहां भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकतम समय बिताया। छत्तीसगढ़ की पावन धरती में शिवरीनारायण में माँ शबरी ने प्रभु श्रीराम को जूठे बेर खिलाये थे। हमारी छत्तीसगढ़ की भूमि बहुत पवित्र भूमि है। हमारे यहां वाल्मीकि जी का आश्रम तुरतुरिया में है। वाल्मीकि आश्रम ही वह भूमि है जहां लव और कुश ने अश्वमेध यज्ञ के घोड़े को पकड़ा था। छत्तीसगढ़ के कण कण में भगवान श्रीराम की स्मृतियां बसी हुई हैं। प्रभु श्रीराम की स्मृतियों को सहेजने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम प्रदेश की पांच शक्तिपीठों को जोड़ने के लिए भी हम कार्य कर रहे हैं। हम लोगों ने त्रिवेणी संगम की नगरी राजिम में भी कुंभ मेले का पुनः आयोजन शुरू किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम टिमरलगा के माध्यमिक स्कूल का हाईस्कूल में उन्नयन, मां नाथल दाई को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने सौंदर्यीकरण, ग्राम टिमरलगा के उपस्वास्थ्य केंद्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन की घोषणा की।

### वीर बाल दिवस हम सभी की राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी को समझने का देता है अवसर : विष्णुदेव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वीर बाल दिवस के अवसर पर अपने संदेश में बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि 26 दिसम्बर को हम सभी वीर बाल दिवस मना रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मैं उनकी शहादत को शत शत नमन करता हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन हमें उनके साहस और वीरता को याद करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता है। गुरू गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और अपनी संस्कृति, धर्म और देश के रक्षा के लिए जीवन का त्याग दिया। छोटी सी उम्र में साहिबजादों ने देश के लिए शहादत की जो प्रेरणा सबके समक्ष रखी, वो आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह हमें राह दिखाएंगे।

## कोंडागांव की बिटिया राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

# राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए



पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सात श्रेणियों में 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में मुर्मू ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनके पास असीमित क्षमताएं हैं और उनके पास अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है। राष्ट्रपति ने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब हम भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तब ये पुरस्कार विजेता देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के-लड़कियां विकसित भारत के निर्माता बनेंगे।



**रायपुर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से राष्ट्रीय जुडो खिलाड़ी, कोंडागांव की बिटिया हेमबती नाग को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हेमबती नाग को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह समस्त प्रदेशवासियों के लिए यह गर्व का विषय है। हेमबती ने कठिन परिस्थितियों में भी अपना हौसला नहीं खोया, अपनी अथक मेहनत और कड़े संघर्ष से उन्होंने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की अन्य प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया है।

# सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक, लड़ाने वालों से सावधान रहें : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com



सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को नमन करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। मुख्यमंत्री आवास पर वीर बाल दिवस का मुख्य आयोजन किया गया। इस दौरान ऐतिहासिक समागम व 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें। योगी ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की।

# आप ने कांग्रेस पर दिल्ली में भाजपा के साथ मिली भगत का लगाया आरोप

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली में कांग्रेस नेताओं के कुछ बयानों से भड़की आप कांग्रेस पर भाजपा की दिल्ली इकाई के साथ साठगांठ करने पर आरोप लगाते हुये कांग्रेस नेता अजय माकन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आप के नेताओं ने कहा कि वे कांग्रेस को अखिल भारतीय विपक्षी गठबंधन इंडिया से बाहर करने की मांग उठाने पर भी विचार कर रहे हैं। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन कहा है कि कांग्रेस ने दिल्ली में आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का पूर्व में साथ देकर गलती की, जिसका खामयाजा पार्टी को अब तक भुगतना पड़ रहा है। आप नेता संजय सिंह ने मुख्यमंत्री आतिशी के साथ एक संवाददाता सम्मलेन में कहा, कांग्रेस नेता अजय माकन भाजपा द्वारा भेजी गयी स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आप के नेताओं पर निशाना साधते हैं। सिंह ने कहा, अरविंद केजरीवाल जी ने दिल्लीवालों के लिए बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा का इंतजाम किया, लेकिन कांग्रेस ने केजरीवाल जी को देशद्रोही कहा। आप नेता सिंह ने कांग्रेस से माकन पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है तथा कहा है कि यदि कांग्रेस ऐसा नहीं करती है तो वह इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को अलग करने की मांग करेंगे।

# केंद्र सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ती रहेगी बीजद : नवीन

एजेंसी ≺ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगी और एक मजबूत क्षेत्रीय पार्टी के रूप में ओडिशा के हितों की रक्षा करेगी। बीजद के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी मुख्यालय, शंखा भवन में आयोजित एक समारोह में पटनायक ने कहा कि पार्टी अगले 100 वर्षों तक ओडिशा के लोगों की सेवा करना जारी रखेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ओडिशा के लोगों के प्यार और समर्थन तथा सदस्यों की कड़ी मेहनत के कारण बीजद एक मजबूत क्षेत्रीय शक्ति बन गई है। उन्होंने पार्टी की स्थापना को याद करते हुए कहा कि आज ही के दिन, 26 दिसंबर, 1997 को, उत्साही बीजू बाबू के आदर्शों और दृष्टिकोण से प्रेरित होकर बीजू जनता दल की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि उस समय, कई लोगों ने पार्टी के अस्तित्व पर संदेह किया था और कुछ लोगों का यह भी मानना था कि यह न तो बढ़ेगी और न ही सफल होगी। पटनायक ने कहा, हालांकि, आपकी कड़ी मेहनत और ओडिशा के लोगों के आशीर्वाद से बीजू जनता दल ने पांच चुनाव जीते हैं और उसे राज्य की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने पिछले 24 वर्षों में बीजद सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ओडिशा को एक मजबूत और समृद्ध राज्य के रूप में विश्व के सामने पेश किया है। कभी अन्य राज्यों पर खाद्यान्न के लिए निर्भर रहने वाला ओडिशा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न का निर्यात करता है और आपदा प्रबंधन में एक मॉडल राज्य बन चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा , 2000 में, राज्य ओवरड्राफ्ट से जूझ रहा था, लेकिन आज इसका बजट अधिशेष रहता है। ओडिशा महिला सशक्तीकरण, वित्तीय अनुशासन में अग्रणी है और इसे विश्व की खेल राजधानी के रूप में मान्यता प्राप्त है। हाल के चुनाव में मिली हार पर चिंता व्यक्त करते हुए पटनायक ने कहा,मैं जानता हूं कि कई लोग सवाल करते हैं कि हम पिछला चुनाव कैसे हार गए लेकिन मुझे स्पष्ट करने दें कि हम नहीं हारे। हमने लोगों का भरोसा नहीं खोया है। बीजद के प्रमुख ने कहा, भारतीय जनता पार्टी झूठ, झूठे वादों और जनता को गुमराह करके सत्ता में आई। इसके बावजूद, भाजपा को हमसे कम वोट मिले। हमारी गलती उनके झूठ और नकारात्मक अभियानों का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने में विफल रहना है, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर। पटनायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने और भाजपा की झूठी बातों से मुकाबला करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ओडिशा के लोग अब समझ गए हैं कि भाजपा ने धोखे से सत्ता प्राप्त की है।

## कुंभ में दुनिया देखेगी भारत की सांस्कृतिक शक्ति : शेखावत



**जोधपुर।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि अबकी बार कुंभ में भारत की ताकत और भारत की सांस्कृतिक शक्ति को एक साथ दुनिया देख सकेगी। शेखावत यहां मीडिया से चर्चा के दौरान प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे कुंभ के बारे में कहा कि कुंभ का हजारों वर्ष का इतिहास है। वैदिक सभ्यता से लेकर महाभारत काल, गुप्त शासन काल, चालुक्य वंश के समय और उसके बाद पूरे मध्यकालीन इतिहास में कुंभ का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में पिछला पूर्ण कुंभ जब हुआ तब लगभग 20 करोड़ यात्री स्नान और दर्शन के लिए आए थे। वर्ष 2019 में अर्द्ध कुंभ के समय यह संख्या बढ़कर 25 करोड़ हुई थी। अनुमान है कि 45 करोड़ लोग अबकी बार कुंभ में साक्षी बनेंगे और सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि अबकी बार कुंभ और अधिक दिव्य-भव्य हो, इसको लेकर प्रशासन, उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार, सभी मिलकर बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रहे हैं। कुंभ में आने वाले कल्पवासी, जो पूरे समय में रहकर वहां पर कल्प साधना करते हैं।

## कांग्रेस शताब्दी समारोह में नक्शे वाले पोस्टरों को लेकर भाजपा ने की आलोचना

एजेंसी ≺ बेलगावी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के विशेष सत्र पर समारोह स्थल पर लगाये गये पोस्टरों में भारत के नक्शे को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की तीखी आलोचना की और राजनीतिक लाभ के लिए देश की संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया। महात्मा गांधी की 1924 में कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की 100वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आयोजित विशेष सत्र के मौके पर समारोह स्थल में लगाये गये पोस्टरों में भारत के नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन को स्पष्ट रूप से छोड़ दिया गया है। भाजपा ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद नक्शे की तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस पर राजनीतिक लाभ के लिए भारत की संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया। कर्नाटक के भाजपा नेताओं ने इस कृत्य के लिए कांग्रेस की निंदा की और कहा कि इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है, खासकर ऐसे समय में जब राष्ट्रीय एकता और अखंडता सर्वोपरि है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह पहली बार नहीं है जब पार्टी ने भारत के नक्शे को गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और शशि थरूर की पोस्ट सहित पिछली घटनाओं को याद किया, जिसमें इसी तरह की चूक की गयी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह एक अलग गलती थी या समन्वित प्रयास का हिस्सा था। उन्होंने कांग्रेस पर राष्ट्र-विरोधी तत्वों के साथ गठबंधन करने का आरोप लगाया। कांग्रेस पार्टी ने हालांकि इस विवाद पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है और न ही आधिकारिक बयान जारी किया है।

# दिलावर ने जयपुर में सरस राजसखी मेले का किया अवलोकन

एजेंसी ≺ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने राजधानी जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा संचालित सरस राज सखी राष्ट्रीय मेला-2024 का अवलोकन किया। दिलावर ने सरस मेले की सभी स्टालों का अवलोकन किया गया एवं विभिन्न राज्यों से आये स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उनके उत्पादों की सराहना की सहकारिता विभाग की शासन सचिव मंजु राजपाल एवं जन प्रतिनिधियों ने भी मेले का अवलोकन किया एवं महिलाओं के उत्पादों की सराहना कर उन्हें प्रेरित किया। डूंगरपुर एवं जयपुर जिले की स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा भी मेले का भ्रमण किया गया। इस मेले से प्रभावित होकर आगामी मेले में स्वयं के उत्पादों के साथ भागीदारी निभाने की मंशा जाहिर की। यह मेला ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक अहम प्रयास है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। मेले में देशभर के 250 से अधिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग वाले उत्पादों और पारंपरिक शिल्प का शानदार संग्रह देखने को मिल रहा है। सरस राज सखी राष्ट्रीय मेला एक अद्वितीय मंच है जहां विभिन्न राज्यों की महिला सदस्य अपने पारंपरिक हस्तशिल्प, हैंडलूम, खाद्य उत्पाद, और उन्नत तकनीकी उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस आयोजन में क्षेत्रवार मंडप स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक कलाकृतियाँ और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित हो रहे हैं। मेले में लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर रही हैं, जिसके अन्तर्गत हैण्डीक्राफ्ट, हैण्डलूम, खाद्य एवं उन्नत तकनीकी से बने हुए उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे है। इस आयोजन में सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ाते हुए अधिकांश राज्यों के फूड स्टॉल्स से सजे काउन्टर आगन्तुकों को पूरे भारत के पारम्परिक व्यंजनों का लुफ्त उठाने का अवसर प्रदान कर रहे है।

## मानसिक अशुद्धियों को दूर करने में मदद करता है ज्ञान : अलीशा

**विशाखापत्तनम।** विश्व विज्ञान विद्या अध्यात्मिका पीठम, भीमिली के प्रमुख सत्गुरु डॉ. उमर अलीशा ने कहा कि ज्ञान मानसिक अशुद्धियों को दूर करने में मदद करता है। विशाखापत्तनम से लगभग 25 किलोमीटर दूर भीमिली आश्रम में आयोजित पीठम के 23वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए सत्गुरु ने इस बात पर बल दिया कि एक सच्चा गुरु आध्यात्मिक ज्ञान, मानवता और करुणा का प्रसार करके सकारात्मक विचारों को उत्पन्न करता है। उन्होंने सेवा की भावना को बढ़ावा देने में आध्यात्मिकता के महत्व पर भी बल दिया और सभी से आग्रह किया कि वे बुढ़ापे में अपने माता-पिता की उपेक्षा न करें। सत्गुरु डॉ. उमर अलीशा ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आंध्र विश्वविद्यालय के तेलुगु विभाग के प्रमुख डॉ .वेंकटेश्वर योगी शामिल हुए। प्रतिष्ठित वक्ताओं में साहित्यकार पारवस्तु फणि शयनसूरी, विशाखा समाचार पत्र के अध्यक्ष एस. वीरभद्र राव और मनोज कुमार जैन शामिल थे।

## स्टालिन ने मलयालम लेखक एमटीवी नायर के निधन पर शोक जताया

एजेंसी ≺ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मलयालम प्रसिद्ध लेखक एम टी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया। स्टालिन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ''ज्ञानपीठ, पद्म भूषण और साहित्य अकादमी जैसे उच्च पुरस्कार जीतने वाले मलयालम लेखक एम. टी. वासुदेवन नायर के निधन की खबर सुनकर मुझे दुख हुआ है। उन्होंने लिखा, ''एम.टी. एक लेखक और फिल्म निर्माता थे, जिन्होंने नलुकेट्टू, असुरविधु, मंजू, कलाम और निर्मलयम, पेरुमथाचन और ओरु वडक्कन वीरा गाथा जैसी फिल्मों के माध्यम से केरल में सामाजिक परिवर्तनों का विवरण दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''उन्होंने अपनी पुस्तकों के माध्यम से मलयालम से परे एक बड़ा पाठक वर्ग प्राप्त किया है, जिनका तमिल और अंग्रेजी जैसी भाषाओं में अनुवाद किया गया है। स्टालिन ने कहा कि एमटी ने मलयालम सिनेमा में क्लासिक मानी जाने वाली कई फिल्मों की पटकथा लिखी है, उनमें से कुछ का निर्देशन खुद किया है और राष्ट्रीय पुरस्कार जैसे श्रेष्ठ पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने कहा, ''वह न केवल एक लेखक, पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में बल्कि मातृभूमि पत्रिका के संपादक के रूप में भी उन्होंने कई युवा लेखकों की पहचान की और उनका पोषण किया, तथा मलयालम भाषा और केरल समाज में उनके योगदान को पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आधुनिक मलयालम साहित्य के चेहरों में से एक बन चुके एमटी के परिवार और दुनिया भर में उनके पाठकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

## गारंटियों पर खरे नहीं उतर पाये भगवंत मान : खन्ना

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि पंजाब में नगरपालिका चुनावों में आम आदमी पार्टी की विफल नीतियों से हताश प्रदेश की जनता को भ्रमित करने के लिये मुख्यमंत्री भगवंत मान पांच गारंटियों का लॉलीपॉप जनता को दिया था। खन्ना ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में आने से पहले मान ने जनता के साथ बड़े-बड़े वादे किये थे और प्रदेश से नशा और अपराध समाप्त करने के झूठे सपने जनता को दिखाये थे, लेकिन इन सब वादों और गारंटियों पर भगवंत मान नेतृत्व वाली आप सरकार खरी नहीं उतर पायी और इसके विपरीत पंजाब में अपराध और नशे ने अपने पैर और ज्यादा पसार लिये। उन्होंने कहा कि पहले दी हुई गारंटियों पर मान खरे नहीं उतरे और जनता को नयी गारंटियों से भ्रमित करने की नाकाम कोशिश की। उन्होंने कहा कि मान की गारंटियां उसी प्रकार हैं, जैसे मान बिना दस्तखत के चेक जनता को बांट रहे हों। उन्होंने कहा कि आप सरकार की प्रदेश हित के हर मुद्दे पर विफलता का ही नतीजा है कि आप पार्टी को प्रदेश की म्युनिसिपल चुनावों में विफलता देखनी पड़ी।

## पंजाब प्रवासी पंजाबियों की शिकायतों को ऑनलाइन हल करने वाला पहला राज्य बना : धालीवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब के प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने बताया कि प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं को ऑनलाइन माध्यम से हल करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य बन गया है। धालीवाल ने कहा कि अब कोई भी प्रवासी पंजाबी, पंजाब राज्य से संबंधित किसी भी मामले की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकता है। इस नयी सुविधा की शुरुआत दिसंबर 2024 में की गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024 के दौरान प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया। फरवरी 2024 में चार 'एन.आर.आई. मिलनी' कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिनके दौरान बड़ी संख्या में शिकायतों का निपटारा किया गया। इस ऑनलाइन मिलनी में विभाग के मंत्री, एन.आर.आई. विभाग पंजाब के वरिष्ठ अधिकारी और एन.आर.आई. इकाई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होते हैं और प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करते हैं। मंत्री ने बताया कि हर महीने के पहले सप्ताह आयोजित होने वाली इस 'ऑनलाइन एन.आर.आई. मिलनी' के दौरान अधिकतर शिकायतें राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित होती हैं, जबकि 20 प्रतिशत शिकायतें पहले से ही विभिन्न अदालतों में सुनवाई अधीन होती हैं। जो ऑनलाइन शिकायतें जिलों से संबंधित होती हैं, उनके लिये संबंधित जिले के सिविल और पुलिस अधिकारियों को फोन के माध्यम से निर्देश दिये जाते हैं।

## जालंधर में बालक को बेचने की साजिश को नाकाम, एक महिला समेत चार अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने 24 घंटे के भीतर शहर से अपहृत तीन महीने के बालक को बरामद कर बालक को बेचने की साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि पुलिस को जालंधर जिले के ढिल्लवां गांव के पास एक कॉलोनी से तीन महीने के बालक के अपहरण के बारे में एक संकटपूर्ण कॉल मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि बालक का पता लगाने के लिये समर्पित पुलिस और तकनीकी टीमों को तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर अपराध में शामिल आरोपियों की पहचान बलजीत कौर पत्नी बलजीत सिंह, बलजीत सिंह पुत्र जसवंत सिंह, निवासी दकोहा, जालंधर, रिंकू लांबा पुत्र कश्मीरा सिंह निवासी शाहकोट, जालंधर वर्तमान निवासी सलेम टाबरी, लुधियाना और मनोज कुमार उर्फ लक्की पुत्र निर्मल दास निवासी धनोवाल, जालंधर के रूप में हुई है।

## धामी ने केरल के केंद्रीय विद्यालय में छोटे साहिबजादों की नकल की घटना की निंदा की

एजेंसी ≺ अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष अधिवक्ता हरजिंदर सिंह धामी ने केरल के पय्यानूर में एक केंद्रीय विद्यालय में केंद्र सरकार के वीर बाल दिवस कार्यक्रम के तहत गुरु गोबिंद सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के छोटे साहिबजादों की शारीरिक नकल किये जाने की कड़ी निंदा की है। अधिवक्ता धामी ने कहा कि सिख समुदाय द्वारा साहिबजादों के शहीदी दिवस मनाये जाने के दौरान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की नकल करना बेहद आपत्तिजनक और सिख सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि केरल के पय्यानूर केंद्रीय विद्यालय के प्रशासन द्वारा बच्चों से छोटे साहिबजादों की नकल करवाकर और फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गयी है। उन्होंने कहा कि हालांकि एसजीपीसी द्वारा इस घटना पर आपत्ति जताये जाने के बाद पय्यानूर केंद्रीय विद्यालय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक फोटो हटा दिये हैं, लेकिन केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये ठोस कदम उठाने की जरूरत है। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मांग की है कि वे स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर साहिबजादों के शहीदी दिवस को मनाते हुये सिख सिद्धांतों और इतिहास के मद्देनजर कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश दें और उन्हें किसी भी तरह से सिख सिद्धांतों के खिलाफ काम न करने के लिये कहें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित करते हुये धामी ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस को जो नाम वीर बल दिवस दिया गया है।

## आईआईटी–मद्रास का ओडिशा सरकार के साथ एमओयू

एजेंसी ≺ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु स्थित आईआईटी-मद्रास के आरबीजी लैब्स ने राज्य में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिये ओडिशा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। आईआईटी-मद्रास की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि यह सहयोग रणनीतिक, साक्ष्य-संचालित हस्तक्षेपों के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। यह पहल आरबीजी लैब्स के '5ई मॉडल और परिवहन सुरक्षा ढांचे' (टीएसएफ) के आधार पर तैयार की गई है। इसमें इंजीनियरिंग, शिक्षा, प्रवर्तन, आपातकालीन देखभाल शामिल है, जिसमें राज्य भर में प्रभावशाली सड़क सुरक्षा उपायों को चलाने के लिए मानवीय कारकों (सहानुभूति) पर मुख्य ध्यान दिया गया है। वाणिज्य एवं परिवहन तथा इस्पात एवं खान मंत्री विभूति भूषण जेना के नेतृत्व में आईआईटी मद्रास आरबीजी लैब्स और वाणिज्य एवं परिवहन विभाग के बीच 23 दिसंबर को भुवनेश्वर में उनके सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। जेना ने कहा, मद्रास के साथ यह साझेदारी विकसित ओडिशा के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जहां हर नागरिक के लाभ के लिए सुरक्षा और नवाचार सह-अस्तित्व में हैं। रणनीतिक आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) अभियान के हिस्से के रूप में, आरबीजी लैब में विकसित 'रूट कॉज एनालिसिस मैट्रिक्स' (आरसीएएम) पद्धति का उपयोग करके वैज्ञानिक दुर्घटना जांच में ओडिशा पुलिस के जांच अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण पर काम करेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, दुर्घटना के मूल कारणों की पहचान करने में मानवीय कारकों या सहानुभूति-आधारित दृष्टिकोण अपनाने के लिए जांच अधिकारी (आईओ) को डिजाइन थिंकिंग कौशल प्रदान करना है। आरबीजी लैब ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहयोग से एक समग्र मानवीय कारक-आधारित सड़क सुरक्षा ऑडिट किया है, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हजार किलोमीटर से अधिक हिस्से का ऑडिट किया गया। मास्टर ट्रेनर कार्यशालाओं में राज्य के सभी स्कूलों के भावी सड़क उपयोगकर्ताओं (विद्यार्थियों) और शिक्षकों को खेल, नाटक, पहेलियां तथा अन्य गतिविधियों पर आधारित शिक्षा (एबीएल) के माध्यम से एक जिम्मेदार चालक बनने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पशुपालन विभाग में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

**चंडीगढ़।** पंजाब के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने गुरुवार को यहां अपने कार्यालय में 11 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। पशुपालन विभाग में नियुक्त इन उम्मीदवारों में सात वेटरनरी इंस्पेक्टर, तीन स्टेनो टाइपिस्ट और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। नव-नियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुये स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिये निरंतर प्रयास कर रही है और राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के मात्र 33 महीनों में लगभग 50,000 युवाओं को विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। पशुपालन मंत्री ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को पंजाब के विकास और लोगों की भलाई के लिये पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करने और पारदर्शी एवं कुशल तरीके से सेवाएं प्रदान करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह भर्ती प्रक्रिया मेरिट के आधार पर पारदर्शी तरीके से की गयी है।

# यौन उत्पीड़न घटना पर सरकार को कुछ भी छिपाने की जरुरत नहीं : रघुपति

पायनियर संवाददाता ≺ चेन्नई
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के कानून मंत्री एस. रघुपति ने विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि राज्य संचालित अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोपी को पुलिस ने पांच घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया और सरकार को इस मुद्दे पर कुछ भी छिपाने की जरुरत नहीं है। रघुपति ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) मुख्यालय ''अन्ना अरिवालयम'' में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सत्तारुढ़ द्रमुक यह सुनिश्चित करेगी कि आरोपी ज्ञानशेखरन (37) को कानून के अनुसार कड़ी सजा मिले। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि फिलहाल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तथा आगे की जांच से ही पता चलेगा कि इस घटना में कोई और शामिल है या नहीं। उन्होंने कहा, ''शिकायत मिलने के पांच घंटे के भीतर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया...सरकार को घटना को छिपाने या दबाने की कोई जरूरत नहीं थी।'' उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि आरोपी द्रमुक की छात्र शाखा का सदस्य है और कहा कि ज्ञानशेखरन पार्टी का सदस्य नहीं है और उसका द्रमुक से कोई संबंध नहीं है। मंत्री ने दोहराया कि पुलिस ने तुरंत उचित कार्रवाई की और कहा कि मुख्यमंत्री एम के सलिन या द्रमुक सरकार को इस घटना को दबाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ''गिरफ्तार व्यक्ति द्रमुक का बुनियादी सदस्य भी नहीं है। लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट कर रहे हैं कि वह द्रमुक का सदस्य है और छात्र शाखा में उप-संगठक है। उन्होंने कहा, ''मैं दोहराना चाहूंगा कि गिरफ्तार ज्ञानशेखरन का द्रमुक से कोई संबंध नहीं है। इसलिए इस मामले को दबाए बिना तत्काल कार्रवाई की गई और उसे जेल भेज दिया गया।'' रघुपति ने कहा कि द्रमुक सरकार उन्हें दंडित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और उन्होंने पिछली अन्नाद्रमुक सरकार के दौरान पोलाची यौन उत्पीड़न की घटना को याद किया जिसमें एक प्रमुख व्यक्ति का बेटा शामिल था और सरकार द्वारा इसे छिपाने के प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा, ''अभी भी रामेश्वरम में अन्नाद्रमुक नेता राधाकृष्णन के दामाद राजेश खन्ना ने महिलाओं के चेंजिंग रूम में गुप्त कैमरा लगाकर अपराध किया है। अन्नाद्रमुक के सदस्य ही ऐसी गलती करते हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसी गलती करने वालों को द्रमुक में जगह नहीं दी जाएगी।'' उन्होंने विपक्षी अन्नाद्रमुक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इस आरोप को भी खारिज कर दिया कि प्राथमिकी में पीड़िता का नाम था, लीक हो गया था। रघुपति ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल द्रविड़ मॉडल शासन के तहत महिलाओं की उच्च शिक्षा की बढ़ती प्रवृत्ति को बाधित करने और महिलाओं को उनके घरों तक सीमित रखने के प्रयास में इसका राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## सिख गुरुओं, वीर बालकों के बलिदान को हमेशा याद रखेगा देश : यादव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि देश सिख गुरुओं, वीर बालकों के बलिदान को हमेशा याद रखेगा। डॉ. यादव भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में यह बात कही। साथ ही वीर बालकों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतह सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के वीर बालकों ने अत्यंत कम आयु में ही धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित थे।

# तबादले एचआरएमएस के माध्यम से ही किये जायें : सरकार

एजेंसी ≺ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य प्रशासकों को निर्देश दिये हैं कि किसी कर्मचारी के एक स्थान से दूसरे स्थान पर तबादले के संबंध में स्थापित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये और तबादला आदेश केवल मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली(एचआरएमएस) मॉड्यूल के माध्यम से जारी किया जाये। मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी की तरफ से जारी निर्देशों के अनुसार, अस्थायी समेत सभी तबादला आदेश एचआरएमएस मॉड्यूल के माध्यम से जारी किये जाने चाहिये। इस प्रणाली के बिना जारी किये गये किसी भी आदेश को अवैध माना जायेगा। एचआरएमएस द्वारा जारी आदेशों के बिना स्थानांतरित कर्मचारियों को उनके नये स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति नहीं दी जायेगी और उन्हें अपने वर्तमान पद पर बने रहना होगा। इसके अलावा, ज्वाइनिंग रिपोर्ट भी एचआरएमएस मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। उल्लेखनीय है कि सरकार के संज्ञान में कुछ ऐसे मामले आये हैं, जहां विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय से अनिवार्य सलाह लिये बिना या एचआरएमएस मॉड्यूल का उपयोग किये बिना स्थानांतरण आदेश जारी किये गये थे। इस तरह के उल्लंघन स्थापित नियमों के खिलाफहैं और पारदर्शी प्रबंधन प्रक्रिया को बाधित करते हैं। राज्य सरकार ने एक बार फिर दोहराया है कि ग्रुप ए, बी, सी और डी कर्मचारियों का कोई भी तबादला मुख्यमंत्री की तबादला परामर्श के बिना न किया जाये। ऐसी सलाह मिलने पर, एचआरएमएस मॉड्यूल के माध्यम से तुरंत तबादला आदेश जारी किया जाना चाहिये।

# किरन्दुल में अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए सीएम ने वर्चुअल रुप से किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्मशताब्दी जयंती किरंदुल नगरपालिका परिषद में मनाया गया। अटल जी की जयंती पर पूरे छत्तीसगढ़ में अटल परिसर का भूमिपूजन छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया जिसमें किरंदुल नगरपालिका में अटल परिसर का भूमि पूजन किया गया।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय सहित पार्षदगण व भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी सहित वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अटल जी को भारतीय राजनीती के शिखर पुरुष,युगदृष्टा,ओजस्वी वक्ता, कविहृदय कहकर सम्बोधित करते हुए उनकी कविताए व उनके प्रमुख कार्यो को कहा जिससे उपस्थित लोगो में ऊर्जा का प्रवास हुआ। किरंदुल में अरनपुर मार्ग पर स्थित उपस्वास्थ केंद्र गजराज कैम्प के निकट अटल परिसर का 30 लाख की लागत से निर्माण किया जाएगा जिसमे अटल बिहारी बाजपेयी धातु की मूर्ति लगाई जाएगी। साथ किरंदुल में भाजपा कार्यकर्ताओ ने अटल जी की जन्मशताब्दी जयंती जिसे सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं के अवसर पर क्योंकि आज बुधवार साप्ताहिक बाजार का दिन हैं दूर दराज से बाजार करने आए ग्रामीणों को खिचड़ी खिलाई और फल वितरण भी किया।

# किरन्दुल में हुई बाढ़ के कारण तालाब पारा में जमा हुआ हैं मलबा, लोगों को आवागमन में हो रही है दिक्कतें



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी की किरंदुल पहाड़ी में स्थित 11 सी लौह अयस्क खदान का तटबंध टूटने से बीते 21 जुलाई को अचानक आई बाढ़ ने जमकर तबाही मचाई। इस घटना में पहाड़ी के ऊपर से पानी का सैलाब मलबा लिए हुए शहर में घुसा था। एनएमडीसी एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा साफ कर मलबा को हटाया गया था।लेकिन तालाब पारा में अब भी मलबा जमा हुआ हैं। परिणामस्वरूप उक्त स्थल में आवागमन के लिए काफी दिक्कतें हो रहीं हैं लोगों का कहना हैं कि स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए इसी मार्ग से जाना पड़ता हैं लेकिन मलबा जमा होने के कारण हमें काफी परेशानी हो रहीं हैं। कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी ने गुरुवार बताया कि मलबा हटाने के लिए लिखित में एसडीएम को आवेदन दिया गया था लेकिन अब तक साफ नहीं किया गया हैं।

# सतनामी समाज ने धूमधाम से मनाई गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com





किरंदुल नगर में सतनामी समाज द्वारा सतनामी भवन में संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की 268 वीं जयंती समारोह बुधवार को मंगल भवन में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर दीप प्रवजलन एवं माल्यार्पण करते हुए किया गया।तत्पश्चात जैतखाम पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार के बाद दुर्ग के न्यू सत्य संगम पंथी नृत्य दल द्वारा शानदार पंथी नृत्य किया गया।इन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से नगर वासियों का मन मोह लिया।सतनामी समाज द्वारा कार्यक्रम के दौरान समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, उप महाप्रबंधक यांत्रिकी बी सेल्वा कुमार, ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्या मूर्ति, इंटक सचिव ए के सिंह, अध्यक्ष विनोद कश्यप, सतनामी समाज अध्यक्ष दिलीप डेहरिया, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू, बी एल तारम, मनोज छलिवाल मीरा तिवारी विशेष रूप से मौजूद रहे ।मंच संचालन त्रिलोक बांधे ने किया ।

# संकुल केंद्र कड़मपाल में वीर बाल दिवस का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com




राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कार्यालय के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा की पहल पर भारत के भविष्य की नींव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में संकुल केन्द्र कड़मपाल में गुरुवार दोपहर 01 बजे वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।वीर बाल दिवस अवसर पर सरकार देशभर में सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है, ताकि नागरिकों, विशेषकर युवा पीढ़ी के बच्चों को साहिबजादों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में जानकारी दी जा सके और उन्हें शिक्षित किया जा सके।26 दिसम्बर को मनाया जाने वाला वीर बाल दिवस वीरता और बलिदान की भावना से ओतप्रोत है। इसी तारतम्य में शालाओं में शीतकालीन अवकाश होने के पश्चात भी बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस अवसर पर बच्चों द्वारा वीर बाल दिवस का स्मरणोत्सव बच्चों की बहादुरी का सम्मान कैसे करता है और यह समाज को क्या मौलिक सबक देता है इस सम्बन्ध में निबन्ध लेखन, चित्रकारी,भाषण, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।अंत में संकुल समन्वयक इस अवसर पर बच्चों को साहिबजादों की जानकारी देते हुए बच्चों को उत्साहित करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

## 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाए जाने के संबंध में निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 मार्च 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को ''जोन-बी'' में रखा गया है। ''जोन-बी'' (दन्तेवाड़ा जिला) के वाहनों पर ''आईआईएसआरपी'' लगाए जाने हेतु ''एम/एस रोजमेटा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड'' को अधिकृत किया गया है। वाहनों पर ''आईआईएसआरपी'' प्लेट लगाने एवं अन्य कार्यवाही हेतु विभागीय वेब साईट पर लॉग-इन किया जा सकता है। वेंडर द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह इंस्टालेशन किया जाने हेतु शुल्क आदि का विवरण अनुसार आटोमोबाइल डीलरों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटरवाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (आवश्यक तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित) प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु रूपये 100 अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जावेगा।

# कलेक्टर ने कहा- मेहनत से पढ़ाई करो, मोबाईल से रहो दूर स्टूडेंट्स ने पूछा- आप कलेक्टर कैसे बने, हमें कैसे पढ़ना होगा?

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



आप कलेक्टर कैसे बने, हमें कैसे पढ़ना होगा, हम भी कलेक्टर बनना चाहते हैं। ये सवाल कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से सीजी-पीएससी की तैयारी कर रही गोमती मंडावी छात्रा ने किए,तो कलेक्टर साहब ने भी नपी तुली भाषा में छात्र को समझाया। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करो और मोबाइल से दूर रहो। उन्होंने कहा मोबाइल हमारे जमाना में अगर होता तो शायद हम यहां नहीं होते इसलिए मोबाइल से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। जो पढ़ रहे हो उसे परफेक्ट पढ़ो,लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करने पर यकीनन आपको सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा मैने यूपीएसी की तैयारी कठिन परिश्रम करके की। कलेक्टर ने भानुप्रतापपुर स्थित मावा मोदले कोचिंग सेंटर में सीजी पीएससी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया।उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि समय का सही प्रबंधन करने से सफलता जरूर मिलती है, इसलिए लगातार तैयारी करते रहे। उन्होंने पढ़ाई व तैयारी में आ रही समस्याओं के बारे में विद्यार्थियों से जानकारी भी ली। सिलेबस से संबंधित कोई भी समस्या आने पर टीचर से प्रश्न करें और सॉल्यूशन के बारे में विस्तार से जाने। उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाएं भी देखा जहां कमियां थी उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने सेंटर की व्यवस्थाएं भी देखा जहां कमियां थी उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने विद्यार्थियों के लिए लाए गए बेंच पर बैठ कर देखा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम आस्था राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ अशोक ठाकुर, खंड शिक्षा अधिकारी सदे सिंह कोमरे भी मौजूद रहे। आपको बता दें सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास लगातर किया रहा है। कांकेर कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने सरकार के इस प्रयास को और मजबूत बनाने के लिए अनोखा कदम उठाया है। इस सराहनीय कदम की चर्चा जिले के कोने-कोने में हो रही है। उन्होंने सरकार के मुहिम को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर में निःशुल्क कोचिंग सेंटर संचालित करा रहे हैं। जिसमें निशुल्क इस सेंटर के विषय विशेषज्ञ शुभम शिवहरे, लोचन प्रसाद देवांगन,भूपेंद्र कुमार द्वारा यूपीएससी और सीजी पीएससी के लिए तैयारी कर रहे छात्र छात्राओ को सामान्य ज्ञान, इतिहास, राजनीति विज्ञान,सामान्य गणित, सामान्य विज्ञान से संबधित विषय पर पढ़ाया जा रहा है।

# हल्बा हल्बी आदिवासी समाज द्वारा की गई शक्ति दिवस समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज किरन्दुल द्वारा गुरूवार को छत्तीसगढ के प्रथम क्रांतिकारी अमर शहीद शिरोमणी गेंद सिंह नायक जयंती एवं शक्ति दिवस समारोह का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम सुबह 11 बजे हल्बा हल्बी आदिवासी ध्वज फहराया गया एवं दोपहर 3:00 बजे कलश यात्रा सामाजिक भवन गजराज कैम्प से रामपुर कैम्प,गाडर पुलिया,बस स्टैंड होते हुए प्रस्तावित गोंडवाना समाज भवन के समीप पहुंचकर समापन हुआ।मौके पर समाज के अध्यक्ष लोकनाथ चुरेन्द्र,पदाधिकारीगण, एवम समाज के सैकड़ों महिलाएं,पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

## अपने वार्ड 3 और 4 में लगातार एसटी और एससी सीट आने से है नाराज

# बंग समाज करेगा नगरी निकाय चुनाव का बहिष्कार

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव करवाने के लिए वार्ड पार्षदों के आरक्षण के लिए सभी जिलों के मुख्यालय में 19 दिसंबर को सारे नियमों का पालन करते हुए आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण की गई और 27 दिसंबर को अध्यक्ष प्रत्याशी के आरक्षण पर सभी को इंतजार है वहीं छत्तीसगढ़ के सबसे धनी नगर पालिकाओं में से एक किरंदुल नगर पालिका के सभी वार्डो का भी आरक्षण दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में किया गया जिसमें किरंदुल के बंगाली बाहुल्य क्षेत्र बंगाली कैंप जो वार्ड नंबर 3 और वार्ड नंबर 4 के अंतर्गत आता है वार्ड 3 में एस टी महिला और वार्ड 4 में एस सी मुक्त होने से बंग समुदाय के लोगों में आरक्षण को लेकर काफी नाराजगी देखने को मिल रहा था 5 वर्ष पूर्व भी इन वार्डो में इसी तरह का आरक्षण दिया गया था और इस वर्ष बंग समुदाय को उम्मीद थी आरक्षण में बदलाव होगा इन वार्डो के आरक्षण का पता लगते ही नाराज होकर बंग समाज ने 26 दिसंबर गुरुवार के दिन अपने समाज की बैठक रखी इस बैठक में बंग समुदाय के हजारों सदस्य उपस्थित हुए वार्ड आरक्षण को लेकर समाज के लोगों में काफी आक्रोश और नाराजगी देखने को मिली वार्ड 3 और 4 के आरक्षण के खिलाफ बंग समाज के लोगों ने नगरीय निकाय चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया और नगरीय निकाय चुनाव में मतदान न करने का फैसला लिया बंग समुदाय के अध्यक्ष सुकुमार हवलदार ने कहां है कि हमारे बंग समुदाय के 400 से भी अधिक परिवार बंगाली कैंप वार्ड नंबर 3 और 4 दो हिस्सों में निवास करते है जिसमें इन दोनों वार्डो में सबसे अधिक 90% से भी ज्यादा बंग समुदाय के परिवार सदस्य निवास करते हैं बंग समाज के नमोशुद्र जाति को बंगाल, उड़ीसा, झारखंड ,असम, में एस सी की मान्यता प्राप्त है परंतु छत्तीसगढ़ शासन बंग समाज के नमोशुद्र जाति को छत्तीसगढ़ में एस सी की मानता अभी तक नहीं दी है अगर वार्ड परिसीमन सर्वे में बंग समुदाय के नमोशुद्र जाति को एस सी मानकर वार्डो का आरक्षण किया गया है तो बंग समाज के लोगों को एस सी कोटे से चुनाव लड़ने दे ओर अगर शासन बंग समाज के नमीशुद्र जाती को एस सी नहीं मानती हे तो हमारे वार्डो को जनरल किया जाए क्योंकि इन वार्डो में सबसे अधिक बंग समाज के लोग ही निवास करते हैं जिससे हमारे लोगों को नगर पालिका में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले पिछले 5 वर्ष पूर्व भी इसी तरह के आरक्षण के कारण हमारे बंग समुदाय के लोगों को नेतृत्व करने का मौका नहीं मिला दूसरे वार्डो से प्रत्याशियों को लाकर हमारे वार्डो में चुनाव लड़वाया गया वार्ड नंबर 4 में पिछले बार भी एस सी मुक्त था इस वार्ड में एस सी का एक ही परिवार रहता है राजनीतिक पार्टियों को दूसरे वार्डो से प्रत्याशी लाकर वार्ड नंबर 4 में लड़वाना पड़ा वार्ड नंबर 3 में भी यही हाल है एस सी के बहुत कम परिवार हे नियम अनुसार कोई भी वार्ड में आरक्षण के लिए कम से कम 40% उस जाती की जनसंख्या उस वार्ड में होनी चाहीए इसलिए अगर इन वार्डो का आरक्षण बदला नहीं गया तो हमारे बंग समाज के लोग इस चुनाव में अपने मत अधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे और नगरी निकाय चुनाव से दूरी बनाए रखेंगे इस बैठक में सुकुमार हवलदार ,विपुल रॉय,मृणाल राय, बिप्लव मल्लिक , विमल सरकार ,सपन साहा,नीलरतन घोष, रिंकू राजवंशी ,प्राण गोविंदा ,प्रकाश मंडल,संजू दास, डॉ राम कृष्ण बैरागी,अविनाश मजूमदार, रामकृष्ण मंडल,अरुण चक्रवर्ती,सागर साहा,जयदेव बछड़, रखाल चक्रवर्ती अनेक संख्या में लोग उपस्थित थे ।

# निर्माण श्रमिक के पंजीयन के संबंध में सूचना जारी

पायनियर संवाददाता ✓ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुये 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिकों 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण हेतु 'श्रमेव जयते' मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाईट, च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा 31 दिसंबर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 0771-3505050 में संपर्क किया जा सकता है।

**केन्द्रीय रेशम बोर्ड**
**(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)**
बीटीएम लेआउट, मंडीवाला, बेंगलुरू-560 068, कर्नाटक
फोन : +91 8026282699, फैक्स : +918026681511 ई-मेल : estab.csb@nic.in

विज्ञापन संख्या सीएसबी/03/2024 दिनांक : 27.12.2024

**// विस्तार संबंधी सूचना //**

केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए अधिसूचना सं. सीएसबी/03/2024 दिनांक 12.10.2024 प्रकाशित की थी जो 12-18 अक्टूबर, 2024 के रोजगार समाचार में छपी थी। सूचनार्थ यह बताया जाता है कि विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27.01.2025 तक बढ़ी दी गई है।

विवरण के लिए, सीबीसी की वेबसाइट : www.csb.gov.in देखें

CBC: 41109/12/0022/2425 केन्द्रीय रेशम बोर्ड

# कुरूद के क्रिकेट महाकुंभ का समापन, दल्ली राजहरा ने जीता फाइनल का खिताब

पायनियर संवाददाता ➤ कुरूद
www.dailypioneer.com

टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरूद के तत्व धान में आयोजित स्वर्गीय विनोद गोस्वामी स्मृति डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर राजेश चौहान की मुख्य आतिथ्यता में समापन बेहद खुशनुमा माहौल में हुआ , कुरुद क्षेत्र के दर्शकों एवं क्रिकेट प्रेमियों ने सभी मैचों का बेहद आनंद उठाया, 25 दिसंबर को 4 मैच खेले गए जिसमें दो सेमीफाइनल एक तीसरे स्थान के लिए और चौथा फाइनल मैच दल्ली राजहरा और मुरली रायपुर के बीच खेला गया जिसमें दल्ली राजहरा ने




60 रन का लक्ष्य मुरली रायपुर के सामने रखा, पर मुरली रायपुर महज 33 रन बनाकर 37 रनों से हार गई। दूसरा सेमीफाइनल जबलपुर मध्य प्रदेश वर्सेस इरफान बिलासपुर के बीच खेला गया, बिलासपुर की टीम ने जबलपुर को 53 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए जबलपुर की टीम 49 रन ही बना सकी और चार रन से मैच हार गई, जबलपुर वर्सेस मुरली रायपुर के बीच मैच खेला गया जिसमें जबलपुर ने मैच को जीतकर इस टूर्नामेंट में तीसरा स्थान प्राप्त किया, चौथा मैच और फाइनल मैच दल्ली राजहरा और इरफान बिलासपुर के बीच खेला गया, दल्ली राजहरा ने बिलासपुर के सामने 52 रन बनाकर 53 रनों का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुए बिलासपुर की टीम 47 रन बनाकर पांच रन से फाइनल मैच हार गई द्य दल्ली राजहरा के खिलाड़ियों ने खूबसूरत और मनोरंजन प्रदर्शन करते हुए डबल विकेट के ख़िताब को अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 रुपए दल्ली राजहरा को, द्वितीय पुरस्कार 31000 रुपए इरफान बिलासपुर को , तृतीय पुरस्कार 11000 रुपए जबलपुर को मिला, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार अभिषेक जबलपुर को, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार इरफान बिलासपुर को, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण का पुरस्कार मंदरौद के आयुष साहू को और सर्वश्रेष्ठ हीटर का पुरस्कार ऐश्वर्य दल्ली राजहरा को दिया गया। अंपायर, स्कोरर, कॉमेंटेटर, अतिथियों के सम्मान के साथ-साथ पत्रकार बन्धुओं का भी सम्मान किया गया। समापन समारोह टारनेड़ो के खिलाड़ी नीरज चंद्राकर के प्रतिवेदन वाचन से प्रारंभ हुआ उक्त समापन अवसर के विशेष अतिथि क्रिकेटर राजेंद्र नायडू जी, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, निरंजन सिंह पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, मती मंजू साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत, मती राखी तपन चंद्राकर पार्षद, भानु चंद्राकर अध्यक्ष वंदे मातरम, आशीष शर्मा आदि रहे, उक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन क्लब के वरिष्ठ खिलाड़ी राजकुमार रात्रे ने किया .आयोजन को सफल बनाने में टारनेडो क्रिकेट क्लब के सभी सदस्यों की समान भूमिका रही।

## ग्राम देवरीकला में हुआ विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती को पूरे जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी तारतम्य मेंजनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन संपन्न हुई। इस अवसर पर जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल राम रतन दुबे जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कमलेश साहू ग्राम पंचायत देवरीकला की सरपंच पैंकरा ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी द्वारा अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेई के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धांत मिश्रा द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कविता का पाठ किया गया एवं अटल के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। अटल की विदेश नीति की तारीफकरते हुए अध्यक्ष मिश्रा द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण कारगिल युद्ध जैसी उपलब्धियों को ग्रामजनों के बीच साझा किया गया। सरपंच छरछेद भरत दास मानिकपुरी द्वारा अटल को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माता बताया गया तथा कहा गया कि हर गांव तक सड़को का जो जाल फैला है वो अटल की ही देन है अटल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी।

## अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मातृ एवं शिशु कल्याण परियोजना अंतर्गत ग्राम चुचरुंगपुर प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम चुचरुंगपुर, ओरासी, छिराही एवं गाडाभाठा के कुल 36 बच्चो एवं माताओ की भागीदारी रही कार्यक्रम में 80 से अधिक लोगो की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बच्चो का स्वास्थ माप दंड का जांच कर बेहतर स्वास्थ विषय पर जागरूक किया गया तथा सभी प्रतिभागियो को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक प्रबंधन से सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सीएसआर अधिकारी ज्योस्तना पति एवं रंजय पाण्डेय और सीएसआर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका प्रसाद, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा एवं टोपेश्वर मानिकपुरी की भागीदारी रही। ग्राम चुचरुंगपुर, ओरासी, छिराही एवं गाडाभाठा की कुल 8 मितानिन तथा मितानिन प्रमुख ने माताओ एवं बालको को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सुनिश्चित किया स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम में आयुश केंद्र के आरएचओ नारायण प्रसाद वर्मा एवं पदमनी मारकण्डेय तथा सी एच ओ इंदु सुर्यवं शी ने उपस्थित माताओ को एवं बालको को स्वास्थ विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत किया सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने भविष्य में स्वास्थ विकास सम्बन्धी सभी जांच एवं टिके लगाने हेतु प्रेरित किया एवं ज्योस्तना पति ने सफलतापूर्वक मंच संचालन करते हुए बच्चो एवं माताओ को अच्छे स्वास्थ के प्रति जागरूक किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल भंवरपुर द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के सौ वां जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भंवरपुर के हृदय स्थल अटल चौक में भारी संख्या में भाजपाइयों ने एकत्रित होकर अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर उनके विचारों एवं राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक योगदान को याद किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया । तत्पश्चात एक सभा के रूप में एकत्रित भाजपाइयों को नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी ने संबोधित करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की सहमति से ही निर्णय लिया जाएगा तथा सभी के सहयोग से भंवरपुर मंडल में भाजपा को मजबूत किया जाएगा। बैठक को भाजपा नेता बीपी देवांगन ने संबोधित करते हुए अटल जी के योगदान को याद करते हुए उनके सुशासन की चर्चा की। बैठक में संचालन पूर्व महामंत्री एवं सोसायटी अध्यक्ष नरेश तिवारी ने किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष गण पुरुषोत्तम फंद्दी, विद्याचरण चौधरी, नेता पुरुषोत्तम बाबू, कार्यक्रम संयोजक डॉ शिव चौधरी, झनकराम चौधरी, करुणाकर उपाध्याय, बालमुकुंद पटेल, ताराचंद साहू, गुलाब स्वर्णकार, जागेश्वर पटेल, धर्मेंद्र पटेल, संजय पटेल, संतराम निषाद, मोहित नायक, गिरधारी नायक, भोजकुमार प्रधान, मोहन जैन, दुर्योधन पटेल, मोहन पटेल, देवकुमार सिदार, प्रकाश पारेश्वर, युधिष्ठिर कर, कमल स्वर्णकार, सरपंच हेमा पटेल, सुशीला बारिक, भगवती चौरसिया, धनीराम खुंटे, रामसिंह नेगी, खिरोद्र देवांगन, भुवनेश्वर चौधरी, सुमित सहित भाजपा कार्यकर्ता गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

## वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा गुरुवार को पण्डित चक्रपाणि शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फ्तेह सिंह के बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ्तेह सिंह ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मातृभूमि और धर्म रक्षा के लिए उनकी शहादत अमर रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2022 से शुरू किए गए वीर बाल दिवस को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से वीर बाल दिवस का आयोजन जिले के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ्तेह सिंह के जीवन पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया जाएगा ताकि बच्चे उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अच्छे मूल्य अपनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर बाल दिवस को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सिख समाज के महिलाओं ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर आधारित कीर्तन प्रस्तुत किया जिसने समूचे माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,नरेश केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## सत्ता के लिए सिद्धांतों के साथ अटल बिहारी वाजपेयी ने कभी समझौता नहीं किया : अविनाश दुबे

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



देश में सुशासन की कल्पना को चरितार्थ करने वाले, असंख्य भारतवासियों के प्रेरणास्त्रोत, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर बुधवार 25 दिसम्बर को भाजपा गंगरेल मंडल के ग्राम रुद्री के अटल चौक में माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश साहू के साथ मंडल अध्यक्ष ने सुशासन दिवस की बधाई देते हुए अटल के जीवन मूल्यों और उनकी उपलब्धियों पर आधारित जीवनी पर अपने विचार कार्यकर्ताओं के बीच रखा। जिला महामंत्री अविनाश दुबे ने इस मौके पर अटलकी जन्म शताब्दी और सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह उनका परम सौभाग्य रहा कि अटल हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता हैं। सच्चे अर्थों में भारत रत्न हैं। भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष रहे अटल एक कुशल राजनेता थे, एक संवेदनशील कवि, पत्रकार और साहित्यकार थे, प्रखर वक्ता थे। उनकी भाषा शैली ऐसी थी कि सब लोग मंत्रमुग्ध होकर उनका भाषण सुनते थे। श्री दुबे ने कहा कि सत्ता की राजनीति के लिए सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों के साथ अटल ने कभी कोई समझौता नहीं किया। 1996 में पहली बार प्रधानमंत्री बने अटलने तब भी विश्वास मत के प्रस्ताव पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए अनैतिक तरीकों से मिली सत्ता को चिमटे से भी नहीं छूने का संकल्प व्यक्त किया था और उस पर वे अडिग रहे। दूसरे कार्यकाल में एक वोट से उनकी सरकार गिर गई पर उन्होंने सिद्धांत पर चलते हुए राजनीति की। इसके बाद तीसरी बार पूरे देश में सुशासन स्थापित करने वाले अटल ने एक मजबूत सरकार चलाई। अटल ने इस देश के गाँवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़कर गाँव के विकास की शुरुआत की। किसान क्रेडिट कार्ड की शुरुआत भी अटल की सरकार ने की। पहली बार भारत सरकार में आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया ताकि देश की आदिवासियों का समुचित विकास हो।

## जन सहभागिता से किया गया कार्य सबके हितों के लिए होता है : सांसद रुप कुमारी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम पोटियाडीह में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह, सांसद निधि से निर्मित साहू समाज भवन का लोकार्पण एवं धीवर समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, जनपद सदस्य अनिल तिवारी, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा धार्मिक, राजनीतिक, व्यवसायिक, शिक्षा क्षेत्र के मेधावी छात्र.छात्राओं, विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख व्यक्तियों का सम्मान, मितानिन, स्वच्छता दूत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। साथ ही गांव के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। सभी निर्माण कार्यो को समाज व ग्रामीणों को समर्पित करते हुए महासमुंद सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कहा कि जन सहभागिता से किया गया कार्य सबके हितों के लिए होता है। गांव के विकास में जनप्रतिनिधि के सहयोग के साथ साथ क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का सहयोग होना आवश्यक है, तभी विकास की सार्थकता सिद्ध होती है। रंजना साहू ने बताया कि वरिष्ठजनों का सम्मान हमारी सनातन संस्कृति की पहचान है। भारतीय जनता पार्टी सदैव वरिष्ठजनों का सम्मान करते आई है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास यही विचारधारा आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम को पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद एवं महेंद्र पंडित ने सम्बोधित करते हुए सभी ग्रामीणों को बधाई दिए। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त जनपद सदस्य अनिल तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमदी मण्डल अध्यक्ष अमन राव, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरारी यदु, जगत यादव, राधेश्याम देवांगन, मोतीलाल हिरवानी, विजय देवांगन, बसंत साहू, सीताराम ध्रुव सरपंच, हिरालाल देवांगन, नरेंद्र हिरवानी, खोरबाहरा ध्रुव, कार्तिक हिरवानी, रंगलाल धीवर, द्वारका प्रसाद साहू, गणेश साहू, समस्त पंच एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक माता बहन उपस्थिति रहें।

# मंत्री, सांसद का आदेश नहीं, जिले में चल रहा अधिकारी राज

**मुख्यमंत्री के शहर आगमन पर भाजपाई करेंगे आज अधिकारियों की शिकायत, रेत, चांवल, भू माफिया कर रहे शासन की छवि धूमिल**

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रदेश की जनता ने पूर्ववर्ती सरकार के भ्रष्टाचार, अधिकारीराज से पीड़ित होकर पिछले वर्ष शासन में बदलावा लाया और भाजपा को एक बार फिर ऐसे अधिकारियों पर लगाम कसने और प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने की आस लिये समर्पित होकर कार्य किया। जनता को यह उम्मीद थी कि पांच साल में जितने भ्रष्टाचार हुए हैं, भाजपा के आने के बाद भ्रष्टाचारमुक्त प्रदेश बनेगा। लेकिन यह धारणा विपरीत जाती दिखाई दे रही है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण धमतरी जिले से दिया जा सकता है जहां पदस्थ अधिकारी आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। रेत, चांवल, भू माफिया शासन की छवि को धूमिल करते नजर आ रहे हैं। हद तो यह है कि मंत्री, सांसद के आदेश की भी अवहेलना की जा रही है जबकि मंत्री, सांसद ने जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार, नादिरशाही को समाप्त करने का निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दिया था। लेकिन यहां पदस्थ अधिकारी उनके इस निर्देश का पालन करने के बजाय संबंधित माफियाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर रहे हैं। अब तो भूमाफियाओं के दल में शहर के कुछ नामी चिकित्सकों का भी नाम सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री साय के आज नगर आगमन पर जिले में चल रहे अधिकारीराज की शिकायत भाजपाईयों द्वारा किये जाने की तैयारी है। पूर्ववर्ती सरकार के समय एक ओर सर्वहारा वर्ग के उत्थान की बात कहकर प्रदेश की जनता को लोक लुभावन सपने दिखाये गये। लेकिन दूसरी ओर सरकार से जुड़े ऐसे तथाकथित नेताओं ने मंत्रियों से संबंध होने का पूरा-पूरा लाभ उठाकर अपनी




स्वार्थपूर्ति की है। जनहित के कोई बड़े काम नहीं हो सके, जनता जनदर्शन में बार-बार फरियाद कर थक गई। यहां तक आंदोलन भी किये, लेकिन उनकी एवं ग्राम की समस्याएं यथावत बनी रही। धमतरी जिला जहां के नागरिकों की उड़ान समूचे प्रदेश में मानी जाती है, उनकी इस पीड़ा को विभिन्न जिलों में रहने वाले अपने चिर-परिचितों को देना प्रारंभ कर दिया और जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार की कहानी समूचे प्रदेश में जंगल के आग की तरह फैल गई। इसी अवधि में पूर्ववर्ती सरकार का कार्य पूरा हो गया और विधानसभा चुनाव की घोषणा हुई। अधिकारीराज से पीड़ित जनता ने उनकी अफसरशाही को सबक सिखाने एक बार फिर भाजपा सरकार को सत्ता सौंपने की ठानी और उनकी यह योजना सफल भी हुई किंतु एक वर्ष गुजर गये, पूर्ववर्ती सरकार के समय नादिरशाह अधिकारियों में कोई बदलाव नहीं आया। प्रदेश के मंत्री, सांसद धमतरी जिले के दौरे पर आकर गैर कानूनी कार्य करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने का निर्देश जिम्मेदार अधिकारी को देते हैं। लेकिन उनके जाने के बाद ऐसे अधिकारी रेत, चांवल, भू माफियाओं को भरपूर सहयोग कर रहे हैं। पिछले लंबे समय से रेत माफियाओं की जिले में तूती बोल रही है। बेलगाम महानदी की खुदाई कर क्षमता से अधिक दोहन कर लिये जाने से अब वहां वर्षों पूर्व दफनाये गये शव के नर कंकाल निकल रहे हैं। वैध रेत खदानों को चलाने के लिये बनाये गये नियम शर्तों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। न स्थल पर रेंप बना है, न ही वृक्षारोपण किया गया है, जो कि प्रत्येक रेत खदानों में किया जाना चाहिये था। इसी तरह रात्रिकालीन भी रेत की अबाध गति से उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है। इसी तरह जिले में वर्षों से पीडीएस के चांवल की हेराफेरी की जा रही है। प्रशासन के जिम्मेदार विभाग को यह अच्छी तरह मालूम है कि पीडीएस चांवल कहां-कहां, किन-किन क्षेत्रों में डंप किया जाता है और किन-किन राईस मिलों में बेचा जाता है और उसकी मिलिंग कर गरीब, मध्यम श्रेणी के लोगों से पीडीएस के चांवल को 10 से 15 रूपये में खरीदकर दलाल उसे मिल में 30 और 35 रूपये में बेचते हैं और कुछ मिल वाले इसी चांवल को मिलिंग कर शासन को 40-45 रूपये किलो में वापस दे देते हैं। इस संपूर्ण मामले की जानकारी खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को जो खुद एक मिलर है, उनको है किंतु वे इसी मजबूरी की वजह से ऐसे लोगों पर कोई कार्यवाही नहीं करते। इसके अतिरिक्त जिले में भूमाफियाओं द्वारा जगह जगह प्लाटिंग की जा रही है। वर्तमान समय में कलेक्टोरेट के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्रों में भी बिना अनुमति प्राप्त किये धड़ल्ले से अवैध विकास किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि अवैध प्लाटिंग के खेल में अब शहर के कुछ नामचीन चिकित्सकों का भी नाम आ रहा है। इनके साथ साथ सफेदपोश नेताओं का भी नाम अवैध प्लाटिंग में सामने आ रहा है। अपनी पहुंच का लाभ लेते हुए ऐसे सिंडीकेट द्वारा रियल एस्टेट प्राधिकरण रेरा रायपुर से बिना अनुमति लिये यह कृत्य किया जा रहा है। दिखावे के लिये कलेक्टोरेट के ईर्दगिर्द बन रहे मकान एवं अवैध प्लाटिंग के लिये निगम से अनुमति प्राप्त की गई है, ऐसा बताया गया। लेकिन जितने की अनुमति मिली है, उससे अधिक पर अवैध विकास किया जा रहा है। जिला पंचायत कार्यालय के बाजू भी धीरे-धीरे कर वहां चोरी की मुरूम डालकर उसे घेरने का प्रयास कथित व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है जबकि स्कूल एवं चर्च के बाजू भी धड़ल्ले से अवैध विकास किया जा रहा है जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही है। जागरूक लोगों का कहना है कि जिस तरह पूर्ववर्ती सरकार के समय अधिकारी बेलगाम होकर रेत, चांवल के काला बाजारी को बढ़ावा दिये हैं और भूमाफियाओं को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग दिये हैं, उसे लेकर मंत्री, सांसद के निर्देशों का स्थानीय अधिकारी पालन नहीं करते हैं तो इससे एक बार फिर अधिकारीराज कायम होने की पुष्टि होती है। आगामी दिनों में नगरीय एवं पंचायत चुनाव होने हैं, नागरिकों के बीच नई सरकार की सुशासन नीति और भ्रष्टाचारमुक्त प्रदेश की घोषणा जिले में लागू नहीं हो रही है जिसे लेकर ऐसे लोगों ने उपरोक्त घटनाओं पर संज्ञान लिये जाने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव ने अटल परिसर निर्माण का वर्चुअल भूमिपूजन किया

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण कर मनाया गया सुशासन दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



देश में आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में भूमिपूजन का वर्चुअल कार्यक्रम किया गया।भारत रत्न दिवगंत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी और उपमुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा वर्चुअल माध्यम से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव,महापौर धीरज बाकलीवाल,कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी,आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती पर उनके तैल्यचित्र पर दीपप्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर देवनारायण चन्द्राकर,शिवेंद्र परिहार,अब्दुल गनी,संजय कोहले,भोला महोबिया,हमीद खोखर,अरुण सिंह,मनीष साहू,कमल देवांगन,गुड्डू यादव,कुलेश्वर साहू,उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी,दिनेश नेताम,भवन अधिकारी गिरीश दीवान,मनीष कुमार,वीपी मिश्रा,स्वस्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,बाजार अधिकारी थानसिंह यादव उपस्थित रहेंगे।बता दें कि अटल परिसर का निर्माण जेल तिराह के पास 50 लाख की लागत से किया जाएगा।इस अवसर पर सासंद विजय बघेल,विधायक गजेंद्र यादव व महापौर धीरज बाकलीवाल,कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा स्वच्छता दीदीयों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वच्छता किट का वितरण के अलावा आयुष्मान कार्ड के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत स्वीकृति पत्र/प्रमाण पत्र वितरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री अटल जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की देश में ग्राम सड़क योजना अटल जी की देन है।उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि अटल परिसर के निर्माण से लोगों को ऊर्जा एवं प्रेरणा मिलेगी। सांसद विजय बघेल ने कहा आज हम सब पवित्र मन पवित्र भाव से एक ऐसे कार्य करने के लिए आये है जो इस देश के महामानव जिसका जन्म जयंती है।उन्होंने कहा कि हमने उनके जीवन के बारे में जाना है।समझा है.अब उनकी बातों को अमल कराने की जरुरत है। विधयाक गजेंद्र यादव ने कहा कि हम सबके लिए गौरव का विषय है,छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन है।उन्होंने कहा कि उनकी बहुत सी कविताएं जिनमे छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।जैसे दिल को छू लेने वाली कविताएं है।

# शिवोम् विद्यापीठ के तीन दिवसीय खेल महोत्सव शिवोम शिखर का हुआ भव्य समापन

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com



शिवोम् विद्यापीठ स्कूल में तीन दिवसीय इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 21 स्कूलों के 1100 बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें जूनियर और सीनियर लड़के और लड़कियों के लिए विभिन्न इंडोर और आउटडोर खेलों को सम्मिलित किया गया था। जिसमें सभी स्कूलों के बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार अपने खेल हुनर का प्रदर्शन करने का श्रेष्ठ अवसर प्राप्त हुआ। 23 दिसंबर को 'शिवोम् शिखर स्पोर्ट्स मीट' समापन में मुख्य अतिथि आशु चंद्रवंशी जी ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि खेल केवल एक शारीरिक गतिविधि नहीं बल्कि यह हमारी मानसिक शक्ति , आत्मविश्वास और समर्पण का परीक्षण भी है।

सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित करते हुए शिवोम् विद्यापीठ संस्था के चैयरमेन अवधेश शर्मा जी ने कि खेलों का आयोजन केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नहीं , बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा सर ने कहा कि शिवोम् विद्यापीठ संस्था का उद्देश्य है कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करके उन्हें जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में चैंपियनशिप जूनियर्स और सीनियर्स का खिताब शिवोम् विद्यापीठ सांकरा को मिला। फुटबॉल में सीनियर्स गर्ल्स व बॉयज में भारत माता स्कूल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। क्रिकेट सीनियर्स में डावरा इंटरनेशनल स्कूल ने अपना दबदबा जमाया। असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली सर ने शिवोम् विद्यापीठ में इंटर लेवल खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सभी स्कूलों के टीचर्स को श्रेय दिया।

# अटल ने भारत को परमाणु शक्ति के रूप में पहचान दिलाई : विधायक ललित

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com





रिसाली सेक्टर में 50 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का वर्चुअल भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद की मौजुदगी में शिलालेख का अनावरण किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि पृथक छत्तीसगढ़ के स्वप्न को दिवंगत प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल ने ही पूरा किया। उन्होंने रायपुर के आमसभा का स्मरण करते हुए कहा कि जिस सभा में अटल ने छत्तीसगढ़ निर्माण की घोषणा की थी उसमें वो मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अटल जी छत्तीसगढ़ प्रदेश का निर्माण किया है। उनका हम सब पर कर्ज है। हमें उसी श्रद्धा के साथ स्मरण करना चाहिए। उन्होंने सभा को संबोधित करते कहा कि अटल जी सर्वमान्य नेता थे। वहीं विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अटल जी का जीवन देश सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने ही भारत को परमाणु शक्ति के रूप में पूरे विश्व में पहचान दिलाई। वे देश के सच्चे सपूत थे। 15 वर्ष की आयु में ही उन्होंने देश सेवा में अपना परिवार को त्याग कर घर से निकल पड़े थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि ग्राम सड़क योजना और नदी जोड़ो जैसे योजना की कल्पना कर भारत को समृद्ध बनाने की उन्होंने नींव रखी है।

भूमिपूजन कार्यक्रम को निगम सभापति केशव बंछोर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने संबोधित किया। इस अवसर पर पार्षद गजेन्द्री कोठारी, रमा साहू, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, मनीष यादव, विधि यादव, ममता सिन्हा, शीला नारखेड़े, खिलेन्द्र चंद्राकर आदि उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रपाल हरमुख ने किया।

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा 'शुभारंभ कार्यकम' का हुआ लाईव प्रसारण

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा आज आयोजित 10 हजार नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मतस्य सहकारी समितियों के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यकम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी का उद्बोधन लाईव प्रशारण के माध्यम से श्रवण किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न समितियों के 75 कृषक एवं कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृषकों वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों द्वारा लाईव प्रसारण चलाकर कृषकों को प्रशिक्षित किया गया। समितियों में संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेन्ट्र) एवं माईक्रो एटीएम के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिले में सीएससी (कॉमन सर्विस सेन्ट्र) का उत्कृष्ठ कार्य करने वाली सेन्टर को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित 9 कृषको को एटीएम कार्ड का वितरण किया गया। 4 गौपालक कृषकों को 8 लाख का ऋण धनादेश प्रदान किया गया एवं 10 कृषकों को अल्पकालीन कृषि ऋण धनादेश 5.47 लाख रूपये का प्रदान किया गया। उपस्थित कृषकों को केन्द्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेशंन योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर संभागीय संयुक्त आयुक्त सहकारिता संभाग दुर्ग मुकेश कुमार ध्रुव एवं उप आयुक्त, सहकारिता, जिला दुर्ग अवधेश मिश्रा, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकान्त चन्द्राकर, विपणन अधिकारी हृदेश शर्मा, अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक कुसुम ठाकुर, एस.पी. वाहने, शाखा प्रबंधक फिल्ड कक्ष, एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगरीय निकाय चुनाव प्रत्याशियों के लिए व्यय सीमा प्रस्तावित

**दुर्ग।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के दौरान महापौर/अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिये निर्वाचन व्यय हेतु प्रस्तावित अधिकतम सीमा संबंधी अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कराई गई है। यह व्यय सीमा 2011 की जनगणना जनसंख्या अनुसार तय की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम पांच लाख से अधिक 25 लाख रुपये, तीन लाख से पांच लाख तक 20 लाख रुपये तथा तीन लाख से कम 15 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद में 50 हजार या उससे ऊपर 10 लाख रुपये और 50 हजार से कम 8 लाख रुपये तथा नगर पंचायत के लिए 6 लाख रुपये व्यय सीमा निर्धारित की गई हैं।

## अंतरराष्ट्रीय राम कथा वाचक दीदी मां मंदाकिनी रामकिंकर पहुंची ग्राम पाहंदा (अ) आज से शुरू होगी राम कथा का आयोजन





**पाटन।** पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पाहंदा (अ) में आदर्श मानस मंडली एवं रामकिंकर शिष्य सेवा समिति चरौदा भिलाई 3 के संयुक्त तत्वावधान में दि.27,28, एवं 29 दिसम्बर को त्रि दिवसीय राम कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है आदर्श मानस मंडली के संयोजक नंदलाल साहू पंडवानी गायक चेतनलाल देवांगन राजेन्द्र साहू के नेतृत्व में कार्य सम्पन्न होगा। उपसरपंच सुरेन्द्र साहू ने बताया कि ईस वर्ष का आयोजन मानस गान एवं रामकथा का 56 वां वर्ष साथ सम्पन्न होगा। संध्या काल मे युग तुलसी पंडित रामकिंकर महाराज जी के उत्तराधिकारी अन्तर्राष्ट्रीय राम कथा वाचक पूज्य दीदी मां मंदाकिनी जी प्रख्यात मानस मर्मज्ञ को भी आमंत्रित किया गया। जिसका व्याख्यान शाम 5 बजे से 8 बजे तक श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा साथ ही तीनों दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक 17 प्रतिभागी मानस मंडली भी अपनी प्रस्तुति देंगे आयोजन को सफल बनाने आदर्श मानस मंडली एवं रामकिंकर शिष्य सेवा समिति भिलाई चरोदा व ग्रामवासी पाहंदा (अ) के सदस्यों ने जोरशोर से तैयारी कर रहे है। अंचल के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है ।

# मोर जमीन मोर मकान के हितग्राही अपना ओ.टी.पी. अन्य व्यक्ति से साझा नहीं करना है

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का शुभारंभ किया गया है। जिसमे बीएलसी (मोर जमीन-मोर मकान) योजना के तहत शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार प्राप्त आवेदनों का आनलाईन एन्ट्री प्रधानमंत्री आवास योजना के वेब यनिफाइड पोर्टल में किया जाना है। आनलाईन एन्ट्री में आवेदक के मोबाइल में ओटीपी आता है। आनलाईन एन्ट्री की प्रक्रिया निगम कार्यालय/अनुबंधित वास्तुविद के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के मोबाईल पर प्राप्त ओ.टी.पी. आनलाईन एन्ट्री करने वाले निगम के कर्मचारी को ही देवे। जो आपके घर में आकर फार्म भरवारा है आप उसको जानते हैं उसी को देना है। किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को ना देवें। जिससे वह गोपनीय जानकारी का दुरूपयोग न कर सकें, किसी अन्य व्यक्ति को ओ.टी.पी. साझा करने से आप फ्राड के शिकार हो सकते है। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि शासन प्रशासन द्वारा बार-बार सूचना दी जा रही है। समाचार पत्रों मोबाइल में भी जानकारी आ रही है। अपनी ओटीपी या बैंक संबंधी किसी प्रकार के डिटेल किसी भी व्यक्ति को ना दे, फोन पर जानकारी कभी ना दे, संबंधित व्यक्ति को जानने के बाद ही जानकारी साझा करें।

# तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com



महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा-पाटन दुर्ग में चल रहा तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2024 का सफल समापन किया गया। जिसमें चार महाविद्यालय के लगभग 160 विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों जैसे कबड्डी,खो-खो, वॉलीबाल,बैडमिंटन,दौड़, रिले रेस, भाला फेंक,गोला फेंक,टेबल टेनिस इत्यादि खेलों मे सहभागिता लिए थे । जिसमें ओवरआल चैम्पियन वानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा रहें एवं रनर उप उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सांकरा रहें ।इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महादेव कावरे संभागीय आयुक्त, रायपुर संभाग एवं कुलपति महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग, अति - विशिष्ट अतिथि दिलीप वासनीकर (सेवानिवृत्त) आयुक्त, विभागीय जांच छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, आर. एल. खरे, कुलसचिव महात्मा गाँधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग, विशिष्ट अतिथि डॉ. नारायण साहू, अधिष्ठाता उ. महा. एवं अनु. कें. हथनी, बिलासपुर, मदन लाल रंगारे एवं के. एल. मेश्राम थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अमित दीक्षित, अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र साकरा-पाटन दुर्ग कर रहे थे, डॉ दीक्षित ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता मे उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले लगभग 40 प्रतिभागियों का चयन इंटर जोनल (विश्वविद्यालय स्तर) के लिया हुआ है जो 27 से 29 दिसंबर 2024 तक उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर मे खेलेंगे ।समापन कार्यक्रम में कुलपति अपने संबोधन में बच्चों की अद्भुत खेल कूद में योगदान देखकर अपनी बचपन को याद किए और बताये कि जब मैं विद्यार्थी जीवन में था तभी से मेरा खेलकूद के प्रति बहुत लगाव था, और सभी खेलकूद में भाग लेता था। आगे कहते हैं इस प्रकार का कार्यक्रम आगे भी विश्वविद्यालय में होता रहेगा। कुलपति सभी विद्यार्थियों को खेलकूद में जुड़े रहने और बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील किए। इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन डॉ. सेवन दास खूंटे एवं डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो कर रहे थे। इस खेलकूद प्रतियोगिता के उपलक्ष्य में प्रो (डॉ.) अमित दीक्षित अधिष्ठाता, सांकरा महाविद्यालय अपने संबोधन में सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दिए।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण कर मनाया गया सुशासन दिवस



**दुर्ग।** देश में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई छत्तीसगढ़ वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी है। अटल बिहारी वाजपेई के सपनों को साकार करने करते हुए छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर में जिला पंचायत सभा कक्ष में काव्या जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रूपेश पांडे, अरदीप डीडी मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, गौरव मिश्रा एवं जनपद पंचायत के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# लखन जंघेल ने लोधी समाज के लिए 11 डिसमिल जमीन किया दान

पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला के धारा सलोनी गांव में रहने वाले लखन जंघेल।ने समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश की है । उन्होंने धारा एवं सलोनी के मध्य लोधी समाज के लिए 11 डिसमिल जमीन दान में दी है। उन्होंने यह घोषणा हरियाणा के करनाल शहर में आयोजित लोधीसमाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में की है। इसके बाद समाज के लोगों ने उनका ताली बजाकर सम्मान किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा विधायक उत्तर प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जांघेल,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने भी उनका उत्साह बढ़ाया और सम्मान किया। बता दे की राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला में काफी सराहनीय कार्य हो रहा है और यही कारण है कि समाज के कार्यो से प्रेरणा लेते हुए आज डोंगरगढ़ सर्किल में रहने वाले धारा सलोनी गांव निवासी लखन जंघेल ने अपना जमीन समाज के उपयोग के लिए दान में देने की घोषणा की है। इस अनुकरणीय प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने कहा कि निश्चित रूप से यह कार्य समाज के लिए काफी प्रेरणादाई है और समाज को आगे बढ़ाने में समाज के ऐसे ही दानवीर लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे आगामी पीढ़ी को भी एक अच्छा संदेश जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से इस अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे सभी सामाजिक जन मौजूद थे।

# सड़को पर गंदगी फैलाने वाले व्यापारियो से 9500 रूपये की चालानी कार्यवाही



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं खरीदने को रोकने पर कार्यवाही लगातार जारी है। वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर में विभिन्न व्यवसासियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से हैप्पी फास्ट फूड सेंटर 500, नैवदयम द बैसिक इंडियन फास्ट फूड 1100, तिरूमाल ब्रेक फास्ट सेंटर 500, यू टेस्ट डब सेंटर 2000, महालक्ष्मी टी स्टाल 200, आर एस सैलून 1000, गौरव सेनेटरी एवं हार्डवेयर 700, वेदांश इंटरप्राईजेस 1000, स्कीजेर युनिसेक्स सैलून 1000, द स्ट्राईलैंड ब्यूटी पार्लर 1000 एवं गुड फूड सेंटर 500 रूपये की चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 9500 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया।

AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़े

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें
अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह–ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई–निविदा जमा कराने की तिथि | ई–निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060720473445 मनमोहन गिरी पुत्र पंचम गिरी ( ऋणी ), नीतू गोस्वामी पत्नी पूरण गिरी ( सहऋणी ) | 13-जून-22 18,55,432/- अठारह लाख पचपनहजार चार सौ बत्तीस रूपये मात्र 10-जून -22 तक | 23-अगस्त -24 | संपत्ति स्थित पीएच नं. 17, खसरा नं. 267/1 /12के/1, वार्ड नं. 01, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, तहसील बिलहा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 96.8 वर्गगज | Rs. 15,20,000/- पन्द्रह लाख बीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,52,000/- एक लाख बावन हजार रूपये मात्र | 29-जनवरी-2025 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 27-जनवरी 2025 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालयः प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार पोस्ट बिलासपुर, छत्तीसगढ 495001 | गोपाल दास बैरागी / दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 23 जनवरी 2025 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए ई–मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
नोटः–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 15 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

दिनांक: 26.12.2024
स्थान: छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



# साउथ फिल्म 'एनकेआर 21' में अहम रोल निभाने वाले हैं सोहेल खान

**कई बॉलीवुड एक्टर साउथ की फिल्मों में अब अभिनय करते हुए नजर आने लगे हैं। बॉबी देओल के बाद अब एक्टर सोहेल खान भी साउथ की फिल्म में नजर आएंगे, इस फिल्म का उनका पहला लुक हाल ही में सामने आया है। उनकी आने वाली एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'एनकेआर 21' का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें सोहेल का पहला लुक बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।**

### एक्शन फिल्म है 'एनकेआर 21'

नंदमुरी कल्याण राम की दक्षिण भारतीय एक्शन फिल्म 'एनकेआर 21' में सोहेल खान एक अहम रोल निभाने वाले हैं। इस फिल्म का जो पोस्टर रिलीज हुआ है, उसमें सोहेल का पहला लुक काफी अलग दिख रहा है। यह लुक फिल्ममेकर्स ने सोहेल के जन्मदिन पर खास तौर पर जारी किया है।

### मिल रहा है नेगेटिव रोल का फील

सोहेल खान का जो पहला लुक फिल्म 'एनकेआर 21' में सामने आया है, उसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। सोहले ने चश्मा पहना हुआ है, काले रंग की ड्रेस पहनी है। वह काफी फोकस्ड नजर आ रहे हैं। सोहेल का यह लुक नेगेटिव रोल वाली फीलिंग दे रहा है। फिल्म 'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के किरदार काफी पावरफुल बताए जा रहे हैं। इन दोनों के किरदारों का आमाना-सामना दर्शक होते हुए देखेंगे। यह फिल्म सोहेल खान की साउथ में पहली फिल्म होगी। सोहेल ने बतौर एक्टर बॉलीवुड में कई फिल्मों में काम किया है, वह कॉमेडी, एक्शन, रोमांटिक सभी तरह के रोल कर चुके हैं। अब लगता है कि साउथ की फिल्म 'एनकेआर 21' में वह नेगेटिव किरदार निभाकर, दर्शकों को हैरान कर सकते हैं इस फिल्म को लेकर सोहेल खान भी काफी एक्साइटेड हैं।

### फिल्म की टीम है खास

'एनकेआर 21' में कल्याण राम और सोहेल खान के अलावा भी सई मांजेकर, श्रीकांत, पृथ्वीराज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रदीप चिलुकुरी कर रहे हैं। इस फिल्म में अजनीश लोकनाथ ने म्यूजिक दिया है। सीनियर एक्ट्रेस विजयाशांति भी फिल्म में एक अहम भूमिका निभाएंगी।



# कई बार ऐसा लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर एक खास पहचान बनाई है। दोनों ने शादी की। साथ ही अब उनकी एक बेटी भी है। कपल ने स्क्रीन लाइव प्रोग्राम में अपने फिल्मी सफर को लेकर बात की है। ऋचा और अली ने बताया कि वे निराशा की भावनाओं से कैसे निपटते हैं, उन्होंने बताया कि एक समय आया जब उन्हें लगा कि अब हार मान लेनी चाहिए।

ऋचा चड्ढा ने कहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए उन्हें हर 6 महीने में हार माननी पड़ती है। उन्होंने कहा, हर छह महीने में मुझे हार माननी पड़ती है और फिर से शुरुआत करनी पड़ती है।

### इन फिल्मों में नजर आए सितारे

अली फजल ने कहा, आमिर खान के साथ वे थ्री ईडियट्स फिल्म में पहली बार नजर आई थीं। ऋचा चड्ढा ने कहा, दिबाकर बनर्जी की फिल्म ओए लकी, लकी ओए में उन्होंने साल 2008 में पहली बार काम किया था। इसके बाद दोनों बॉलीवुड अभिनेता फुकरे फिल्म में साथ नजर आए थे। इसके बाद अली को अनुराग कश्यप की गैंग्स ऑफ वासेपुर में नजर आए थे।

### निर्माता के तौर पर सामने आए कपल

वर्कफ्रंट की बात करें तो दोनों सितारे गर्ल्स विल बी गर्ल्स को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म का निर्देशन सुची तलाती ने किया। फिल्म में सह-निर्माता ऋचा चड्ढा और कार्यकारी निर्माता अली फजल हैं। अगले साल वह एक फिल्म में एक्टिंग करती हुई भी नजर आएंगी। फिल्म 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' में ऋचा अलग तरह का किरदार करने वाली हैं। फिल्म में प्रीति पाणिग्रही और केसव बिनॉय किरण के साथ कनी कुसरुति मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह 18 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है।



# पुष्पा 3 का निर्माण जल्दी करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन, आगे खिसकाई त्रिविक्रम की फिल्म!

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। यह फिल्म 2021 में रिलीज हुई फिल्म पुष्पा- द राइज का सीक्वल है, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की ब्लॉकबस्टर सफतला के बाद अब दर्शकों को बेसब्री से इसके तीसरे भाग का इंतजार है। वहीं, अब पुष्पा 3 को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### पुष्पा 3 पर तेजी से काम करना चाहते हैं अल्लू अर्जुन

पुष्पा 2 द रूल को हिंदी पट्टी में सबसे ज्यादा दर्शक मिले। ऐसे में अभिनेता अल्लू अर्जुन इस फिल्म से मिली सफलता और लोगों से उत्साह को कम नहीं करना चाहते हैं। ऐसे में जल्द से जल्द पुष्पा 3 का निर्माण करना चाहते हैं, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। वहीं, अब निर्माताओं के साथ मिलकर अल्लू अर्जुन इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### राम चरण के साथ सुकुमार की फिल्म

हालांकि, अल्लू अर्जुन को पुष्पा 3 से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पर काम करना था। अब पुष्पा 3 के लिए निर्देशक सुकुमार के साथ मिलकर काम करने से पहले निर्देशक त्रिविक्रम के साथ एक फिल्म पूरी करने की उनकी मूल योजना खतरे में पड़ सकती है। इस बीच सुकुमार भी राम चरण के साथ एक फिल्म निर्देशित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# आयुष्मान और रश्मिका की 'थामा' का इंट्रोडक्टरी शूट हुआ पूरा, फिल्म से जुड़ी अपडेट आई सामने

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'थामा' की आधिकारिक घोषणा की। अब इस फिल्म से जुड़ी एक और अपडेट सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक परेश रावल के साथ आयुष्मान और रश्मिका ने फिल्म के इंट्रोडक्ट्री सीन शूट किए हैं। कथित तौर पर फिल्म से नवाजुद्दीन सिद्दिकी के किरदार से जुड़ी जानकारी भी सामने आई है। आइए जानते हैं फिल्म की अगला शूट कहां होगा।

### इस दिन शूट किया गया सीन

रिपोर्ट्स के मुताबिक आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल ने 12 दिसंबर, 2024 को रात के शेड्यूल के साथ शूटिंग शुरू की। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की 'थामा', निर्माता दिनेश विजान की हॉरर-कॉमेडी दुनिया की अगली किस्त होगी। फिल्म को अक्तूबर 2024 में ही शुरू किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हुई।

### दिल्ली में हो सकता है अगला शूट

कहा जा रहा है कि फिल्म की टीम जनवरी 2025 में लगातार शूटिंग शेड्यूल के लिए दिल्ली में फिर से इकट्ठा हो सकती है। राजधानी में एक महीने की फिल्मांकन के बाद, वह फरवरी 2025 में ऊटी जाएंगे, जहां नवाजुद्दीन सिद्दीकी कलाकारों में शामिल होंगे।

### ऊटी के जंगलों में चलेगी लंबी शूटिंग

रिपोर्ट्स की माने तो ऊटी के जंगलों में लंबी शूटिंग की योजना बनाई गई है, क्योंकि नवाजुद्दीन के किरदार को जंगल में रहते हुए दिखाया गया है। खलनायक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता कॉस्ट्यूम डिजाइनर शीतल शर्मा द्वारा डिजाइन किए गए एक अनोखे लुक में नजर आएंगे। आदित्य सतपोदार के निर्देशन में बनी फिल्म 'थामा' दिवाली 2025 पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना पहली बार एक साथ नजर आएंगे।



# मानसिक अवरोधों को तोड़ने में मदद करती है अलग-अलग तरह की भूमिका

टीवी अभिनेत्री भूमिका गुरुंग ने अलग-अलग तरह की भूमिका को निभाने को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि अलग-अलग तरह की भूमिका मानसिक अवरोधों को तोड़ने और एक कलाकार के रूप में अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में 'बस इतना सा ख्वाब' में शगुन की भूमिका निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि शगुन की भूमिका उनके व्यक्तिगत विकास को भी दिखाती है। इस बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने साझा किया, मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ मुख्य भूमिकाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। अगर सही तरह से निभाया जाए तो एक किरदार कम से कम स्क्रीन टाइम में भी अलग दिख सकता है। यह मानसिक अवरोधों को तोड़ने और भूमिकाओं में विविधता को अपनाने के बारे में है।

गुरुंग ने यह भी खुलासा किया कि शगुन का उनका किरदार पारंपरिक ढांचे से अलग है। शो में उनका किरदार आधुनिक, व्यावहारिक और अपनी पसंद को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है और भारतीय टेलीविजन पर अक्सर दिखाए जाने वाले त्याग करने वाली बहू से के किरदार बिल्कुल अलग है। भूमिका ने बताया, शगुन कोई कोमोलिका या खलनायिका नहीं है। उसकी अपनी भावनाएं हैं, वह गलतियां करती है और अपने फैसलों की जिम्मेदारी खुद लेती है। यही बात उसे दूसरों से अलग बनाती है। शो के बारे में बात करते हुए भूमिका ने कहा, हम सभी ने कभी न कभी किसी न किसी चीज का सपना देखा है। सपने हमें परिभाषित करते हैं। यही बात शो के टाइटल को प्रासंगिक बनाता है। यह छोटी-छोटी इच्छाओं और आकांक्षाओं के बारे में है, जो हर किसी के साथ जुड़ती है। भूमिका गुरुंग ने कहा, पिछले कुछ सालों में इंडस्ट्री काफी विकसित हुई है। नए ट्रेंड, कार्य संस्कृति और कहानी कहने की तकनीकों को अपनाना बहुत जरूरी है।



# टीवी सेलिब्रिटी दिखाएंगे मास्टर शेफ में कुकिंग का हुनर, फराह खान-रणवीर बरार होंगे जज

मास्टर शेफ को पसंद करने वालों की संख्या काफी है। इस शो के जरिए आम लोगों को भी अपने खाना बनाने के हुनर के कारण सेलिब्रिटी शेफ बनने का मौका मिला है। देश में आज कई ऐसे बड़े शेफ हैं, जो 'मास्टर शेफ' में बतौर प्रतियोगी आए और बाद में सेलिब्रिटी शेफ बन गए। अब इस शो में टीवी के नामी सेलिब्रिटीज नजर आएंगे और अपनी कुकिंग का हुनर दर्शकों को दिखाएंगे। 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' जल्द ही शुरू होने वाला है।

### मिलेंगे मुश्किल कुकिंग टास्क

सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया गया है। यह वीडियो 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' का नया प्रोमो है। इसमें शेफ रणवीर बरार, एक मुश्किल कुकिंग टास्क प्रतियोगियों को देते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही निर्देशक, कोरियोग्राफर फराह खान भी नजर आती हैं। इस वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है- 'जिन्हें देखकर पूरा इंडिया सीटी बजाता था, अब उन सबकी सीटी बजेगी।'

### दीपिका कक्कड़ की टीवी पर वापसी



इस शो में जो टीवी सेलिब्रिटी नजर आएंगे, उनमें से एक दीपिका कक्कड़ भी है। हाल ही में अपने व्लॉगिंग चैनल पर ही दीपिका कक्कड़ ने बताया कि वह जल्द ही एक दर्शकों को एक खास प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। इसी व्लॉग में वह शूटिंग वाली जगह पर भी नजर आई। शूटिंग पर उनका बेटा भी साथ में मौजूद था। दीपिका ने कहा कि वह जल्द ही बताएंगी कि किस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं। अब साफ हो गया है कि 'मास्टर शेफ' के जरिए दीपिका एक बार फिर से टीवी पर नजर आएंगी।

### गौरव खन्ना भी होंगे शामिल

टीवी सीरियल 'अनुपमा' छोड़ने के बाद गौरव खन्ना भी अब 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगे। वह दिखाएंगे कि एक्टिंग करने के अलावा उन्हें अच्छी कुकिंग करनी भी आती है।

### तेजस्वी प्रकाश भी आएंगी नजर



तेजस्वी प्रकाश कई टीवी रियालिटी शो का हिस्सा बन चुकी हैं। वह 'बिग बॉस 15' जीत भी चुकी हैं। अब तेजस्वी प्रकाश भी 'सेलिब्रिटी मास्टर शेफ' में नजर आएंगी।

# महेश बाबू की SSMB29 से जुड़ सकती हैं प्रियंका

पिछले लंबे समय से महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म SSMB29 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसका निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं। यह राजामौली और महेश के बीच पहला कोलैबोरेशन है, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में लीड एक्ट्रेस के लिए मेकर्स ने प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही फिर से इंडियन सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की फिल्म SSMB29 में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि प्रियंका जल्द ही फिल्म साइन कर सकती हैं।



# फर्जी वाहनों से सीमेंट की सप्लाई दिखा करोड़ो की जीएसटी चोरी का मामले ने पकड़ा तूल

## सेंट्रल जीएसटी विभाग से शिकायत, व्यापारी ने लगाए सनसनीखेज आरोप

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

नुवोका विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा दोपहिया वाहन, कार, स्कूल व कॉलेज बस, चैन माउंटेन मशीन सहित छोटे वाहनों से 500 से अधिक सीमेंट बोरियों की सप्लाई दिखा करोड़ो रुपये की जीएसटी चोरी मामले ने तूल पकड़ लिया है। डौंडीलोहारा के व्यापारी अमित जैन ने सेंट्रल जीएसटी विभाग एवं केंद्रीय मंत्री को मेल के माध्यम से शिकायत प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की हैं। जय ट्रेडर्स फर्म के अमित जैन ने शिकायत में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि नुवोका विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड अपने सीएंडएफ एजेंट के माध्यम से विगत 5-6 वर्षो से फर्जी बिल बेचने का कार्य कर रही है। दोपहिया-तीन पहिया वाहन, स्कूल-कॉलेज बस, एग्रीकल्चर ट्रैक्टर, छोटे पिकअप गाड़ियां, टाटा एसी, चैन माउंटेन, आरसी कैंसल्ड गाड़िया और ऐसी वाहने जिसका बीमा, फिटनेस, टैक्स (ब्लैक लिस्टेड गाड़ियां) खत्म हो चुका है, ऐसी गाड़ियों में कंपनी द्वारा 500-600 बोरी सीमेंट की सप्लाई दिखाई जा रही है, जो कि किसी भी दृष्टि से संभव नहीं है। उन्होंने प्रेषित शिकायत में कहा कि कंपनी द्वारा एक ही दिन में एक व्हीकल से 2-3 डीलर्स को कुछ घंटों में 50-100 मैट्रिक टन की सप्लाई दिखाई जा रही है। जिसका ई-वे बिल भी बनाया गया है द्य पूर्व में 13 हजार से अधिक फर्जी वाहन व नंबर से सीमेंट की सप्लाई किये जाने की प्रमाणित शिकायत की गई थी, लेकिन अमित जैन ने दावा किया है कि अगर जीएसटी विभाग इसका निष्पक्ष होकर जांच करेगा तो इससे भी अधिक फर्जी वाहनों का खुलासा हो पाएगा।


13 हजार फर्जी गाड़ियों के नम्बर कराए उपलब्ध
नुवोका विस्टास ने कई फर्जी वाहनों से डीलरों को की हजारों टन सीमेंट की सप्लाई, व्यापारी ने जीएसटी विभाग में की शिकायत

### सभी साक्ष्य जीएसटी विभाग को कराए गए उपलब्ध

अमित जैन ने सेंट्रल जीएसटी विभाग व केंद्रीय मंत्री को प्रेषित शिकायत में अवगत कराते हुए बताया कि विगत 10 महीनों से उनके द्वारा जीएसटी विभाग को अलग अलग तरीको से कई शिकायतें की गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारियों के बोलने के तरीको से ऐसा प्रतीत होता है कि वे जीएसटी विभाग से नहीं अपितु नुवोको विस्टास कंपनी के अधिकारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि अब इस मामले में ऐसा प्रतीत होने लगा है कि जीएसटी विभाग के कुछ अधिकारी इसमें लिप्त हो गए हैं। पर्याप्त सबूत एवं साक्ष्य उपलब्ध कराने के बावजूद भी अब तक कोई विशेष कार्यवाही जीएसटी विभाग द्वारा नहीं की गई है, जबकि मात्र कोई सूचना या संदेह के आधार पर भी कार्यवाही की जा सकती है।

### बोगस बिलिंग कर आर्थिक क्षति पहुचाने का किया गया प्रयास

उन्होंने बताया कि कंपनी के द्वारा कर चोरी संबंधित पर्याप्त साक्ष्य उनके द्वारा विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं। वैसे तो यह सब कार्य जैसे सूचना एकत्रित करना, सूचना के आधार पर साक्ष्य जुटाना और फिर तत्संबंधी कार्यवाही करना जीएसटी विभाग का ही कार्य है।कंपनी द्वारा बोगस बिलिंग करके उन्हें भी आर्थिक क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी विभाग न तो मेरे हितों का संरक्षण कर पा रही है और न तो इस तरह से करोड़ों रूपये के इस बड़ी कर चोरी के मामले में अब तक कोई कार्यवाही ना करके अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है।

### पायनियर ने प्रमुखता से किया प्रकाशन

बता दे कि 23 दिसंबर को पायनियर ने शीर्षक 'नुवोका विस्टास में कई फर्जी वाहनों से डीलरों को की हजारों टन सीमेंट की सप्लाई, व्यापारी ने जीएसटी विभाग में की शिकायत' समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था, जिसके बाद कंपनी के कई अधिकारी, ट्रांसपोर्टरों के फोन पायनियर ऑफिस में आ रहे है।

# जेवरा सेवा सहकारी समिति का प्रबल सिंह ने अध्यक्ष पद संभाला

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




अटल बिहारी वाजपेई के 100 वें जन्म जयंती सुशासन दिवस के अवसर ग्राम जेवरा (विख/जिला बेमेतरा, छग) में नवनियुक्त सोसायटी अध्यक्ष प्रबल सिंह ठाकुर ने भगवान बलभद्र जी और अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित, दीप प्रज्वलित, नमन प्रणाम कर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल बेमेतरा के नवनियुक्त अध्यक्ष गजानंद साहु मुख्य रूप से शामिल हुए उनके साथ महामंत्रीगण डेरहाराम देवांगन, भागी साहु, डे साहब वर्मा, शक्तिकेन्द्र प्रभारी टोप सिंग टंडन, समस्त बुथ प्रमुख गण, प्रवीण सिंह कचराबाई डॉ शिवेंद्र त्रिपाठी चैतराम निषाद राममुरारी सिंह सालिक दुबे कुमार साहु प्रणय राणा फूल सिंग साहु चंद्रहास सिंह तारन साहु दीपेन्द्र सिंह रामबिसाल साहु अनिरुद्ध सिंह लाला पाटिल दीनानाथ योगी रामेश्वर बंजारे मनीराम लहरे रूपेश पाटिल भागवत सिन्हा उगेश यदु भूनेश्वर साहु शोभा यादव संतोष ध्रुव गोपाल सिन्हा संदीप खरे वेदप्रकाश वैष्णव महेश निषाद विजय वर्मा हरिचंद मारकंडे तेजराम निषाद लव कुमार गेंड्रे जगेसर वर्मा अशोक साहु सीताराम निषाद भारत साह रमेश्वर संघारे तरूण सिंह अनिल सिंह विवेक सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान और भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## राशन कार्डधारी 25 फरवरी तक करा सकते नवीनीकरण, खाद्य विभाग ने की तिथि में वृद्धि

**बेमेतरा।** खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण के अंतर्गत प्रचलित राशन कार्डों की नवीनीकरण प्रक्रिया की समय सीमा में वृद्धि की है। जिन्होंने अब तक राशन कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है। वह 28 फरवरी 2025 तक करा सकते है। जिला खाद्य अधिकारी ने ऐसे राशन कार्ड धारियों से अपील की है जिन्होंने अब तक किसी कारण वश नवीनीकरण नहीं हुआ वह आगामी 28 फरवरी 2025 तक करा सकते है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में प्रचलित 263606 राशनकार्डों में से 251309 (95.34:) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, तथा 12297 राशनकार्डों का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 28 फरवरी 2025 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गए हैं। पुनःनवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारियों से अपील की जाती है वे अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा स्वयं मोबाइल एप के माध्यम से 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रूप से नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा लेवें।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण,अंतिम गांव भी जुड़ा मुख्यालय से




पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की एक क्रन्तिकारी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना , ने 25 दिसंबर को 25 वर्ष पुरे कर लिए है। योजना ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य ग्रामीण भारत को सड़क नेटवर्क से जोड़कर समग्र विकास और सशक्तिकरण सुनिश्चत करना हैं। वर्ष 2000 मे शुरू की गई योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों मे आवागमन की सुविधा को बढ़ावा दिया, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा हुए, बल्कि स्वस्थ, शिक्षा और व्यापर जैसे बुनियादी सुविधाओं को नई दिशा मिली है।

### योजना की प्रमुख उपलब्धिया

कबीरधाम जिला में अब तक कुल 384 सड़क राशि रुपये 647.44 करोड़ लाख की 1904. 67 किमी की ग्रामीण सड़को एवं 11 वृहद् पुल पुलियों राशि 25. 91 करोड़ लाख का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री आदिवासी महा अभियान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 मे कुल 47 सड़क लागत राशि 135. 73 लाख करोड़ की 186. 20 किमी एवं वर्ष 2024 -25 बैच -1 मे कुल 12 सड़क लागत राशि 32. 58 लाख करोड़ 46. 60 किमी की स्वीकृति प्राप्त हुई है कार्य प्रगति पर है तथा बैच -02 अंतर्गत कुल 17 सड़क लागत राशि 28. 22 लाख करोड़ की 40.80 किमी की निविदा प्राक्रिधिन हैं । कबीरधाम जिले मे 573 गांव को मुख्य सड़क नेटवर्क से जोड़ा गया है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने मे महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आधुनिक तकनीकों और पर्यावरण -अनकूल निर्माण प्रक्रियाओं को अपनाया गया है।

### विकास में मिल का पत्थर हुआ साबित

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने ग्रामीण भारत के विकास मे मील का पत्थर स्थपित किया हैं। यह योजना सबका साथ सबका विकास के दृष्टिकोण को साकार करती है, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हर गांव, हर नागरिक, और हर क्षेत्र विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे है प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भविष्य मे पीएमजीएसवाय फेस 4 और प्रधानमंत्री जन मार्ग योजना के अंतर्गत और अधिक बस्तियों और गॉवों को सड़क संपर्क से जोड़ने की योजना है।

# पीएम श्री सेजस कुम्हारी में हुआ बाल दिवस




पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्देशित वीर बाल दिवस का आयोजन पी एम सेजस कुम्हारी में किया गया। भारत के भविष्य की नींव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए, समर्पित एक राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देने और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिसमें 6 से 18 वर्ष के आयु तक के बच्चों को विभिन्न चरणों में कई प्रतियोगिताओं के लिए निम्नलिखित विषय दिए गए जैसे- भारत के लिए मेरा सपना - मुझे क्या खुशी देती है, राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका, विकसित भारत के लिए मेरा दृष्टिकोण इत्यादि विषयों में बच्चों ने चित्रकला, निबंध लेखन, पोस्टर, नाटक के माध्यम से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुति दी जिसमें कक्षा सातवीं की साधना एवं साक्षी ठाकुर ने भाषण आस्था दसवीं, बलजीत सिंह छाबड़ा ग्यारहवीं, मोहित सोनवानी। कक्षा सातवीं से नैतिक, वीर, सत्यम, अमूल्य एवं सृष्टि द्वारा वीर साहिब जादे की शहादत पर मनमोहक नाट्य प्रस्तुति दी। रंगोली में प्रिया यादव, चांदनी कश्यप और ग्रुप, कक्षा ग्यारहवीं पुष्पा साहू सुधा साहू कक्षा दसवीं द्वारा मनमोहक रंगोलिया बनाई गई। चित्रकला- पोस्ट में चैतन्य विश्वकर्मा कक्षा सातवीं, अभिज्ञान वर्मा छठवीं जया कुमारी छठवीं खुशी मिश्रा कक्षा आठवीं प्राची गुप्ता 9वीं श्रेया गुप्ता, दसवीं आहान अंसारी, दसवीं एवं अन्य बच्चों ने अपनी उत्साहपूर्वक भागीदारी प्रस्तुत की।

### वीर बाल दिवस का है गौरवशाली महत्व

वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है. सिक्खों के अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपनी आस्था की रक्षा करते हुए निडरतापूर्वक अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। यह उनके निर्भीक बलिदान के प्रति राष्ट्र की ओर से ससम्मान नमन और कृतज्ञता प्रकट करते हुए स्मरण करने का महान दिवस है, अतीत की गौरवशाली कहानियों को स्मरण करने का और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई! विशेषकर जोरावर और फतेह सिंह की सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था। इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 वर्ष की बाल्यावस्था में कथित रूप से जीवित ही भूमि में दफन कर दिया गया था। प्राचार्या लता रघु कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में स्वस्फूर्त समस्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

# ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने किसानों से मिले कलेक्टर



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चन्द्रवाल जिले में जल के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों के अंतर्गत जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों के पैदावार के लिए प्रोत्साहित करने किसानों से उनके खेतों में पहुँचकर उनसे मुलाकात की। इसके अंतर्गत चन्द्रवाल जिले के ग्राम मटिया में पहुँचकर किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाए गए रबी फसलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मटिया से भेड़िया नवागांव तक किसानों के खेतों में पैदल चलकर रबी फसलों का मुआयना किया। चन्द्रवाल किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाए गए ग्रीष्मकालीन धान के बदले चना, गेहूँ, सरसों, लाखड़ी आदि फसल को देखकर बहुत ही प्रसन्नचित हुए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को ग्राम मटिया एवं आसपास के गांवों में चना एवं गेहूँ आदि फसलों का क्षेत्राच्छादन बढ़ाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने किसानों को इन फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन के लिए प्रेरित करने तथा बिक्री आदि की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे किसानों को अपने उत्पाद का वाजिब दाम मिल सके। इस दौरान कृषि विभाग के उप संचालक जीएस धुर्वे, सहायक संचालक एस एन ताम्रकार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने किसानों को उनके उत्पाद का उचित दाम दिलाने हेतु की जा रही व्यवस्था के अंतर्गत किसान बिचौलियों के माध्यम से अपने उत्पाद की बिक्री न करके कृषक उत्पाद समूह आदि के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा कर इसके लिए जरूरी आवश्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली। किसानों ने कहा कि इस कार्य के लिए उन्हें सर्वप्रथम फसल पकने के बाद फसलों के उचित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अंतर्गत फसलों को घुन आदि से बचाने के लिए समुचित मात्रा में दवाइयां आदि की आवश्यकता पड़ेगी। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषि विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अछोली में आयोजित बाबा घासीदास जयंती में शामिल हुए पूर्व विधायक छाबड़ा



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम अछोली में आयोजित बाबा घासीदास जयंती में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जहां उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर सतनामी समाज के द्वारा जयंती का जो आयोजन किया गया है वह बहुत ही सराहनीय है बाबा गुरु घासीदास ने हमें जीवन जीने का तरीका सिखाया है मनखे के मनखे के एक समान का संदेश दिया है उनके जयंती के शुभ अवसर पर पंथी के माध्यम से हमें न केवल जीवन जीने को उत्साहित करती है बल्कि जीवन में ऊर्जा का संचार भी करती है बाबा गुरु घासीदास के संदेश सभी जन समुदाय के लिए आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं अगर मनुष्य उनके बताएं मार्गो पर चले तो जीवन रूपी नईया बहुत आराम से पर लग जाएगी मैं इस जयंती में पधारे हुए सभी लोगों का स्वागत करता हूं तथा अपनी ओर से इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं इस अवसर पर लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शुभम वर्मा जयनारायण साहू सरपंच ग्राम पंचायत अछोली अनघया कोसले सतराम कोसले श्रवण गेंडे सुखदास कोसले, जगमोहन कोसले अशोक कोसले, संतोष कोसले, खेलावन बारले, भागवत कोसले कैप्टन अनिल शर्मा, आनंद शर्मा सूरज तिवारी सोहन साहू मोहन चौहान अभयराम साहू सुनील साहू,हरिनारायण साहू वासुदेव साहू ऋषि साहू तोरण साहू सहित पंथी पार्टी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बी. आर. अंबेडकर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी से आक्रोशित कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भारतीय संविधान के शिल्पिकार डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पर सदन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पणी पर अंबेडकर अनुयायियों में तीव्र आक्रोश है। अनुयाईयों का कहना है कि इस अपमानजनक टिप्पणी ने अंबेडकरवादी और बौद्ध समाज को दुःखी तथा आक्रोशित कर दिया है । कुम्हारी के अंबेडकरवादी और बौद्ध समाज ने कलेक्टर दुर्ग को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल निष्कासित किए जाने की मांग की है। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्षा उपासिका प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। बौद्ध समाज कुम्हारी ने दुर्ग में धरना स्थल पर प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज प्रभु स्मृति भवन बेमेतरा में विश्व तुलसी पूजन दिवस का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ब्रह्माकुमारीज प्रभु स्मृति भवन बेमेतरा में विश्व तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। अतिथि के रूप में बहन भाग्यश्री पोल और रश्मी ताम्रकार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने कहा कि तुलसी को एक माँ के रूप में पूजा जाता है क्योंकि जिस घर में तुलसी का पोधा लगाया जाता है वह घर पवित्र और शुद्ध होता है। हम सभी क्लीन और ग्रीन भारत की संकल्पना करते है लेकिन इसके पूर्व हमें अपने मन को क्लीन और ग्रीन करना होगा और यह तभी संभव है जब हमारे अंदर की नकारात्मक सोच समाप्त करके हम सभी सकारात्मकता को अपनाएं क्योंकि जिस प्रकार तुलसी घर के चारों तरफ के वातावरण को शुद्ध, सात्विक और स्वच्छ बनाए रखती है ऐसे ही हमारे सकारात्मक विचार संपूर्ण संसार में एक स्वच्छ कंपन की तरह फैलेंगे क्योंकि वर्तमान समय हर एक वर्ग के लोगों को चिंता, टेंशन और तनाव है जो कि सकारात्मकता से ही दूर हो सकती है। भाग्यश्री पोल ने कहा कि तुलसी पूजन दिवस एक भारतीय त्यौहार है जो हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर तुलसी (ओसीमम टेनुइफ्लोरम) का पौधा लगाया जाता है और उसकी पूजा की जाती है। लोग मिट्टी के दीये जलाते हैं, प्रार्थना करते हैं और तुलसी देवी का आशीर्वाद मांगते हैं। रश्मी ताम्रकार ने कहा कि तुलसी का उपयोग औषधीय और आध्यात्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है। यह पवित्र है, और सभी का मानना है कि तुलसी समृद्धि लाती है। ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने सभी अतिथियों को तुलसी पौधा देकर सम्मान किया।

## वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उदबोधन सुना गया

# नगर पालिका दल्ली राजहरा में किया गया अटल सुशासन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती के अवसर पर नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा अटल सुशासन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका के सभागार कक्ष में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उदबोधन सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवलाल ठाकुर छाया विधायक डौंडीलोहारा द्वारा अटल बिहारी वाजपेई की छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। छाया विधायक देवलाल ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का 100वीं जयंती है। पूरा देश उनको नमन कर रहा है वे छत्तीसगढ़ के निर्माता है। प्रदेश का निर्माण कर उन्होंने छत्तीसगढ़ को एक नया आयाम देने का अवसर दिया। छत्तीसगढ़ के विकास के बारे में जैसा सोचा था वैसा ही छत्तीसगढ़ का विकास हो रहा है। अटल बिहारी वाजपेई नेता प्रतिपक्ष हुआ करते थे राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रवाद को आगे रखने के लिए सत्ता पक्ष के लिए भी विदेश में बात रखते थे उसे समय भी चर्चा होती थी कि ऐसे व्यक्ति का भारतीय राजनीति में होना बहुत जरूरी है। अटल बिहारी वाजपेई अंतिम व्यक्ति को लेकर चलने वाले शख्स थे एक कवि साहित्यकार और एक अच्छे व्यक्ति थे उन्होंने देश को नई ऊर्जा दी उनका जीवन आदर्शो से भरा हुआ है उनके मन में केवल जन सेवा और राष्ट्र प्रेम रहा है। समाज मे केवल डॉक्टर और इंजीनियरों का सम्मान किया जाता था । समाज में काम करने वाले अंतिम व्यक्ति का कभी सम्मान नहीं होता था किंतु आज सफाई मित्रों का सम्मान किया जाने लगा है। आदमी से आदमी का मतभेद दूर करने का काम किया है तो हमारी विचारधारा ने किया है श्रद्धेय अटल की विचारधारा ने किया है। गांव गांव में जो पहुंच मार्ग दिख रहे हैं वह अटल की देन है। अटल सुशासन समारोह को मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, एवं सौरभ लूनिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पार्षद टी.ज्योति, ममता नेताम, प्रमिला पारकर, राजेश कांबले, विजय भान, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, महामंत्री रमेश गुर्जर, भाजयुमो नगर अध्यक्ष संजीव सिंह, दिलीप शर्मा जिला कोषाध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महेश पांडे, राजेश दसोड़े ,मोनू चौधरी, भूपेंद्र डहरवाल मीडिया प्रभारी, सुरेंद्र बेहरा,मदन मायती, शीतल नायक, किरण सिन्हा, रमेश जैन, सुमित जैन, गीता मरकाम, सुखांतिन ठाकुर एवं नगर पालिका के वरिष्ठ अभियंता सलीम सिद्दीकी उप अभियंता भानु प्रकाश घोष एवं समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अड़भार नगर पंचायत में होगा अटल परिसर का निर्माण




पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

नवगठित शक्ति जिले के नगर पंचायत अड़भार में छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा अटल परिसर का निर्माण किया जाएगा, उपरोक्त निर्माण वर्चुवल शिलान्यास 25 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राज्य के नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने राजधानी रायपुर से वर्चुअल रूप से किया, इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय अड़भार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के तेल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें स्मरण किया गया, साथ ही इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष दिशु बनियाराम रात्रे ने कहा कि अटल ने प्रधानमंत्री रहते हुए इस देश के विकास को एक नई दिशा दी तथा अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्री के रूप में इस देश में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान सहित विभिन्न अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिसे आज भी समस्त देशवासी याद करते हैं, एवं अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया तथा हम सब छत्तीसगढ़ प्रदेश की जनता उनका धन्यवाद ज्ञापित करते हैं, नगर पंचायत कार्यालय परिसर अड़भार में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शहर वासी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, तो वहीं इस अवसर पर नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय ने भी कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, नगर पंचायत अड़भार में अटल जन्म जयंती के सुअवसर पर अटल परिसर निर्माण का शिलान्यास किया गया है,जिसको वर्चुअली रूप से विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री,अरूण साव उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा किया गया है। 25 दिसंबर को नगर पंचायत कार्यालय अड़भार परिसर में आयोजित अटल निर्माण परिसर के शिलान्यास समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष दिशु बनिया राम रात्रे, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राधेलाल शुक्ला, मंडल अध्यक्ष भाजपा जीवेंद्र गबेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव , अरविंद तिवारी, गोमती रात्रे, बसंत धीरज, प्रेमलाल देवांगन,बाबूलाल गबेल, सुखराम यादव, ब्रजत देवांगन, सुरेश साहू, जीवन निषाद, रोहित साहू, भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता बनिया राम रात्रे, श्याम लहरें, नीरज पांडेय, बसंत धीरज, नगर पंचायत अड़भार के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय, राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप यंत्री मुजफ्फर हुसैन, सफाई निरीक्षक विकास देवांगन सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर पुलिसिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने रात में निकले गश्त पर

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर



जिले के एसएसपी पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने की दिशा में लगातार पुलिस के अधिकारी व जवानों के बीच जाकर उन्हें बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित कर हौसला अफजाई कर रहे है तो वहीं जवानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उसके निराकरण में लगे हुए है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्र में फिर अनाचक रात्रि गश्त पर निकले और रात्रि गश्त कर रहे अधिकारी व जवानों के साथ गश्त कर उन्हें पूर्ण सजगता के साथ गश्त करने हेतु प्रोत्साहित किया। गश्त के दौरान अपने बीच वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पाकर जवान उत्साहित दिखे। रात्रि में कई थाना-चौकी क्षेत्र में जाकर जवानों की सतर्कता को भी चेक जांचा।

एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार, 24 दिसम्बर 2024 को थाना प्रतापपुर, चंदौरा, विश्रामपुर चौकी रेवटी क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे अधिकारी व जवानों के बीच पहुंचे और उनके साथ पैदल गश्त कर जवानों से दैनिक ड्यूटी सहित थाना क्षेत्र की गतिविधियों और उनकी गुजारिश के बारे में पूछा। रात्रि गश्त में अपने साथ एसएसपी को गश्त करता देख और गुजारिश को पूछे जाने से जवान काफी उत्साहित दिखे और सजगता के साथ रात्रि गश्त पर लगे रहे। इस दौरान एसएसपी ने जवानों को कहा कि आपकी समस्या का निराकरण करना मेरी जिम्मेदारी है, उन्होंने जवानों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और सहानुभूतिपूर्वक समाधान का आश्वासन दिया। एसएसपी का यह पहल जवानों के बीच बेहतर समन्वय और विश्वास स्थापित करने तथा उत्कृष्ट कार्य कराने की दिशा में सार्थक कदम है।

# अटल जी ने हमें छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहने का गौरव प्रदान किया : महेंद्र पंडित

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न देश के पूर्व यशस्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के 100वी जन्म जयंती ग्राम लोहरसिंग में कृतज्ञता पूर्ण भाव के साथ अटल चौक में अटल स्मारक में अटल जी के छाया चित्र में पुष्पांजलि कर उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्त के रूप में भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित ने कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया जिससे हमें हमारी वास्तविक पहचान मिली। हम ही नहीं पूरी दुनिया के श्रेष्ठ वक्तागण अब हमें संबोधित करते हुए कहते है छत्तीसगढिया सबले बढिया जिससे हमें गौरव प्राप्त होता है। इस कारण छत्तीसगढ़ के प्रत्येक नागरिक को अटल जी के प्रति कृतज्ञता का भाव रखकर उनके प्रति सम्मान रखना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अटल जी ने हमारे जीवन में शिक्षा स्वास्थ्य और सम्मान से जीने के लिए उचित और महत्वपूर्ण कार्य किया, जिसे आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। अटल जी ने साक्षरता की दर को बढ़ाने के लिए सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत कर प्रारंभिक शिक्षा को नीचे से नीचे स्तर तक पहुंच कर सामान्य से सामान्य जन की साक्षरता दर बड़ी आज मोदी जी शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचा करने के लिए पीएम योजना लाकर उसे आगे बढ़ा रहे हैं। अटल जी ने भारत वासियों को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिलें। उसके लिए एम्स जैसे महान संस्था की स्थापना की जहां पर बिना किसी भेदभाव से बड़े छोटे सभी वर्ग के व्यक्तियों को एक समान इलाज होता है। इसी कड़ी को देश यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी आगे बढ़ते हुए पूरे देश में एम्स की संख्या को बढ़ाया। साथ ही विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत लाई जिसमें योजना के पात्र परिवार 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है और स्वस्थ जीवन जीने में आगे बढ़ सकता है। अटल जी ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर पूरे विश्व को भारत के शक्ति संपन्न होने से परिचय कराया था जिसके कारण विश्व में भारत का सम्मान बड़ाए आज मोदी जी इस कार्य को आगे बढ़ते हुए अगर कोई आतंकवादी हमारे देश में हमला कर वो किसी भी देश में छुपा हो वहां घुसकर उन्हें सबक सिखाया जाता है। पंडित ने कहा इन सभी विस्तृत बातों बातों का निचोड़ी है कि अटल जी की दिखाई शिक्षा स्वास्थ्य और सम्मान से जीने की राह को आज के देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं और नया इतिहास रच रहे हैं। इस अवसर पर विशेष अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्यामा नरेश साहू ने कहा कि अटल जी ने पूरे देश को सुशासन से परिचित कराया उनके जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मानना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

# पार्षद रजनी संजय रामचंद्र के प्रयासों से पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का होगा जीर्णोद्धार

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद शक्ति की वार्ड क्रमांक- 6 की भाजपा पार्षद रजनी संजय रामचंद्र के प्रयासों से शक्ति शहर के जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान का जीणोद्धार कार्य प्रारंभ हो गया है, उपरोक्त कार्य के लिए जांजगीर- चांपा लोकसभा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद गुहाराम अजगले से पार्षद रजनी संजय रामचंद्र ने मांग की थी, जिस पर तत्काल रु. 300000 तीन लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो गई थी, तथा नगर पालिका परिषद शक्ति द्वारा 26 दिसंबर को उपरोक्त स्वीकृति पर जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन 26 दिसंबर को किया गया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका शक्ति की वार्ड क्रमांक- 6 की पार्षद रजनी संजय रामचंद्र, नगर




पालिका परिषद शक्ति के पूर्व अध्यक्ष संजय रामचंद्र, पूर्व अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, भाजपा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, भाजपा जांजगीर चांपा जिले के पूर्व जिला महामंत्री कन्हैया गोयल, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ शक्ति जिले के संयोजक रंजन सिन्हा, भाजपा नगर मंडल शक्ति के महामंत्री अमन डालमिया, विष्णु शर्मा, पूर्व पार्षद मुकेश अग्रवाल, सिविल कांट्रेक्टर मनीष अग्रवाल, नगर पालिका परिषद शक्ति के उप यांत्रिक नायक,शयन शुक्ला सहित काफी संख्या में नागरिक बंधु मौजूद थे। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का श्रीफल फोड़कर भूमि पूजन किया गया तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल ने भी पूजा अर्चना की, तथा पार्षद रजनी संजय रामचंद्र एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचंद्र ने कहा की शक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान साल 2008 में तत्कालीन जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद करुणा शुक्ला की सांसद निधि से स्थापित हुआ था तथा उपरोक्त उद्यान के समय के अनुसार जीणोद्धार की आवश्यकता थी, जिसे देखते हुए तत्कालीन सांसद गुहाराम अजगल्ले से मांग की गई थी, जिस पर स्वीकृति मिली एवं यह जीणोद्धार का कार्य प्रारंभ हो रहा है, इस अवसर पर नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने भी कहा की शक्ति शहर के हृदय स्थल में यह दीनदयाल उपाध्याय है उद्यान स्थापित किया गया था, किंतु इस उद्यान में और अधिक बड़े स्तर पर नवीनीकरण कार्य की आवश्यकता है, जिसके लिए आने वाले समय में और प्रयास किया जाएगा।

# वरिष्ठ पत्रकार अनिल साखरे को पुत्र शोक

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी अनिल साखरे के सुपुत्र दिव्यम साखरे (उम्र- 24 वर्ष) निवासी शांति नगर भिलाई का 25 दिसंबर 2024 को हृदय घात से आकस्मिक निधन हो गया, दिव्यम साखरे वरिष्ठ पत्रकार अनिल साखरे के ज्येष्ठ सुपुत्र थे, एवं उनका अंतिम संस्कार 26 दिसंबर 2024 दिन- गुरुवार को रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया गया, अंतिम संस्कार यात्रा उनके निवास- शांति नगर भिलाई हाउस नंबर- 675, सड़क नंबर-7 से रवाना हुई, दिव्यम साखरे के निधन पर छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है की साखरे परिवार के लिए यह समय बड़ा दुख का है, एवं पूरा यूनियन परिवार उनके साथ इस दुख की घड़ी में साथ है, तथा साखरे परिवार के इस नौजवान युवक का अल्पायु में निधन हम सभी के लिए दुःखो भरा है, एवं मैं इस अवसर पर पूरे यूनियन परिवार की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि साखरे परिवार भिलाई को इस गहरे दुख का सामना करने शक्ति प्रदान करें एवं मृतआत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करते हुए स्वर्ग लोक में अपने चरणों में उन्हें स्थान दें तथा 26 दिसंबर को दिव्यम साखरे के अंतिम संस्कार में छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम सहित यूनियन परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल हुए।

# शिकसा ने सदाबहार नगमे का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में क्रिसमस डे व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी का जन्मदिन के अवसर पर शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत 'सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन 'आस' विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति व टीकाराम सारथी 'हसमुख' प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना शशिकला पांडे उच्च वर्ग शिक्षक कुरुद भिलाई दुर्ग व राजगीत हेमराज निषाद व्याख्याता बसना महासमुंद ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन ÷आस÷ ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया और कहा शिकसा भूले बिसरे गीतों के संर्वधन करने निरंतर कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे है। पुराने गीत हमारे दिल को छू लेता है इसमें ज्यादा से ज्यादा शिक्षक शामिल होकर अपनी प्रतिभा को पहचान दे सकते है। तदपश्चात प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने कहा कि क्रिसमस डे व पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन को खास बनाने के लिये यह खानदार कार्यक्रम का आयोजन संयोजक आस ने किया है। तदपश्चात कोषाध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपना अपना उदबोधन प्रस्तुत करते हुए शिकसा महोत्सव कार्यक्रम के विषय में जानकारी दिया गया और अधिक से अधिक सहयोग करने की बात किया। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी÷हसमुख÷ ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में सबका समीक्षा करते हुए अपनी बात रखी अंत में गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया।

# बाराद्वार शहर के बस स्टैंड में हुआ अटल परिसर का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ✓ बाराद्वार
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत बाराद्वार में भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेई के 100 वीं जयंती पर अटल परिसर का लोकार्पण वर्चुअल उपस्थिति मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव एवं नगर में जांजगीर-चांपा लोकसभा की सांसद कमलेश जांगड़े, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी के उपस्थिति में किया गया, भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के द्वारा सभी नगर पंचायत में 20 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर निर्माण का आदेश जारी किया गया था। उसी कड़ी में नगर पंचायत बाराद्वार में नगर के हृदय स्थल बस स्टैंड में अटल परिसर निर्माण कराया गया जिसका लोकार्पण किया गया, नगर पंचायत द्वारा अटल परिसर निर्माण कार्य को विशेष ध्यान देते हुए अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से रिकार्ड एक महीने एक दिन में निर्माण कार्य पूर्ण किया गया जहां अन्य नगर पंचायत में भूमिपूजन किया गया है वहीं नगर पंचायत बाराद्वार में लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया विकास कार्य को विशेष गति देते हुए जिस प्रकार नगर में निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है उससे कहीं न कहीं नगर पंचायत बाराद्वार का प्रदेश में अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात सांसद कमलेश जांगड़े एवं पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू के द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर, नगर पंचायत अध्यक्ष रेशमा सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश साहू, पार्षद अजय सिंह राजपूत, मेंगनू भैना, नारायण कुर्रे, ओमप्रकाश कुर्रे, पंकज सांवड़िया, कृष्ण कुमार सेन, गेंदराम मनहर, अंजनी जिंदल, दिनेश शर्मा, अनुभव तिवारी,जय किशन केडिया, जगेश राय, आयुश शर्मा, राहुल शर्मा, धनश्याम जिंदल, दीपक जिंदल, चंद्रशेखर शर्मा, सुभाष अग्रवाल, डॉ धिरेंद्र खूंटे, महावीर राठौर, रविन्द्र खांडे, ओमप्रकाश जिंदल,पवन मोदी, कैलाश बंसल, लखन राठौर, धर्मेंद्र शर्मा, शंकर मानिकपुरी, राजकमल राठौर, नर्मदा साहू, कृष्णा साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 'अटल जयंती के अवसर पर' वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन

# नगर पालिका शक्ति अंतर्गत अटल परिसर निर्माण का भूमि पूजन हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री द्वारा 'अटल जयंती के अवसर पर' वर्चुअल माध्यम से अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम 25 दिसंबर को प्रस्तावित था, जिसका सीधा प्रसारण दोपहर 3:00 बजे से एल.ई.डी के माध्यम से कराया गया जिसके तहत नगर पालिकाल सक्ती में 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयजी की 100 वीं जयंती पर बुधवारी बाजार परिसर सक्ती में अटल परिसर निर्माण कार्य के भूमि पूजन का कार्यक्रम कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरूण सोम, संयुक्त कले. विश्वास कुमार, थाना प्रभारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में संपन्न हुआ,कार्यक्रम का प्रारंभ अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया,तत्पश्चात कमलेश जांगड़े सांसद के द्वारा विधिवत भूमि पूजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में कमलेश जांगड़े सांसद, डॉ खिलावन साहू पूर्व विधायक, कृष्णकांत चन्द्रा जिलाध्यक्ष भाजपा, अनुप अग्रवाल, विद्या सिदार, रामअवतार अग्रवाल, धनंजय नामदेव, टिकेश्वर गबेल, मांगेराम अग्रवाल, रामनरेश यादव, संजय रामचंद्र, गजेन्द्र यादव, अभिषेक शर्मा, अभिषेक बंसल, राजा सोनी, मनोज सोनी आदि जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर जिले भर में मना सुशासन दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर 25 दिसंबर को पूरे सक्ती जिले में सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया । भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि नगर पालिका परिषद सक्ती में उपस्थित होकर तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका सक्ती सहित अन्य नगरीय निकाय में अटल परिसर निर्माण कार्य का वर्चुअली भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े के विशिष्ट आतिथ्य में नगर पंचायत बाराद्वार में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। सुशासन दिवस के अवसर पर कलेक्टर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को सुशासन की शपथ भी दिलाई। जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में अटल परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन तथा सभी जनपद पंचायतों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया,सुशासन दिवस के अवसर पर सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चांपा कमलेश जांगड़े ने कहा कि नगर पंचायत बाराद्वार में श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष की बात है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने पते पर राज्य का नाम छत्तीसगढ़ लिखते है, यह भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की ही देन है। सांसद जांगड़े ने स्व. अटल के विचारों और सिद्धांतो को बताते हुए उन्हें आत्मसात करने कहा तथा देश और प्रदेश के विकास में उनके विचारों के महत्व को बताया।

# जिला चिकित्सालय बेमेतरा में अब ओपीडी पर्ची के लिए काउंटर में लाइन की जरूरत नहीं




पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

### आभा कार्ड न होने के नुकसान

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट यानी आभा कार्ड भारत सरकार की ओर से जारी होने वाला एक डिजिटल हेल्थ कार्ड है। इस कार्ड के अंदर आपका पूरा मेडिकल रिकार्ड मौजूद होता है। इससे आप अपनी हेल्थ रिलेटेड जानकारी बड़ी आसानी से और सेफ्टी के साथ डिजिटल स्टोर कर सकते हैं। जिन लोगों के पास आभा कार्ड नहीं होता। उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी अलग-अलग जगहों पर बिखरी होती है। जिससे जरूरत के समय पर सारी जानकारी मौजूद नहीं होती और जब आप अस्पताल में इलाज करवाना चाहते हैं। तब आपके पास जरुरी मेडिकल रिकॉर्ड नहीं होता। जिससे फिर इलाज में समस्या आ सकती है। आभा कार्ड होने से आपकी सारी मेडिकल हिस्ट्री एक ही कार्ड में मौजूद रहती है। जिसे डॉक्टर या अस्पताल आसानी से चेक कर सकता है।

### आसान है इस ऐप का उपयोग करना

जिला अस्पताल बेमेतरा के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव व अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यद्दु ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है । ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस ऐप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है। आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट )से मेडिकल हिस्ट्री होगी डिजिटल, जानें इसके फायदे

### समझे क्या है आभा कार्ड और क्यों है जरूरी

भारत सरकार देश के लोगों के लिए तरह-तरह के कार्ड जारी करती है। इन सभी काड्र्स का इस्तेमाल अलग-अलग कामों में होता है। प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी स्वास्थ्य विभाग संजय तिवारी ने बताया कि सरकार फ्री इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी करती है। वहीं वोट देने के लिए वोटर कार्ड जारी करती है। इनकम टैक्स और बैंकिंग से जुड़े कामों के लिए पैन कार्ड जारी करती है। पहचान पत्र के तौर पर आधार कार्ड जारी होता है। साल 2021 में भारत सरकार ने आभा कार्ड भी लांच किया।यह कार्ड बाकी सभी कार्ड से अलग है। कार्ड के न होने से लोगों के काम नहीं रुकते। लेकिन इसके इस्तेमाल आपके काफी कम आसान हो जाते हैं।

जिला अस्पताल बेमेतरा में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप (आभा) के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं या फिर इसके लिए इस ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप (आभा) तैयार किया गया है, जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। खास बात यह कि इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिममें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा, जिसमें मरीज के हेल्थ (डाइग्नोस्टिक व दवाई) की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंदों के सुद्धीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के यूज के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है। इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को ऐप या जिला अस्पताल के ऐप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

# केन्द्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का किया शुभारम्भ

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी -कर्मचारी कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़े

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



केन्द्र सरकार के सहकार से समृद्धि योजनांतर्गत नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ वर्चुअल माध्यम से केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसके अंतर्गत जिला स्तर का कार्यक्रम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बेमेतरा से अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल उपस्थित हुए। अमित शाह ने अपने उद्बोधन में कहाँ कि देश के प्रत्येक पंचायत में कोई न कोई सहकारी समिति कार्यरत होगी। इसके अंतर्गत देश भर में 2 लाख नये सहकारी समिति का गठन किया जायेगा। देश में प्रत्येक सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। ये समिति बहुउद्देशीय रूप से कार्य करेंगे। इन समितियों को सीएससी केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। सहकारी समिति के सदस्यों एवं कर्मचारियों को पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया जायेगा। समितियों में माइक्रों एटीएम स्थापित किये जा रहे है। इस बहुउद्देशीय कार्य से किसानों एवं समितियों की आर्थिक उन्नति होगी। पिछड़े वर्ग के विकास में सहकारी समितियों के गठन से उसके सामाजिक स्तर को सुधारने में मदद मिलगी। इसके अंतर्गत बेमेतरा जिले में नवगठित 7 मत्स्य सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग से सहायक आयुक्त, सहकारिता जिला बेमेतरा ए.के. सिंह के द्वारा सहकार से समृद्धि तक के अंतर्गत नवगठित समितियों के गठन एवं उसके उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होनें जानकारी दी कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक पैक्स/डेयरी / मत्स्य सहकारी समिति का गठन किया जाना है। सहकारी समितियों के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति कराना है। उन्होनें बताया कि जिले में 102 सहकारी समितियों में सीएससी केन्द्र संचालित किये जा रहे है। उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिले के तीन सेवा सहकारी समिति मर्या. परपोड़ी, चेचानमेटा एवं भैंसा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सेवा सहकारी समिति मर्या. बेमेतरा के समिति प्रबंधक, श्री विनोद राजपूत को संस्था द्वारा जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मछली पालन विभाग, जिला बेमेतरा के सहायक संचालक, दिलीप साय सिरदार भी उपस्थित थे। उन्होनें नवगठित मत्स्य समूह के सदस्यों को समिति के बेहतर संचालन के लिये उन्हें मागदर्शन किया। कार्यक्रम में बैंक के नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार वारे, शाखा प्रबंधक एस. के. जांगड़े, सहकारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार तेकाम, सहकारी निरीक्षक रूपिका यादव, सहकारी निरीक्षक पल्लवी मेश्राम, सहकारी निरीक्षक वर्षारानी पटवर्धन, सहकारिता विस्तार अधिकारी विजय सिन्हा जी, सहकारिता विस्तार अधिकारी संदीप वर्मा, एवं अन्य कर्मचारियों के साथ साथ कार्यक्रम में कृषकों के अतिरिक्त सहकारिता विभाग, सहकारी समिति व बैंक के कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एन एस एस एवं जय हो के स्वयंसेवकों ने मिलकर मनाया वीर बाल दिवस




पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर राजीव रंजन तिग्गा के नेतृत्व में तथा स्वयं सेवी शालिनी गुप्ता के मार्गदर्शन में साहिबजादों की शहीदी दिवस पर एन एस एस एवं जय हो के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों ने अपनी प्रतिभाओं का बखूबी प्रदर्शन किया. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अल्फा तिग्गा द्वितीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आराधना पैकरा तथा तृतीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी रानी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दूसरे कालखंड में जय हो स्वयंसेवकों तथा एनएसएस स्वयंसेवकों ने कई सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया तथा आगे की कार्य योजना बनाई. इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की एल्यूमिनी शालिनी गुप्ता के द्वारा किया गया। शालिनी मेम ने जागरूकता से संबंधित कई पहलुओं पर अपना विचार व्यक्त किया उन्होंने बॉडी शेमिंग एवं पढ़ाई का कोना विषय पर भी अपनी बात रखी। महाविद्यालय की लाइब्रेरी प्रभारी गीतांजलि शर्मा ने बाल विवाह की कुरीतियों को उजागर किया. स्वयंसेवक पंकज यादव ने भी मानव तस्करी पर अपना विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक रहा डॉ राजीव रंजन तिग्गा ने कहा कि एन एस एस तथा जय हो के एक साथ आने से सामाजिक चुनौतियों का सामना करना अब और भी ज्यादा आसान हो गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सुरेंद्र पैकरा एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं जय हो के स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही।

# 480 रैंक प्राप्त कर गौरव अग्रवाल कैट परीक्षा में सफल

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कॉमन एडमिशन टेस्ट कैट परीक्षा में देवभोग के गौरव अग्रवाल पिता भोलाराम राकेश अग्रवाल ने 480 रैंक प्राप्त शानदार सफलता हासिल किया जिसके बाद क्षेत्र में काफी खुशी देखने को मिल रहा है जगह जगह गौरव को बधाई दिया जा रहा है गौरतलब हो कि पूरे भारत में 2024 के कॉमन एडमिशन टेस्ट कैट परीक्षा में 2 लाख 93 हजार पंजीकृत उम्मीदवारों में से करीब 2 लाख 49 हजार उम्मीदवार शामिल हुए और परीक्षा मे देवभोग के प्रतिष्ठित व्यापारी भोलाराम राकेश अग्रवाल के पुत्र गौरव अग्रवाल भी शामिल होते 99.83 प्रतिशत लाकर 480 रैंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया इससे क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि यह पहली दफा है जहां देश स्तर की परीक्षा मे भाग लेते 99.83 प्रतिशत के साथ 480 रैंक में शामिल हुए हैं इस सफलता के लिए गौरव अग्रवाल ने भी एडी चोटी का जोर लगाया रहा ऑनलाइन पढ़ाई के कोचिंग एवं स्वयं की स्टडी से मुकाम हासिल किया इस बीच गौरव अग्रवाल का कहना है परीक्षा मे सफलता के लिए पिता द्वारा लगातार प्रेरित किया गया हर कदम पर हौसला बढ़ाया तब जाकर आज यह परीक्षा आसानी से सफल हो पाया आखिर में कहा कि कैट और संबंधित परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को एक महत्वपूर्ण सलाह देते हुए गौरव ने हर छात्र को किताब से दोस्ती करने की सलाह दिया अगर किताब से दोस्ती होती है परिणाम आपके कदम चूमेगी इसलिए ज्यादा से ज्यादा किताबों से दोस्ती करने की बात कही।

# फाईलेरिया उन्मूलन क्रार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**दल्लीराजहरा।** फाईलेरिया उन्मूलन क्रार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन एवं कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में गतिविधि के सफल क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभागार में समन्वय बैठक आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश से फाईलेरिया मुक्त किए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# मैनपुर के दूरस्थ ग्राम साल्हेभट्ठ में सोलर नल जलप्रदाय योजना से हर घर मिल रहा शुद्ध जल

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम साल्हेभट्ठ में सोलर नल जलप्रदाय योजना से हर घर शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है। इससे लोगों के घर तक पीने का पानी आसानी से मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को दूर से पानी लाने की समस्या से निजात मिल गई है। गांव की महिलाओं ने बताया कि वह पहले दो किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोपालपुर से पानी लाकर उपयोग करती थी। कुछ वर्ष बहुत कठिनाई को झेलने के बाद अपनी बाड़ी में स्वयं के परिश्रम से कुआं का निर्माण करवाया, जिसका पानी मौसमी एवं मटमैला हुआ करता था। एक लंबे समय से स्वच्छता से वाकिफ नहीं होने के कारण इसका पानी उपयोग कर जीवन यापन किया करते थे। साथ ही शासकीय हैंडपंप भी पानी के उपयोग के लिए किया करते थे। लेकिन दूर से पानी लाने में समस्या होती थी। अब सरकार के मंशानुसार जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल कनेक्शन लग जाने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत हो रही है।

# हल्बा समाज ने मनाया शक्ति का पर्व शक्ति दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ उतई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग ने शक्ति भवन आशीष नगर रिसाली मे मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण के साथ शक्ति महोत्सव का शुभारंभ किया गया। पश्चात कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों का आगमन हुआ और स्वागत किया गया। समाज के अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा स्वागत भाषण एवं शुभकामना संदेश दिया। जिसमें समाज की एकता और संगठन को बनाए रखना, रूढीवादी परंपरा को संचित करके रखना, हल्बा समाज प्रदेश एवं देश भर में हल्बा आदिवासी समाज के नाम से समाज की अपनी अलग पहचान है। आप सभी के परस्पर संगठनात्मक, दृढ़ संकल्प, सहजता, सरलता और सकारात्मक सोच हमारे समाज की पहचान है द्य पुलगांव दुर्ग मे आबाँटित भूमि क्रय करने विशेष सहयोग के लिए समाज के सभी सदस्यों को साधुवाद दिया। समाज मे सभी संस्कारों मे सामाजिक नियमावली का पालन करना है एवं शादी मे फिजूल खर्च रोकना है, अंतर जातीय विवाह रोकना है। अतिथियों द्वारा समाज को सम्बोधित किया गया। शक्ति दिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग को संघठित करने, सामाजिक ब्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए आधार स्तंभ रहे दिवंगत पदाधिकारियों एवं सदस्यों जिसमे स्व. बी एस कोमिया, स्व. प्रभु लाल ठाकुर, स्व. नन्द कुमार देहारी, स्व. डॉ राजेन्द्र कुमार ठाकुर, स्व. तेज राम गौर, स्व. नरेश कुमार कौमार्य, स्व. युवराज ठाकुर, स्व. सुखी राम सिवना, स्व. बीरेंद्र कुमार ठाकुर के परिजनों को पुरखा सम्मान एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य हेतु जोहरित राम ठाकुर, सयतु राम तारम, रतनू राम नायक, भुवन रावटे, बालसिंह भूआर्य, मिथलेश प्रधान, चंद्रकांत भूआर्य, योगेश राणा, नेपाल सिंह कोसमा, झगरू राम माहला, देवप्रसाद पिस्दा, लेख राम घरेन्द्र, मोहन प्रधान, तोरण खरे, राम चरण लारेन्द्र, ललित भूआर्य, गोपाल देहारी, भूषण गोरे, श्रीकांत ठाकुर, हेमंत ठाकुर और लीलाधर साहू को उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान दिया गया। अनिला भेड़िया, होशिन चुरेन्द्र, टी आर बिसेन, मुकेश रावटे, कुमार भूआर्य, खिलावन सिंह ठाकुर, मनोज राजपूत, पुरेन्द्र कुमार ठाकुर दान दाताओं ने अपने परिजन की स्मृति मे पुलगांव दुर्ग मे आबाँटित भूमि पर निर्माण होने वाले सामाजिक भवन मे एक एक कमरा निर्माण के लिए सहयोग हेतु सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात माई दंतेश्वरी की आराधना जस गीत के साथ हुआ। अतिथि मंचस्थ के आगे कार्यक्रम राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के बाद शुरू की गई। मातृ शक्तियों, युवा शक्तियों और बच्चों के द्वारा देवी देवी जोहार देवता देवता जोहार, रानी के फुंदरा, मोर सुघर छत्तीसगढ़ जैसे गीत, लोक संस्कृति और एकल नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुति किया गया। ऊर्जा का प्रतीक ज्योति कलश भ्रमण पश्चात सुखद, समृद्ध ,मंगलमय आदि मनोकामनाओं के साथ माई दंतेश्वरी को सादर बिदाई दी गई द्य केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के समाज सामाजिक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पार्षद मनीष यादव, कमिश्नर गोविन्द चुरेन्द्र, सचिव पी एस एल्मा, कंवर समाज के अध्यक्ष हरबंश मिरी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, लता उर्वशा कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ महासभा, जयराम कोसमा, आर एस नायक अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ, उमेश धलेन्द्र मुख्य अभियंता, डॉ बी एस बड़ई ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी और शोभराय ठाकुर पूर्व महासचिव, सामाजिक पदाधिकारियों में चिंता राम ठाकुर, ईश्वर भंडारी, मदन करभाल, भूषण गाँवरे, छन्नू भूआर्य, करन मानकर, भूपत भूआर्य, बेन ठाकुर, सुमिता मल्होत्रा, चन्द्रिका रावत, सुलोचना लारेन्द्र, सयतु तारम, लेमन चुरेंद्र, खोम लाल सहारे, दिनेश ठाकुर, मिथलेश प्रधान एवं अन्य के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, युवा शक्ति, बच्चे और जन उपस्थित थे।

# चेक अनादरण के मामले में आरोपी दोष मुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

न्यायिक मजिस्ट्रेट राजपुर के आलोक पांडेय ने परिवादी पुरनचन्द जायसवाल द्वारा प्रस्तुत अपराधिक परिवाद प्रकरण क्रमांक 199 / 2019 निरस्त करते हुए पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव को वाद के अभाव में दोष मुक्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त परिवाद 18 मार्च 2019 को परिवादी प्रस्तुत किया गया था जिसमें सुनवाई के दौरान परिवादी ने स्वयं अपना साक्षी व दस्तावेज साक्षय प्रस्तुत किया था इसके अतिरिक्त आरोपी ने स्वयं के अलावा अपने बचाव में पांच अन्य स्वतंत्र साथियों को न्यायालय में कथन कराए थे और स्वयं को निर्दोश होना बताया था। उल्लेखनीय है कि परिवादी ने परिवाद में बताया था कि आरोपी शिवनाथ यादव ने 3 लाख रुपए नगद उधार लिए थे जिन्हें चुकाने के लिए चेक क्रमांक 306495 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजपुर शाखा का प्रदान किया था जिसे परिवादी ने अपने बैंक खाते में जमा किया था बाद में चेक अनादरण की सूचना प्राप्त होने पर न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया गया था वहीं आरोपी की ओर से न्यायालय में यह तथ्य रखा गया कि परिवाद में मांग सूचना पत्र विधिक रूप से प्रदान नहीं की गई है इसके अलावा परिवाद समय पूर्व प्रस्तुत की गई है तथा आरोपी की ओर से न्यायालय के समक्ष यह भी तथ्य रखे गए की किसी भी प्रकार का कोई लेन देन नहीं हुआ है,विधानसभा 2018 के चुनाव के दौरान दोनों ही राजनीतिक दलों से संबंध रखने वाले परिवादी व आरोपी भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री के घर बैठे हुए थे इसी दौरान वहां काफी संख्या में लोग मौजूद थे और राजनीतिक चर्चा चल रही थी वहां पर शर्त लगाने के दौरान उभय पक्षों ने अपने-अपने चेक जमा किए थे परंतु बाद में चेक का उपयोग राशि आहरण के लिए किया गया जबकि चेक किसी दायित्व के उन्मोचन के लिए नहीं दिया गया था,उभय पक्षों की लंबी सुनवाई पक्ष मामले में लगभग 6 वर्षो बाद फैसला आया है। सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से अधिवक्ता सुनील सिंह,जितेंद्र गुप्ता, जसवंत यादव परिवादी की ओर से रामनारायण जायसवाल अधिवक्ता ने पैरवी की थी। पूर्व जिला अध्यक्ष शिवनाथ यादव ने फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बगैर किसी दायित्व के लगभग 6 वर्षो तक न्यायालय में नियमित कार्यवाही में भाग लेने पश्चात इसी फैसले की उम्मीद थी इस फैसले से न्याय पर भरोसा और बढ़ गया है।

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने में सहभागिता करें सुनिश्चित : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में शामिल होकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान दल और रूट प्रभारी से समन्वय कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्वाचन की सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण कर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सेक्टर अधिकारी अपने सेक्टर के समस्त मतदान केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से अवगत होकर सफलतापूर्वक मतदान सम्पन्न कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित मास्टर ट्रेनर एवं सेक्टर अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए दिए गए सभी दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करे। सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करे। आचार संहिता की घोषणा होते ही सक्रिय होकर कार्य करे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय आदि की सुविधा हो यह भी समय पूर्व सुनिश्चित कर ले।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

अ/2, वर्ष 2024-25
ई कोर्ट नम्बर 202412083300031
क्रमांक/1521/अ.वि.अ./प्रवा./2024 स.लोहारा, दिनांक 26/12/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासीगण सिल्हाटी को सूचित किया जाता है, कि आवेदक जगबंधु पिता गौरीशंकर जाति कलार, निवास का पताः- ग्राम सिल्हाटी, तहसील सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम-सिल्हाटी प.ह.नं.-18, राजस्व निरीक्षक मण्डल सिल्हाटी, तहसील-सहसपुर लोहारा स्थित भूमि खसरा नंबर 552/12 रकबा 0.0320 हेक्टेयर भूमि को औद्योगिक प्रयोजनार्थ (मसाला उद्योग) व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ (मसाला उद्योग) में व्यपवर्तन किये जाने से जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 09/01/2025 को समय 05:30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक - 26/12/2024
पेशी दिनांक - 09/01/2025

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सहसपुर-लोहारा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क/वा/नजूल/2024 मुंगेली, दिनांक 23.12.2024

**श्री कुंजबिहारी पिता स्व.श्री व्यासनारायण वैष्णव,**
निवासी मोहल्ला सुभाष वार्ड बडा बाजार मुंगेली,
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)............................आवेदक

**बनाम**

**छ.ग.शासन**.............................................अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री कुंजबिहारी पिता स्व.श्री व्यासनारायण वैष्णव, निवासी सुभाष वार्ड बड़ा बाजार मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला बड़ा बाजार मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39-सी, प्लाट नं. 51/1, 52, क्षेत्रफल 61.170 कुल 231 वर्गमीटर नजूल भूमि का नजूल कर नवीनीकरण की अवधि दिनांक 31.03.2020 को समाप्त हो जाने के कारण पुनः नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 08.01.2025 को दिन के 03:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नही होगा।

आज दिनांक 23.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर संभाग-कांकेर**

**// निविदा आमंत्रण सूचना//**

**क्रमांक-4179/NIT-5/2024-2025/व ले लि** **दिनांक : 24/12/2024**

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 07/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 13/01/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 14/01/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे
निविदा प्रपत्र की कीमत (रू. में) :- A=750.00
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls/ | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 |
| T0021 | जिला जेल कांकेर में मुख्य दीवार के प्लास्टरिंग का कार्य। (कार्य वर्ष 2024-25) **प्रथम आमंत्रण** | 12.25 9200.00 183750.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| T0022 | जिला जेल कांकेर में उच्च सुरक्षा वार्ड का निर्माण। (कार्य वर्ष 2024-25) **प्रथम आमंत्रण** | 6.59 5000.00 98900.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| T0023 | जिला जेल कांकेर में आवासीय भवनों के लिए सर्विस मार्ग (सी.सी.मार्ग) का निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) **प्रथम आमंत्रण** | 20.51 15400.00 307650.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| T0024 | जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों के चारों ओर नाली निर्माण (कार्य वर्ष 2024-25) **प्रथम आमंत्रण** | 2.81 2200.00 42150.00 | 01 माह वर्षा ऋतु सहित |
| T0025 | जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों के छत में रूफ ग्रेडिंग कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण | 4.11 3081.00 61650.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| T0026 | जिला जेल कांकेर के आवासीय भवनों का जीर्णोद्धार कार्य (कार्य वर्ष 2024-25) प्रथम आमंत्रण | 11.11 8500.00 166650.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) कांकेर**
**संभाग कांकेर**

**G-242504879/3**

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**Shivnath Circle DURG (CG)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(1st Call)**

System Tender No. 163171/NIT No.: 03/EM/Durg/2024-25 Dated: 24-12-2024

**Online Tenders are invited for the following works up to 14-01-2025 at 17.30 Hour.**

**Name of work - Gate painting work and gate strengthening work at Khatutola Barrage of Dongargarh block of Rajnandgaon District.**

Probable Amount of Contract :- **Rs. 45.58 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date **31.12.2024, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

**NOTE:** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
E/M Light Machinery Tubewell & Gates
**Division Durg (C.G.)**
For, Superintending Engineer, Shivnath Circle Durg (C.G.)

**G-242504856/5**

# भारत रत्न वाजपेयी की स्मृति को सहेजने जिले के सभी नगरीय निकायों में बनेगा अटल परिसर

■ डिप्टी सीएम ने सरगांव और विधायक मोहले ने मुंगेली में किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर से प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर के निर्माण के लिए वर्चुअल रूप से शिलान्यास किया। इनमें मुंगेली जिला के नगर पालिका मुंगेली व लोरमी, नगर पंचायत सरगंाव, पथरिया, बरेला और जरहागांव शामिल है। मुख्यमंत्री साय ने सुशासन दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, देश के तीन बार के प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को हम सब लोग सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। बायपेयी एक महान नेता, कुशल राजनीतिज्ञ, कवि और साहित्यकार थे। उन्होंने देश को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना दिया, जिसके माध्यम से हमारे देश के गांव-गांव पक्की सड़क से जुड़े हैं, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। बायपेयी ने किसानों के लिए क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की। उनके आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने नगर पंचायत सरगांव और मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में अटल परिसर के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि आज ऐतिहासिक और गौरवशाली पल है। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में एक साथ अटल परिसर के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि बीते 01 साल में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के लिए 07 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में विकास के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। उन्होंने देश के प्रखर, राष्ट्रवादी नेता, साहित्यकार, पत्रकार और सबसे बड़े अटल इरादों के नेता एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर नमन किया। बिल्हा विधायक कौशिक ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के देश में योगदान को याद किया और उनकी 100वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। वाजपेयी के नेतृत्व ने सुशासन के सिद्धांतों का उदाहरण प्रस्तुत किया, जो जवाबदेही, पारदर्शिता और समावेशी विकास पर केंद्रित था। विधायक मोहले ने कहा कि बायपेयी की 100वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते सभी दलों को साथ लेकर चले। उन्हीं के आशीर्वाद से आज हम सुशासन दिवस मना रहे हैं। बायपेयी हमेशा अनुशासित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना, रेलवे जोन और बिलासपुर में हाईकोर्ट अटल जी की ही देन है। उनके शासन में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कारगिल युद्ध में भारत की जीत सहित कई उल्लेखनीय कार्य हुए। कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने और सुव्यवस्थित विकास में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को रेखांकित करने 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा आमलोगों को सुशासन मॉडल से

## पारदर्शिता, जवाबदेहिता और न्याय के अटल सिद्धांत के साथ मनाया गया सुशासन दिवस



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 100वीं जयंती पर पारदर्शिता, जवाबदेहिता और न्याय के अटल सिद्धांत के साथ सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन को याद करते हुए उसे पूरा करने के लिए संकल्प लिया गया। कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने मुंगेली विकासखंड के गाँव धरमपुरा और कुआंगाँव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजयेपी ने देश के निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस न केवल अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के रूप में मनाया जाता है, बल्कि यह भारत में अच्छे प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह हमें याद दिलाता है कि अच्छे शासन से ही राष्ट्र की समृद्धि संभव है और यह प्रत्येक नागरिक के जीवन में सुधार ला सकता है। उन्होंने बाजपायी की कुछ कविता ''बाधाएं आती हैं, आएं, घिरें प्रलय की घोर घटाएं'' सुनाई और उनसे प्रेरणा लेकर लोगों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को सुशासन में सहभागिता के लिए शपथ दिलाई।

## समय सीमा पर पीएम आवास बनाने वाले 30 लाभार्थियों को दिए गए उपहार और प्रशस्ति पत्र



पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले में सुशासन दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, सदस्य रामू नेताम, सुलोचना कर्मा और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय सीमा पर 30 लाभार्थियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, कृषि, स्वास्थ्य, और पंचायत विभाग के मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ युवोदय वॉलेंटियर्स और बालमित्रों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## एमसीबी में मनाया गया सुशासन दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** जिला-मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-(एमसीबी) में 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी हसदेव मण्डल के अटल चौंक बी सिम खोगापानी में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न छत्तीसगढ़ राज्य के रचयिता स्वर्गीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 वीं जन्म-जयंती मनाई गई. स्व. अटल जी के व्यक्तित्व को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. इस कार्यक्रम में मण्डल पदाधिकारीगण जिला पदाधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण सभी मोर्चा प्रकोष्ठों पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## कोटवारी सेवा भूमि पर हो रहे भवन निर्माण पर शीघ्र रोक लगाने तहसीलदार से किया मांग

पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण धार्मिक नगर होने के साथ ही जांजगीर चाम्पा जिले का प्रमुख व्यापारिक केन्द्र भी है यहां व्यापार का विस्तार दिन दूनी रात चौगुनी की गति से हो रहा है इसीलिए यहा निजी भूमि के साथ ही शासकीय,मठ , पट्टे एवं कोटवारी भूमि पर भी बड़ेबड़े व्यावसायिक भवन का निर्माण हो रहा है। कोटवारी भूमि की बिक्रय या अन्य किसी व्यावसायिक कार्य में उपयोग नही किया जा सकता फिर भी यहा कोटवारी भूमि पर व्यावसायिक भवन का निर्माण हो रहा है। नगर पंचायत शिवरीनाराय के पूर्व उपाध्यक्ष अजीतसेन तिवारी ने शिवरीनारायण तहसीलदार को भोगहापारा शिवरीनारीयण के सेवा भूमि खसरा नं. 734 पर भवन निर्माण होने की शिकायत किया है और उसके निर्माण पर शीघ्र रोक लगाते हुए बने हुए भवन को तोड़वाने का निवेदन किया है। अजीतसेन ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि उक्त कोटवारी सेवा भूमि को कोटवार व्दारा करोंड़ो रूपए लेकर कई लोगों को बेचा है जिसके संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर में एक मामना चला था जिसमें आदेश पारित करते हुए सेवा भूमि के ब्रिकी को अवैध माना है। इस आदेश की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न किया है।

## बाइक सवार और एक महिला को पिकअप ने मारी टक्कर, नाली की वजह से बाल बाल बच्चे बाइक सवार और उसकी डेढ़ वर्षीय बच्ची

पायनियर संवाददाता ◂ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com






भानुप्रतापपुर के सब्जी बाजार में गुरुवार की शाम एक बड़ी दुर्घटना घटित हुई। एक तेज रफ्तार पिकप वाहन ने एक बाइक सवार शिक्षक और उसकी डेड वर्षीय बच्ची तथा बाजार में पसरा लगाने वाली एक वृद्ध महिला को चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि तीनों की जान बच गई। घटना के बाद वहां पर अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घायलों को तत्काल भानुप्रतापपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही सांसद भोज राजनाग भी अस्पताल पहुंचे और घायलों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की शाम करीब 6:00 बजे पिकअप क्रमांक सीजी 04 जेडी 3110 के आरोपी चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन को चलते हुए। बाईक क्रमांक सीजी 24 जे 4927 में सवार निर्मल सिंह लेटिया शिक्षक मूंगवाल स्कूल और उसकी बच्ची तथा महिला राजबती भानुप्रतापपुर निवासी को पीछे से ठोकर मारते हुए नाली में जा घुसा। बताया जा रहा है गनीमत यह रहा की बाइक सवार शिक्षक और उसकी बच्ची नाली में गिरने की वजह से उनकी जान बच गई वहीं महिला राजबती का पैर बुरी तरह से कुचल गया। बताया जा रहा है महिला राजबती सब्जी बेच रही थी उक्त महिला के पास शिक्षक बाइक को रोककर आलू प्याज ले रहा था अचानक आरोपी पिकअप चालक ने तेज लापरवाही पूर्वक वाहन को चलते हुए पीछे से ठोकर मार दिया। बाइक पिकअप के नीचे आ गया बाजू में नाली होने की वजह से बाइक सवार और उसकी बच्ची नाली में गिर गए जिससे उनकी जान बच गई जिन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया वहीं महिला राजबती का पैर पूरी तरह से कुचल गया है। जमा भीड़ ने आरोपी चालक की जमकर पिटाई भी कर दिया और थाने लेजाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

## जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क हेल्पलाइन सेवा हुई शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की दैनंदिनी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से निशुल्क हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत आमजन अपनी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, पेशन से संबंधित दिक्कतों के संबंध में निशुल्क हेल्पलाइन 9302706669 के जरिये प्रशासन को अवगत कराकर इसका समाधान प्राप्त कर सकते है। यह सेवा की सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक के बीच सक्रिय रहेगी। इसके साथ ही इसमें स्वास्थ्य, भूमि संबंधी नक्शा खसरा के मामले के संबंध में भी शिकायत की दर्ज कराया जा सकता है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने बताया कि जिला के हेल्पलाइन सेंटर से चाहे वह ग्राम स्तर की षिकायते हो, अन्तर्विभागीय समस्याएं हो या फिर लंबित आवेदनों के निराकरण अथवा जैसे बिजली, पानी, सड़क जैसे मुद्दे इन सभी तमाम मामलें हो इस हेल्पलाइन पर मौजूद कर्मचारी इसे संज्ञान मे लेकर प्रशासन से संबंधित विभाग तक अवगत कराएगें। विशेष बात यह है कि अपनी दिक्कतों एवं समस्याओं को हिन्दी, हल्बी, गोंडी किसी भी भाषा में दर्ज कराया जा सकेगा। कर्मचारी सभी आवेदनों को पंजीकृत करके वस्तुस्थिति के बारे मे शिकायतकर्ता को अद्यतन स्थिति की जानकारी देगें और यदि समस्याओं का निराकरण हो जाता है तो इसके पश्चात भी कर्मचारी शिकायतकर्ता को पुनः कॉल करके उसके संतोषजनक पूर्ण निराकरण के फीडबैक की जानकारी लेंगे और फिर भी इसमें कमीबेशी रह जाती है तो फिर से इसपर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। समस्याओं के पूरी तरह निराकरण के बाद ही आवेदनो को पूरी तरह से निराकृत माना जाएगा।

## मनेन्द्रगढ़ में आयोजित हुआ श्री 1008 सिद्धचक्र मण्डल विधान महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com





सकल दिगम्बर जैन समाज, मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में 25दिसम्बर से श्री 1008 सिद्धचक्र मण्डल विधान महोत्सव की शुरुआत हुई। यह भव्य आयोजन 25 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2024 तक अहिंसा भवन, सिविल लाइन, मनेन्द्रगढ़ में संपन्न होगा। परमपूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज जी एवं परमपूज्य नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के निर्देशानुसार, और उनके परम प्रभावक शिष्य परमपूज्य 108 श्री पूज्य सागर जी महाराज तथा परमपूज्य 108 श्री अतुल सागर जी महाराज के सानिध्य में इस कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित हुआ। इस धार्मिक उत्सव में जैन समाज के लोग बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का आरंभ 25 दिसम्बर 2024 को प्रातः 7:00 बजे देव आज्ञा, गुरुआज्ञा, आचार्य निमंत्रण घटयात्रा, मण्डप शुद्धि, मण्डल शुद्धि, इन्द्र प्रतिष्ठा, श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा और प्रथम पूजन विधान से हुआ। इस अवसर पर संगीतकार भाई प्रथम जैन एण्ड ग्रुप द्वारा भव्य संगीत प्रस्तुति दी गई। आयोजन में बाहर से आए अतिथियों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था अहिंसा भवन में की गई है। आयोजन में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति, श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति मनेन्द्रगढ़, बालिका मण्डल, महिला मण्डल और युवा मण्डल मनेन्द्रगढ़ का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। आयोजन का मुख्य आकर्षण सिद्धचक्र मण्डल विधान है, जो 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2024 तक प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक शाम 5:30 बजे आचार्य भक्ति रात्रि-आरती, भजन एवं धर्मसभा सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सकल जैन समाज ने इस आयोजन में सभी साधर्मी जनों को सपरिवार आमंत्रित किया है। इस महोत्सव में भाग लेकर श्रद्धालु पुण्यलाभ अर्जित कर सकते हैं।

## विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य 'जिंगल बेल' प्रस्तुत किया गया

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com






विद्यालयी शिक्षा के उत्कृष्ट संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में, एकता प्रेम और सद्भावना का पर्व क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया।

इस पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार के तत्वाधान में सर्वप्रथम विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्री प्राइमरी कक्षाओं सहित कक्षा बारहवीं तक की छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भाग लिया, सर्वप्रथम कक्षा छठवीं की छात्र-छात्राओं ने गीत 'ओ कम ऑल' पर सुमधुर प्रस्तुति दी तत्पश्चात कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य ' जिंगल बेल' प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात गीत ' ग्लोरिया' की प्रस्तुति कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों द्वारा दी गई, कार्यक्रम के अंत में इस पर्व की महत्ता पर विद्यालय की शिक्षिका 'एलविना कांडोथ' द्वारा प्रकाश डाला गया, कांडोथ ने विद्यार्थियों को बताया कि यह यह त्योहार ईसा मसीह के जन्मदिन का अवसर है जिन्हें हम ईश्वर का पुत्र और मानवता का उद्धारकर्ता मानते हैं इस पर्व में आशा, प्रेम और मोक्ष जैसे विषयों पर जोर दिया गया है, उन्होंने विद्यार्थियों को क्रिसमस शब्द, क्रिसमस ट्री और क्रिसमस के सितारे का महत्व भी बताया उन्होंने बताया कि यीशु का प्रमुख संदेश एक दूसरे से प्रेम, क्षमा,गरीबों की मदद करना है,इसी क्रम में विद्यालय की प्री प्राइमरी कक्षाओं ने रेड डे एवं पॉटलक पार्टी का भी आयोजन किया बच्चों ने इस कार्यक्रम में एकजुटता, प्रेम एवं भाईचारे का महत्व समझा एवं सभी प्रकार के भेदभाव से दूर होकर पॉटलक पार्टी में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया, विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया जिसमें शिक्षकों ने बाजी मारी। क्रिसमस पर्व के महत्व पर संस्था के प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि क्रिसमस अद्वितीय सुन्दरता और महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व वाला एक खुशी का अवसर है यह पर्व विविध पृष्ठभूमि के लोगों के लिए एक साथ आने एकता की भावना को बढ़ावा देने और खुशी फैलाने का समय है यह पर्व हमें सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों से जोड़ता है हम सभी मिलकर खुशियों का यह पर्व मनाएं और समाज में सहयोग तथा प्रेम और करुणा का संदेश फैलाएं।

संस्था की निदेशिका का श्रीमती पूनम सिंह ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें प्रेम एकता और उदारता का संदेश देता है यह अवसर हमें सिखाता है कि हमें एक दूसरे के प्रति दया करना और सहयोग की भावना रखनी चाहिए। यह अवसर न केवल हमारे बच्चों के लिए खुशियों का स्रोत है बल्कि उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों से परिचित कराने का भी माध्यम है हम सभी आज इस त्यौहार पर समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाने का प्रण लेते हैं।

## क्या यही है सुशासन ? एक साल के कार्यकाल में बढ़ा भ्रष्टाचार का ग्राफ : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◂ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल के विफल कार्यकाल में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और आम जनता बदहाल है। महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध हो रहे हैं। जिसकी गिनती नहीं है। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती में अब तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की पहल नहीं हुई। प्रदेश के सभी बड़े व छोटे औद्योगिक क्षेत्र में स्थानीय युवाओं की जगह बाहरी लोगों को नौकरी दिया जा रहा है। प्रदेश में लगातार आपराधिक गतिविधियों और नशे के व्यापार में इजाफा होता जा रहा है। धान का उचित समर्थन मूल्य की वादाखिलाफी और खरीदी केंद्रों में व्याप्त अव्यवस्थाओं से किसान अत्यधिक परेशान हैं। अपने वादों के अनुरूप किसानों को एकमुश्त पैसा 3100 रुपये व केंद सरकार द्वारा एमएसपी में की गई वृद्धि 117 रुपये सहित 3217 रुपये देना छोड़ उनके साथ छल करने का कुत्सित कार्य भाजपा की सरकार ने किया है। वर्तमान में किसानों को 2300 रु. ही भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि कब और कैसे प्रदान किया जाएगा इस पर सरकार का नियत स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा समितियों में धान जाम है, प्रदेश सहित महासमुंद जिले के कई केंद्रों में धान खरीदी बंद हो गई है। महतारी वंदन योजना में बड़े-बड़े कारनामे सामने आ रहे हैं। प्रदेश में लगातार यातायात की अव्यवस्थाओं से बड़े हादसे हो रहे हैं। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। आदिवासियों की देवभूमि हसदेव जंगल की कटाई अनवरत जारी है। विरोध करने वाले आदिवासियों पर झूठे अपराधिक मामले दर्ज किये जा रहे हैं, उन पर लाठियां बरसाई जा रही है। विपक्ष में रहते 5 सालों तक शराबबंदी की ढोल पीटने वाली भाजपा की सरकार आज युवाओं का भविष्य बर्बाद करने नई-नई शराब नीति बनाकर शराब की बिक्री बढ़ाने होटल ढाबों में शराब बेच रही है। सरकार ने पूरे प्रदेश को अपराध की ओर झोंक दिया है। भाजपा की साय सरकार महज एक साल में सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का ही कार्य किया है न कि रोकने का। अपराधियों में कानून का डर नहीं है। प्रदेश में जगह-जगह धान चोरी का आरोप लगाकर हत्याएं की जा रही है। महंगाई कम करने सरकार के पास कोई नीति नहीं है। महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। घर का बजट बिगड़ गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है, आए दिन बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों में पलायन हो रहा है।

# मंत्रालय के आदेश का पालन नहीं कर्मचारियों से करा रहे है अन्य कार्य





पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला का छत्तीसगढ़ में एक अलग ही पहचान है । प्रदेश और देश के नक्शा में कवर्धा का पहचान अपने कार्यो और यहां के मौजूद नेताओं से है। विभिन्न विभागों में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने अधीनस्थ संविदा /मानदेय पर कार्यरत लोगों से विभागीय कार्यों के अलावा अन्य कार्य भी करा रहे हैं। उक्त कार्यों को बेगारी में करने कर्मचारी मजबूर हो जाते है । कार्यो के लिए मना करने पर उन्हें सेवा समाप्ति का डर भय दिखाया जाता हैं जो समझ से परे हैं। जिले में सबसे ज्यादा मनरेगा कर्मी परेशान है। जिनको किसी भी कार्य के लिए बकायदा आदेश निकलकर कार्य करने मजबूर किया जाता हैं।

## अन्य कार्य नहीं कराने जारी हुआ था आदेश

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर, रायपुर क्रमांक 217/22/पं.ग्रा.वि.वि/2020 अटल नगर, रायपुर, 20/01/2020 ने जिला कार्यक्रम समन्वयक / कलेक्टर, जिला-समस्त, छत्तीसगढ़ को महात्मा गाँधी नरेगा अंतर्गत नियुक्त संविदा/मानदेय अधिकारियों/कर्मचारियों से अन्य कार्य नहीं लिये जाने के संबंध में आदेश जारी किया था जिसमें उच्च कार्यालय द्वारा जारी पत्रों का संदर्भ संयुक्त सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 28012/3/05-06-NREG 30.03.2007 तथा विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का पत्र क्रमांक 2005, 01.04.2007 उल्लेख भी किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में उच्च कार्यालय का संदर्भित पत्रों की प्रति संलग्न कर प्रेषित किया गया , भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय के संदर्भित पत्र के बिन्दु क्रमांक-5 में निर्देश दिये गये है कि महात्मा गांधी नरेगा अतर्गत कार्यरत् अधिकारियों/कर्मचारियों का भुगतान प्रशासकीय मद से तभी किया जा सकता है। जब इनके द्वारा पूर्ण रूप से समर्पित होते हुये अन्य कोई जिम्मेदारी के पूरा समय योजना के क्रियान्वयन में दिया जा रहा हों।

### अनुबंध के विपरीत कार्य को लिया संज्ञान

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों से अन्य कार्य लिया जा रहा था जो विभाग के स्वयं संज्ञान में आया महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कार्यरत् संविदा/ मानदेय अधिकारियों/कर्मचारियों से अन्य कार्य लिया जा रहा है। जबकि अनुबंध पर नियुक्त अधिकारियों / कर्मचारियों से मात्र महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का ही कार्य लिये जाने के शर्त पर ही भारत सरकार द्वारा इनका वेतन / मानदेय वहन किया जा रहा है। कृपया भारत सरकार द्वारा जारी उपरोक्त निर्देश का पालन सुनिश्चित करने का उल्लेख है ।

### मजबूर दिखाई देते है नरेगा कर्मचारी

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों से मूल कार्य के अतरिक्त अन्य कार्य कराया जा रहा है। विभाग के तकनीकी सहायक से अन्य निर्माण कार्यों में संलग्न किया गया है। रोजगार सहायक को प्रधान मंत्री आवास में संलग्न किया गया है साथ ही डाटा एंट्री ऑपरेटरों को भी अन्य शाखा में भेज कर कार्य लिया जा रहा है। इन सभी से कर्मचारियों में नाराजगी है लेकिन सेवा समाप्ति का डर होने के कारण मजबूरी में कार्य करा रहे है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



23 दिसंबर को रात्रि 09:00 बजे लगभग सूचना मिली कि ग्राम लाहोद के पास एक बलकर वाहन सीजी07 बीके7555 एक्सीडेंट होकर पलट गया है, जिसमें बलकर वाहन का चालक बहुत बुरी तरीके से अंदर फंस गया है। कि सूचना पर थाना लवन पुलिस एवं हाईवे पेट्रोलिंग का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल पहुंचा। घटना स्थल में वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त वाहन के अंदर बहुत बुरी तरीके से फंसा था, उसके लिए एक-एक पल बहुत ही कीमती था तथा किसी भी अनहोनी से बचने के लिए उक्त वाहन चालक को तत्काल बाहर निकालना अत्यंत आवश्यकता था। इस दौरान पुलिस टीम में शामिल प्रधान आरक्षक धनंजय यादव, अजय अंचल, आरक्षक प्रवीण यादव, भूपेंद्र गुप्ता की टीम द्वारा अत्यंत सूझबूझ एवं साहस का परिचय देते हुए तत्परतापूर्वक बलकर वाहन अंदर फंसे वाहन चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया एवं तत्काल उसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया है। थाना कसडोल के अपराध क्रमांक 468/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्रवाई के फलस्वरुप न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध दोष सिद्ध करते हुए आरोपी को 01 वर्ष कारावास की सजा एवं 25,000 अर्थदंड से दंडित किया गया है। प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम द्वारा उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही संपादित किया गया, जिसके आधार पर आरोपी को न्यायालय द्वारा कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया है। पूरी तत्परता एवं साहस के साथ दुर्घटनाग्रस्त बलकर वाहन से चालक को सकुशल बाहर निकालने एवं उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही के फलस्वरुप अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी को न्यायालय से सजा दिलाने संबंधी कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए 25 दिसंबर को सायं पुलिस अधीक्षक द्वारा इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षक केसर पराग बंजारा थाना प्रभारी लवन, सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम थाना भाटापारा ग्रामीण, प्रधान आरक्षक धनंजय यादव थाना लवन, प्रधान आरक्षक अजय अंचल थाना लवन, आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता थाना लवन,आरक्षक प्रवीण यादव थाना लवन।

# मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



24 घंटा भीतर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है इस संबंध में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसारदिनाँक 23/12/24 को प्रार्थी सुनील जैन उम्र 54 साल साकीन बेरला थाना बेरला जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि घर के पीछे खड़ी इनकी स्कूटी क्रमांक छ्त्र-25च्-2585 को कोई अज्ञात चोर रात्रि में चोरी कर ले गया है, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध सदर धारा-331(4), 305 ( ) बी0एन0एस0 कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना स्टॉफको आरोपी पता तलाश कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय आसूचना संकलन का कार्य करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी इसी दौरान जरिये मुखबीर के सूचना प्राप्त हुई कि बारगांव निवासी घनश्याम यादव पिता सेवाराम यादव उम्र 19 वर्ष साकिन कोसपातर (बारगांव) थाना बेरला जिला बेमेतरा एक स्कूटी लेकर गांव आया है प्राप्त सूचना की तस्दीक करने पर आरोपी घनश्याम यादव के पास से प्रार्थी की चोरी हुई स्कूटी को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्र आर दीनानाथ यादव, प्र आर रविन्द्र तिवारी, प्र आर विनोद पात्रे, आर संजय पाटिल, आर सौरभ सिंह, आर खुशाल बोरकर, आर नुरेश वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 75 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 25.12.2024 को एसपी बेमेतरा के निर्देश उपरांत बेमेतरा पुलिस की सख्त एक्शन, नशे में धुत और असामाजिक तत्ओं पर कडी कार्यवाही की गई हैं। आम जगह पर शराब सेवन कराने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 75 व्यक्तियों पर कार्यवाही से अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो में हडकंप मचा हुआ है। एक दिवसीय विशेष अभियान चलाकर जिले के सभी थाना/चौकी क्षेत्रों में आबकारी एक्ट के तहत 75 प्रकरण में 75 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिसमें थाना बेमेतरा, नवागढ, नांदघाट, दाढी, खम्हरिया, साजा, परपोडी, बेरला, चंदनू, एवं चौकी देवकर, खण्डसरा, मारो, कंडरका, देवरबीजा, संबलपुर में आम जगह पर शराब सेवन कराने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 75 प्रकरण में 75 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(च) व 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इस कार्यवाही से बेमेतरा पुलिस ने साफसंदेश दिया की नशे और अवैध गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिले के सभी थाना/चौकी स्टाफ द्वारा अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत मानपुर बाईपास रोड नवलपुर चौक, मानपुर बाईपास रोड बिलाई चौक, मानपुर बेमेतरा मुडपार रोड, बिलाई आंवला बाडी के सामने रोड किनारे, चारभाठा बाईपास रोड साहू ढाबा, ढोलिया चौक साहू अंडा दुकान के पास, रामपुर भाड तालाब के पास, सुराना पेट्रोल पंप के पास, रमपुरा भाड मेनरोड के बाजू, पान ठेला टेमरी, टेमरी आंगन बाडी के पास, टेमरी स्कुल के पास, रमपुरा मोड के पास आमजगह, आरोपी का दुकान ग्राम अमोरा, एकता मार्केट साजा, वर्मा पेट्रोल पंप साजा, झण्डा चौक के पास खम्हरिया, बाई पास रोड राईस मिल के पास खम्हरिया, बस स्टैण्ड के पास खम्हरिया, नया मछली पसरा के पास खम्हरिया, कबीर कुटी के पास खम्हरिया, वार्ड नं. 02 शैचालय के पास खम्हरिया, ग्राम भलेसर चौक के पास, ग्राम दाढी, आरोपी का चखना दुकान परपोडी, पुराना मंडी पास नवागढ, शक्ति मंदिर के पास मुरता, आरोपी के घर सामने जेवरा एस, आरोपी का घर परछी गोढीकला, हॉटल नुमा छपरी ग्राम गोढी कला, ग्राम मख्खनपुर एवं अन्य जगहो में कार्यवाही कर आम जगह पर शराब सेवन कराने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 75 प्रकरण में 75 आरोपियों मोहन साहू, नारायण साहू, टोमन साहू, तजेश्वर साहू, दुर्गेश साहू, जहिर खान, तिरेन्द्र यादव, बेदराम, राजू जांगडे, मुकेश निषाद, मनहरण निषाद, नारायण सतनामी, मनीष यादव, तुषार गिरी गोस्वामी संतु बंजारे, श्याम सुंदर, लोमश पात्रे, रमाशंकर वर्मा, पप्पू साहू, जितेन्द्र वर्मा, वरूण साहू, शिव कुमार साहू, नरेन्द्र यादव, दिपक यादव, हासन खान, तोरण साहू, दिलीप निर्मलकर, प्रदीप यादव, नरेन्द्र भट्ठ, कोमल वर्मा, शेखर निषाद, पंचराम ऊर्फ पंचू सोनवानी, लल्लू देवांगन, दुर्गेश सिन्हा, अमन देवांगन, अरूण निषाद, अल्लाउदिन खान, योगेश यादव, दशरथ साहू, प्रदीप कोशले, गनपत वर्मा, रामकुमार वर्मा, थानवर भारती एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 36(च) व 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई हैं।

# एचडीएफसी बैंक का हॉलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम बेमेतरा के 12 गांवों में ग्रामीणों को बना रहा सशक्त

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एचडीएफसी बैंक ने अपनी सीएसआर पहल परिवर्तन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बदलाव के लिए होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम (एचआरडीपी) के लिए सोशल डेवलपमेंट ओर्गेनाईजेशन, समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ भागीदारी की है। बेमेतरा जिले के मरतारा गांव के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित एक हैंडओवर सेरेमनी के साथ यह योजना पूरी हुई। इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों को पूरा होते हुए दिखाया। 2022 में शुरू की गई एचआरडीपी पहल से 12 गांवों अटरिया, बंशापुर, बिलाई, घानाडीह, घाटोली, झालम, झांझाडीह, मरतारा, मोतीपुर, नवलपुर, पेंड्रीतराई और रामपुर को लाभ मिला है, जिससे 3,000 से ज्यादा किसानों का जीवन बेहतर हुआ है। कार्यक्रम में 'परिवर्तन' के प्रमुख स्तंभ जैसे रोज़गार बढ़ाना, शिक्षा, कौशल विकास, रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, स्वच्छता और वित्तीय साक्षरता पर ध्यान केंद्रित किया गया। किसानों ने कोदो की खेती, ट्रेलिस फार्मिंग, रसायन मुक्त सब्जी की खेती, प्याज की खेती, किचन गार्डनिंग और पपीते की खेती जैसी बेहतर खेती के तरीकों को अपनाया, जिससे उन्हें प्रोडक्टिविटी और आय बढ़ाने में मदद मिली।समुदाय की महिलाओं को बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम की खेती, तथा उपकरण एवं बीज बैंक जैसी पहलों के माध्यम से भी लाभ मिला, जिससे उन्हें आय के नए स्रोत प्राप्त हुए। एजुकेशनल सेक्टर में सुधार देखने को मिला, स्कूलों में स्मार्ट क्लास, साइंस लैब, लाइब्रेरीज और साफ़पीने का पानी जैसी कई सुविधाएँ स्थापित की गई, जिससे छात्रों के लिए सीखने का माहौल बेहतर हुआ। कार्यक्रम में सोलर एनर्जी से चलने वाली स्ट्रीट लाइटें और सोलर ड्रिंकिंग वाटर भी स्थापित किये गए, जिससे गाँवों में महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर की ज़रूरतें पूरी हुई। इस हैंडओवर सेरेमनी में छत्तीसगढ़ सरकार के फूड, सिविल सप्लाइज एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन मिनिस्टर, साजा ब्लॉक के विधायक, जिला मजिस्ट्रेट और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और विभिन्न राज्य विभागों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। प्रोजेक्ट एसेट आधिकारिक तौर पर ग्राम विकास समिति को दिए गए, और अपने क्षेत्र में बेहतरीन काम करने वाले किसानों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से ज़्यादा किसानों ने हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए और बताया कि इस कार्यक्रम ने उनके जीवन पर कितना सकारात्मक प्रभाव डाला है। आस-पास के गांवों के किसानों को भी इसी तरह के विकास मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# गुरु बाबा घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गोवर्धन चौक, डॉ राजेन्द्र नगर रायपुर में संत शिरोमणि गुरु बाबा घासीदास का जयंती समारोह का आयोजन किया गया जो कि विगत 40 वर्षो से किया जा रहा है तथा मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित होते है, जिसमे सुशील सन्नी अग्रवाल शामिल होकर पवित्र जैत खाम की पूजा अर्चना की एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की और कहा कि बाबा घासीदास जी के मनखे मनखे एक समान के संदेश का अनुसरण करते हुए हम सभी को परस्पर सद्भाव के साथ आगे बढ़ना चाहिए वर्तमान भाजपा सरकार सतनामी दलितों व पिछड़े समाज के लोगों के साथ अत्याचार कर रही है दलित समाज के लोगों को एवं सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को जेल में बंद कर रही है जिससे कि समाज में सरकार के प्रति नाराजगी है। इस आयोजन में संतोष महिलांग, सुभाष कुर्रे, राजेश रात्रे, लाला पुरेना, किरपा राम चतुर्वेदी, राजकुमार कडोरे, तोरेंद्र कुमार जांगड़े, संजय लाल गेन्द्रे, नीलम नीलकंठ जगत, नीलकंठ जगत, कमलेश नथवाणी, बाकर अब्बास, विष्णु नायक, मुकेश मोंगराज, धनंजय सहित सतनामी समाज के वरिष्ठजन, महिला समूह एवं भारी संख्या में दर्शकगण मौजूद थे।

# गुरु घासीदास ने एकता, भाईचारा का संदेश दिया: विजय बघेल

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



गोंडपेंड्री में एक दिवसीय भव्य पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं बाबा की जयंती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंथी नृत्य प्रतियोगिता के पूर्व सतनाम शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें धर्म गुरु युवराज नसी साहेब शामिल हुए। साथ ही जय सतनाम बाल अखाड़ा नाईट किंग नवापारा राजिम एवं डीजे साउंड मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम जय सतनाम सुरता के संगवारी मूंदगांव , द्वितीय लोकधारा पंथी पार्टी अहिवारा , तृतीय सत के उजागर पंथी पार्टी थनौद एवं चतुर्थ स्थान पर सतनाम पंथी नृत्य दल सारखी को दिया गया। इसी तरह महिला वर्ग से प्रथम सफुरा माता पंथी पार्टी उमरपोटी, द्वितीय सत के अंजोर बालिका पंथी पार्टी छाती, तृतीय सतनाम अमर ज्योति पंथी पार्टी दौर, एवं चतुर्थ स्थान जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी साल्हेवारा को मिला। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य ओम टंडन, अध्यक्षता सरपंच निलेश गनिर, विशेष अतिथि समाजसेवी संजय साव, समाजसेवी अमोल दास टंडन, समाजसेवी शीतल कोठारी, कुमार भाई टांक, वादशाह भाई टांक थे। कार्यक्रम में संजय साव ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबाजी के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में शांति , भाईचारा के साथ बड़े से बड़े कार्य किया जा सकता है। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर, जनपद सदस्य देवेन्द्र त्रिवेणी बंजारे, सरपंच निलेश गनीर, पूर्व जनपद सदस्य चंद्रवती कुर्रे, दिनेश दम्मानी, उमेश शर्मा, परिक्षेत्रीय सतनामी समाज सेलूद के अध्यक्ष दिलीप कुर्रे, कुणाल सोमानी, संजय अग्रवाल, बीबी सिंह, अक्षय जैन, पंकज चंद्राकर विशेष अतिथि थे। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास समाज में समानता, एकता, भाईचारा, शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक थे। बाबा गुरु घासीदास ने लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामनाथ पप्पू गायकवाड, उपाध्यक्ष सुखेन्द्र जांगड़े, कोषाध्यक्ष अमित कुमार देशलहरे, सचिव भूपेंद्र, पुरुषोत्तम देशलहरे, देवेंद्र बंजारे, सुखेंद, हेमलाल गायकवाड, रेखराम खुट्यारे, चंद्रशेखर जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामजन्म के दिव्य रहस्यों का हुआ विशद वर्णन

## दिव्य संगीतमयी श्री रामकथा के तीसरे दिन का भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय दिव्य संगीतमयी रामकथा के तीसरे दिन का कार्यक्रम भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। अयोध्याधाम से पधारी सुप्रसिद्ध मानस विदुचंद्रकला ने प्रभु राम के जन्म प्रसंग और उनके अवतार के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। कथा सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। चंद्रकला ने भगवान राम के अवतार के गूढ़ रहस्यों को उजागर करते हुए बताया कि जब-जब धर्म का पतन होता है और अधर्म बढ़ता है, तब प्रभु स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरितमानस के आधार पर उन्होंने प्रभु राम के जन्म के कारणों और उनके बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा में बताया गया कि भगवान राम के अवतार लेने के पांच प्रमुख कारण थे, जिनमें के समकादिक ऋषियों को श्राप, भक्तों की रक्षा और पृथ्वी पर धर्म की पुनः स्थापना शामिल है। चंद्रकला ने कहा, प्रभु राम का अवतार धर्म की रक्षा और भक्तों की पीड़ा हरने के लिए हुआ। जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विविध रूपों में अवतरित होकर संसार को पवित्र करते हैं। कथा में उपस्थित छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने मधुर स्वर में भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन के दौरान पूरा पंडाल तालियों और जय राम के उद्घोष से गूंज उठा। मंत्री ने अपनी प्रस्तुति से यह संदेश दिया कि प्रभु राम की कृपा से हर भक्त का जीवन धन्य हो सकता है, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में क्यों न हो। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के मार्गदर्शन और टंकराम वर्मा के संयोजन में संपन्न हो रहा है। मंत्री और उनके परिवार सहित समस्त बलौदा बाजार क्षेत्रवासी इस पावन आयोजन का आनंद ले रहे हैं। आयोजन समिति के संयोजक पुष्पराज टंकराम वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को राम विवाह उत्सव कथा का भव्य वाचन होगा। सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# सरायपाली तहसील में अवैध धान संग्रहण पर बड़ी कार्रवाई 1035 बोरा धान जब्त

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण के विरूद्ध सतत कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को सरायपाली तहसील के विभिन्न गांवों में राजस्व व मंडी विभाग के अधिकारियों ने अवैध रूप से संग्रहित धान और चावल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1035 बोरा अवैध धान जब्त किए हैं। जिसमें ग्राम कोइलबहार में उत्तम प्रधान के घर से 66 बोरा अवैध धान बरामद किया गया। इसी गांव में दीपक साहू के गोदाम में 177 बोरा धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। प्रशासन ने इसे तुरंत जब्त कर गोदाम को सील कर दिया। ग्राम सिंगबहाल में गजपति साव के घर से 220 कट्टा अवैध धान बरामद हुआ, जिसे अधिकारियों ने तुरंत अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, ग्राम कुटेला में भी बड़े स्तर पर अवैध भंडारण का मामला सामने आया। उत्तम साहू के गोदाम से 180 कट्टा अवैध धान और 30 कट्टा पी.डी.एस. चावल जब्त किया गया। कुटेला में ही नरेश साहू के गोदाम से 186 कट्टा अवैध धान जब्त हुआ। इसी प्रकार ग्राम बलोदा में दीपक अग्रवाल के गोदाम से 206 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया। राजस्व व मंडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत की गई है, जो मंडी अधिनियम और कृषि उपज व्यापार में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लागू हैं। अवैध भंडारण और खरीद-फरोख्त पर सख्त कदम उठाए जा रहे हैं ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# वायु एवं ध्वनि प्रदूषण रोकने रायपुर नगर निगम ने शुरू की तैयारियां

## जागरूकता के साथ धूल मुक्त सड़कों के निर्माण व शहरी वृक्षारोपण पर जोर, सी.एंड डी. प्लांट शुरू

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




महानगरों में बढ़ रहे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण के खतरों को देखते हुए रायपुर नगर निगम ने जमीनी स्तर पर ठोस पहल शुरू की है, इसके साथ ही नगरीय क्षेत्र में प्रदूषण के प्रभाव को निगमित करने जन जागरूकता अभियान की शुरूआत की जा रही है, हालांकि रायपुर शहर में वायु गुणवत्ता का स्तर मानक के करीब है और उच्च गुणवत्ता स्तर को बनाए रखने रायपुर नगर निगम ने पहले ही तैयारियां शुरू कर दी है। 15 वें वित्त आयोग के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में प्रदूषण के कारकों की निगरानी शुरू की गई है एवं इसके तहत वायु गुणवत्ता को बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर रायपुर नगरीय क्षेत्र में कई स्तरों पर कार्य शुरू किया गया है। धूल, मिट्टी जो वायु प्रदूषण के कारण बनते हैं ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर पेवर लगाकर धूल मुक्त किया जा रहा है। शहर के व्यस्ततम मार्ग लाखे नगर चौंक से सुंदर नगर मेन गेट तक और महादेव घाट मार्ग पर लगभग एक करोड़ रूपए की लागत से निर्माण एवं विकास कार्य अंतिम चरण में है। इस मार्ग पर पेवर लगाकर सुगम आवागमन व धूल मिट्टी से आम लोगों को राहत दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी तरह रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से मार्गो की सफाई का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत अब 66 किलोमीटर दायरा बढ़ाकर नए साल से अधिक दूरी तक मैकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन से सफाई की तैयारी नगर निगम ने की है। इस तरह अब शहर के भीतर 152 किलोमीटर में मशीनों के जरिए सफाई होगी। यह सफाई रात्रि में होगी और इसके लिए 5 रोड स्वीपिंग मशीन तैनात किए जाएंगे। निर्माण अवशेष से उड़ने वाले धूल के बारीक कण भी मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव प्रदर्शित करते हैं, इसके लिए नगर निगम ने जरवाय में निर्माण अवशेष को पुनः चक्रित कर उपयोगी निर्माण सामाग्री बनाने की प्रक्रिया भी निगम ने शुरू कर दी है। आयुक्त मिश्रा के अनुसार आम लोगों को भी वायु व ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराने जागरूकता अभियान की शुरूआत हो रही है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को रेड सिग्नल होने पर इंजन बंद करने, हॉर्न का न्यूनतम उपयोग करने, हरियाली बढ़ाने जैसे संदेश दिए जा रहे हैं। इन गतिविधियों में स्वयंसेवी संगठनों, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों, आवासीय कॉलोनियों की समितियों आदि का भी सहयोग लिया जा रहा है। मिश्रा ने आगे बताया कि वर्तमान में रायपुर शहर में वायु गुणवत्ता के मापन के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में उपकरण लगाए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक जहां देश की राजधानी नई दिल्ली में वायु गुणवत्ता 345 है, वहीं रायपुर में वायु का स्तर 47 मापा गया है जो कि मानक स्तर के करीब है किंतु औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में वायु गुणवत्ता का स्तर 79 है, जिस पर सुधार की दिशा में भी पहल की जाएगी। यद्यपि इस परिस्थिति में रायपुर में वायु गुणवत्ता संतोषप्रद है किन्तु मानकों के उच्चतम स्तर के अनुरूप यह गुणवत्ता बनाए रखने आम नागरिकों की भागीदारी ली जा रही है। शहर के भीतरी क्षेत्रों के सापेक्ष सिलतरा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में वायु गुणवत्ता के स्तर में गिरावट दर्ज की गई है, इसे देखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में संचालित संयंत्रों की निगरानी शुरू कर दी गई है और शीघ्र ही इस क्षेत्र में स्थापित संयंत्रों के प्रबंधन को वायु गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने प्रबंधन को अवगत कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि वायु गुणवत्ता मापने हेतु 5 स्थलों पर मापन यंत्र स्थापित हैं, इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण विभाग के समीर एप्प के माध्यम से वायु गुणवत्ता की 24 घंटे जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण प्रदान करना सामूहिक जिम्मेदारी है, अतः उच्च मानक स्तर को बनाए रखने जिला प्रशासन, पर्यावरण संरक्षण विभाग व नगर निगम मिलकर कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ के 17 जिलों में ग्रामीण आबादी वाले रहवासियों को मिलेगा मालिकाना हक

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल उपस्थिति में 27 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में ग्रामीण रहवासियों को मालिकाना हक देने के साथ रिकॉर्ड ऑफ राइट्स प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी स्वामित्व योजना के तहत पूरे देश में 57 लाख से अधिक सम्पत्ति कार्ड का वितरण करेंगे। इनमें छत्तीसगढ़ के 17 जिलों के 50 हजार से अधिक सम्पत्ति मालिकों के भूमि संबंधी रिकार्डस शामिल हैं। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक के साथ ही रिकॉर्ड ऑफ राइट्स प्रदान करने के लिए जिलों में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 12:30 बजे से प्रारंभ होगा।

**इन जिलों में आयोजित होंगे कार्यक्रम** – मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धमतरी में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इसी प्रकार उपमुख्यमंत्री अरुण साव कोरबा, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग, कृषि मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर-रामानुजगंज, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल महासमुंद, वन मंत्री केदार कश्यप राजनांदगांव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, कबीरधाम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बलौदाबाजार-भाटापारा, वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी सरगुजा और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके अलावा 7 अन्य जिलों कोण्डागांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, बालोद, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती में भी स्वामित्व कार्डो का वितरण होगा।

**स्वामित्व योजना के हैं कई लाभ** – स्वामित्व योजना का उद्देश्य भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण के माध्यम से ग्रामीणों को संपत्ति का अधिकार प्रदान करना है। इस योजना में ड्रोन सर्वे और जीआईएस मानचित्रों की सहायता से भूमि रिकार्डस को सटीक बनाया जाएगा। भूमि संबंधी सर्टिफिकेट मिलने से भूमि संबंधी विवादों मे कमी आएगी। सम्पत्ति की खरीदी बिक्री और हस्तान्तरण आसान हो जाएगा। भूमि मालिकों को बैंक ऋण मिलने में आसानी होगी। इसके अलावा शासकीय और सार्वजनिक सम्पत्ति को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।

**योजना की शुरूआत 24 अप्रैल 2020 से** – स्वामित्व योजना की शुरूआत 24 अप्रैल 2020 को ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों में ग्रामीण रहवासियों को मालिकाना हक देने के लिए हुई थी। देश के अब तक 3.17 लाख गांव में ड्रोन सर्वे पूरा किया गया है एवं 1.49 लाख गांव के लिए 2.19 करोड़ सम्पत्ति कार्ड तैयार किए गए है।

# सिक्ख गुरुओं की शहादत पर समर्पित वीर बाल दिवस के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन ने बांटी जरूरतमंदों को कंबल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



आजादी के योगदान में सिख गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, इसी कड़ी में उनके शहादत पर रायपुर में 21 से 27 तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता है। इस अवसर पर राजधानी में छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटी गई। इसी अवसर पर लोगों को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुए पौधे भी वितरण किया। छत्तीसगढ़ सिख संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला ने बताया कि सिख समाज हमेशा ही सेवा भाव के रूप से लोगों को सहयोग करते आ रहे हैं, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र छाबड़ा परविंदर भाटिया विनोद तिवारी, दलजीत चावला हरपाल भामरा, लवली अरोरा राजेंद्र अरोड़ा साथी महिला वीक प्रदेश अध्यक्ष श्वेता अरोरा सिम्मी चावला करण अरोड़ा रूमी सलूजा, रूबी गांधी, खुशबू अरोरा संजय सोनी सहित अन्य सामाजिक सेवक मौजूद रहे।

# आरडीए की संपति विक्रय हुई ऑनलाईन

**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे ही खरीदी जा सकेगी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने प्राधिकरण की ऑनलाईन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि प्राधिकरण की यह एक अच्छी पहल है इसका फायदा आम लोगों को मिलेगा । इससे संपत्ति के व्ययन प्रकिया में पारदर्शिता आएगी। इस कार्यक्रम में आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार भी उपस्थित थे। संपत्ति ऑन लाईन विक्रय सॉफ्टवेयर के बारे में रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि ऑन लाईन प्रक्रिया के माध्यम से रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध संपत्ति खरीदने के इच्छुक भारतीय नागरिक वेबसाइट के माध्यम से योजनावार, कैटेगरी (प्लॉट, फ्लैट आदि विभिन्न प्रयोजन) में उपलब्ध संपत्ति की खोज कर ऑनलाईन ही राशि का भुगतान कर क्रय कर सकेंगे । उन्होंने बताया कि इससे नागरिक प्रापर्टी ब्रोकर और एजेन्टो के धोखें और परेशानियो से बच सकेगें। ऑनलाईन प्रक्रिया से संपत्ति विक्रय की प्रीमीयम राशि, जलकर और अन्य भुगतान किया जा सकेगा।

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू वर्मा ने प्रथम, बीएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम वर्ष की छात्रा भूमिका साहू ने द्वितीय और बीएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रथम वर्ष की छात्रा पारुल जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि दसवें सिक्ख गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत से हमें सत्य और धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को असत्य के सामने कभी भी न झुकने का संदेश दिया। डॉ. नृपेंद्र शर्मा ने अपने वक्तव्य में वीरता और साहस के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यदि आप वीर और साहसी बनेंगे तो न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे, बल्कि दूसरों की सहायता भी कर पाएंगे। मनोबल बनाए रखना और किसी भी कठिनाई का सामना करना ही सच्ची वीरता है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी बलवंत खन्ना ने कहा कि किसी कार्य में पारंगत होना जितना जरूरी है, उससे ज्यादा बिगड़ी स्थिति को सुधारना है। यानी जीवन में कमियों को दूर करने का कौशल बहुत जरूरी है।

# आदिम जाति कल्याण मंत्री नेताम करेंगे विभागीय काम-काज की समीक्षा

**रायपुर।** आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम मंत्रालय स्थित एनआईसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सबेरे 11:30 बजे से अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा लेंगे। मंत्रालय महानदी भवन स्थित आदिम जाति विकास विभाग द्वारा इस आशय का पत्र सभी जिला परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास प्रयोजना तथा सहायक आयुक्तों को जारी कर अपडेट जानकारी के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है। मंत्री नेताम ने बैठक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, प्रयास आवसीय विद्यालय, आश्रम-छात्रावासों का संचालन, आदिवासी संस्कृति का परिरक्षण, पण्डो एवं भुंजिया विकास अभिकरण, विभागीय बजट, अद्योसंरचना विकास कार्यों सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

# सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती के कार्यों को प्राथमिकता दें : आयुक्त

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए. आयुक्त ने सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती से सम्बंधित कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सभी प्रगतिरत विकास कार्यों में समयसीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी के अनुरूप बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को पुख्ता तौर पर करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

# आयुक्त कुलदीप शर्मा ने किसानों को केसीसी कार्ड वितरित किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह राज्य स्तरीय सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत नवीन गठित बहुउद्देश्यीय मतस्य एवं दुग्ध समितियों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस दौरान सहकारिता विभाग के आयुक्त सह पंजीयक सहकारी संस्थाए कुलदीप शर्मा ने किसानों को रुपे केसीसी कार्ड वितरित किया। साथ ही इस क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं दुग्ध समितियों को नवीन एटीम कार्ड का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के संयुक्त आयुक्त डी पी टावरी, उपायुक्त एन के चंद्रवंशी, तथा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास उपस्थित थी।

# छत्तीसगढ़ में बनेगा फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइसेस हब : स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में रायपुर के सिविल लाइन सर्किट हाउस में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदेश के 100 औषधि नियामकों की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा देश के 30 लाख करोड़ के मेडिकल व्यापार का आधार आप सब हैं। उन्होंने औषधि निरीक्षको के कार्यो के संबंध में कहा कि आप लोगों के द्वारा दवा एवं मेडिकल डिवाइसेस की गुणवत्ता का निर्धारण सुनिश्चित किया जाता है और आपके कार्यो पर विश्वास कर पूरा देश मेडिकल प्रोडक्ट्स का उपयोग कर रहा हैं। इस परिस्थितियों में आपको अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उस विश्वास को बनाये रखना है। जायसवाल ने प्रशिक्षण की उपयोगिता तथा प्रशिक्षण के बाद उसके संवेदनशील क्रियान्वयन के महत्व को लेकर विस्तार से बात की। जायसवाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यशाला छत्तीसगढ़ को फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइस हब के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभायेगी। इस मौके पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं औषधि विभाग के नियंत्रक चंदन कुमार ने कहा कि औषधि एवं मेडिकल डिवाइसेस के व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने भारत के संबंध में बात करते हुए कहा कि पूरे विश्व में ऐसा कोई देश नहीं है जहां पर भारतीय दवा अथवा मेडिकल डिवाइसेस की आपूर्ति नहीं की जाती। चंदन कुमार ने खाद्य नियंत्रको और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भूमिका के बारे में बात करते हुए कहा कि आपके अच्छे कार्यों की वजह से ही लोगों को सुविधा मिल पाती है और उन्हें बेहतर मेडिकल संसाधन उपलब्ध हो पाते हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के राज्य नियंत्रण प्राधिकारी बंसत कुमार कौशिक ने कार्यशाला में होने वाले प्रशिक्षण के विषय में प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं विस्तृत तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण कार्यशाला का आरंभ बिहार राज्य के औषधि नियंत्रण अधिकारी डॉ. अमल कुमार के व्याख्यान से प्रारंभ हुआ जिसमें उनके द्वारा विस्तृत जानकारी के साथ ही अपने अनुभव को कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों के साथ साझा किया गया। कार्यशाला में हरियाणा के प्रबंधक-क्वालिटी एवं रेगुलेटरी एक्सपर्ट डॉ. श्रीकांत नामा द्वारा मेडिकल डिवाईस रूल्स 2017 के विषय में आवश्यक एवं महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में बताया गया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403